खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शनिवार 22 नवम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 311 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 30 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 12°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper



**न्याय नागरिक की सुरक्षा, स्वावलंबन का आधार बनेः योगी** पेज 2



**पीटी उषा फिक्की लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित** खेल टाइम्स



**बांधों को हटाने में वृद्धि के परिणाम** सम्पादकीय



**बांग्लादेश में 5.7 तीव्रता का भूकंप, छह की मौत, 200 घायल** पेज 12

# दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर, एक्यूआई 506 पर पहुंचा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ दिल्ली सरकार ने सभी स्कूलों में स्पोर्ट्स इवेंट्स पर रोक लगाई, ■ एमपी के 12 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। गुरुवार को दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 506 रहा, जो खतरनाक श्रेणी में आता है। दुनियाभर में वायु प्रदूषण को मापने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्था 'एक्यूआई एयर' की लाइव रैंकिंग में दिल्ली दुनिया का सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर दर्ज किया गया।

दिल्ली सरकार ने बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते नवम्बर-दिसम्बर में सभी स्कूलों में स्पोर्ट्स इवेंट्स पर रोक लगा दी है। इससे पहले 18 अक्टूबर को दिल्ली- एनसीआर में प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली के स्कूलों में स्पोर्ट्स फंक्शन न हों। इधर मध्य प्रदेश में बीते 15 दिन से कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। पिछले 24 घंटे में भोपाल, इंदौर समेत 12 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। राजगढ़ में तापमान सबसे कम 7.5 डिग्री दर्ज किया गया। जबलपुर में घना कोहरा छाया रहा। इंदौर, भोपाल, राजगढ़, शाजापुर और सीहोर में शुक्रवार को शीतलहर का अलर्ट है। उत्तराखंड के बद्रीनाथ में तापमान माइनस 6 डिग्री सेल्सियस से नीचे है। मैदानी इलाकों में सुबह के समय कोहरा छा रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार राज्य में अगले कुछ दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा। फिर बर्फबारी का अनुमान है। पहाड़ी राज्यों में हो रही बर्फबारी ने मध्य प्रदेश में सर्दी बढ़ा दी है। जबलपुर के भेड़ाघाट में घना कोहरा छाया रहा। उत्तर भारत से चल रही सर्द हवाओं का प्रभाव राजस्थान में अब थोड़ा कम हो रहा है। इसके चलते सीकर, चूरू, झुंझुनूं, माउंट आबू समेत कई शहरों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। हिल स्टेशन माउंट आबू में गुरुवार को तापमान जमाव बिंदु से ऊपर दर्ज हुआ। हिमाचल प्रदेश में नवम्बर माह में अब तक सामान्य से 89 प्रतिशत कम बारिश हुई है।



## तेजस लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट की मौत

**नई दिल्ली।** दुबई में प्रतिष्ठित एयर शो के दौरान शुक्रवार को भारतीय वायु सेना का स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस दुर्घटनाग्रस्त हो गया और दुर्भाग्य से इसमें पायलट की मौत हो गई। भारतीय वायुसेना के प्रवक्ता ने यहां बताया कि दुबई एयर शो के दौरान वायुसेना का एक तेजस विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में विमान के पायलट की मौत हो गई। वायुसेना को पायलट की मृत्यु पर खेद है और वह दुख की इस घड़ी में पूरी तरह शोक संतप्त परिवार के साथ है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का गठन किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकार ने चार श्रम संहिताओं को प्रभावी बनाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने श्रम कानूनों को सरल और कारगर बनाने के उद्देश्य से चार श्रम संहिताओं को प्रभावी बनाने का फैसला किया, ताकि श्रमिकों के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित हो सके। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने चार श्रम संहिताएं - वेतन संहिता, 2019, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा संहिता, 2020, 21 नवम्बर-2025 से प्रभावी हो गई। इसके प्रभावी होने से 29 मौजूदा श्रम कानूनों में बदलाव होगा, जिससे श्रमिकों के कल्याण को बढ़ावा मिलेगा। मंत्रालय ने कहा कि भारत के कई श्रम कानून स्वतंत्रता-पूर्व और स्वतंत्रता के तुरंत बाद के हैं जबकि उस समय अर्थव्यवस्था और कार्य की दुनिया मौलिक रूप से अलग थी।

### राहुल गांधी के खिलाफ दायर याचिका पर हुई सुनवाई

**वाराणसी।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ भगवान श्रीराम को लेकर की गई टिप्पणी के मामले में दायर पुनरीक्षण याचिका पर शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) यजुवेंद्र विक्रम सिंह की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 18 दिसम्बर की तिथि निर्धारित की है। याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता हरिशंकर पांडेय ने बताया कि यह याचिका पहले जिला जज ने विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) की अदालत में स्थानांतरित कर दी थी। सोमवार को अदालत द्वारा राहुल गांधी के दिल्ली स्थित पते पर सम्मन जारी किया जा सकता है।

### राष्ट्रीय हज सम्मेलन मुंबई में आज

**नई दिल्ली।** अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने शनिवार को मुंबई में राष्ट्रीय हज सम्मेलन का आयोजन किया है, जिसमें हज-2026 की तैयारियों की व्यापक समीक्षा की जाएगी मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रीय हज सम्मेलन की अध्यक्षता मंत्रालय के सचिव डा. चंद्रशेखर कुमार करेंगे और इसमें सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की हज समितियों के कार्यकारी अधिकारी शामिल होंगे। भारत हर साल एक लाख 75 हजार से जयादा हज यात्रियों को भेजता है और सरकार सभी भारतीय हज यात्रियों के लिए सुरक्षित, सुचारू और सम्मानजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### बिहार महिला कांग्रेस अध्यक्ष शरवत जहां फातिमा ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद बिहार महिला कांग्रेस अध्यक्ष शरवत जहां फातिमा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। टिकट वितरण में महिलाओं को कांग्रेस पार्टी में केवल आठ प्रतिशत भागीदारी मिलने से नाराज सुश्री फातिमा ने अपना इस्तीफा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजा है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि राजनीति करने के कई पैमाने हैं लेकिन अपने 25 वर्ष के राजनीतिक सफर में, मैंने केवल नैतिकता और निडरता को अपना पैमाना बनाया है।

## दिल्ली ब्लास्ट की जांच में सुरक्षा एजेंसियों का बड़ा खुलासा

# हमास जैसे हमलों की साजिश रच रहा था जैश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट की जांच में सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ा खुलासा किया है। सूत्रों के मुताबिक, जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी मॉड्यूल कश्मीर के अस्पतालों को हथियारों का ठिकाना बनाने की कोशिश कर रहा था। यह तरीका हमास की रणनीति से मिलता-जुलता है, जो नागरिक इलाकों और अस्पतालों को हथियारों के ठिकाने के रूप में इस्तेमाल करता है।

ऐसा माना जा रहा है कि इस नेटवर्क को तोड़ने के लिए शुक्रवार को भी गांदरबल और कुपवाड़ा जिलों के कई सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों और मेडिकल स्टाफ के लॉकर्स की तलाशी ली गई। यह तलाशी अभियान बुधवार से ही जारी है। आतंकी 1990 में अस्पतालों का हथियारों के ठिकाने के रूप में इस्तेमाल करते थे। जिसके बाद आर्मी और पुलिस ने इसे पूरा क्लीन किया था। अब फिर अस्पतालों को ठिकाना बनाया जा रहा था। जांच एजेंसियां अब यह पता लगा रही हैं कि इस मॉड्यूल ने कितने अस्पतालों को ठिकाना बनाने की कोशिश की और हथियारों की सप्लाई चेन कहां तक फैली हुई थी। दिल्ली ब्लास्ट के बाद से ही एनआईए और स्थानीय पुलिस इस पूरे नेटवर्क को तोड़ने में लगी है। जांच एजेंसी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि डा. मुजम्मिल, डा. शाहीन सईद और ब्लास्ट में मारा जा चुका आतंकी डा. उमर नबी टेरर मॉड्यूल की अहम कड़ी थे। सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान से जैश के हैंडलर हंजुल्ला ने दिल्ली धमाके के आरोपी डा. मुजम्मिल शकील गनई को बम बनाने के 40 वीडियो भेजे थे। दोनों को जम्मू के शोपियां का रहने वाले मौलवी इरफान अहमद ने मिलवाया था। इसके बाद व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल तैयार किया था और कई डाक्टर्स को इससे जोड़ा गया। दिल्ली धमाका भी इसी मॉड्यूल का हिस्सा था। जांच में यह भी सामने आया है कि हंजुल्ला जैश हैंडलर का कोर्ड नेम हो सकता है। 18 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर के नौगाम में लगे जैश पोस्टरों में भी कमांडर हंजुल्ला भैया का नाम था। इसी से जांच एजेंसियों को शक हुआ। एनआई ने फरीदाबाद के धौज गांव में रह रहे एक टैक्सी ड्राइवर के घर से आटा चक्की और कुछ इलेक्ट्रॉनिक मशीनें बरामद कीं। इसमें मेटल पिघलाने की मशीन भी है। जांच एजेंसी को जुड़े सूत्रों ने बताया कि इसी आटा चक्की में डा. मुजम्मिल यूरिया पीसता था, फिर मशीन से उसे रिफाइन करता था।



**गांदरबल और कुपवाड़ा जिलों के सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों और मेडिकल स्टाफ के लॉकर्स की तलाशी ली गई**

**कश्मीरी अस्पतालों में हथियारों का ठिकाना बनाने की तैयारी थी, पाकिस्तान से भेजे गए बम बनाने के 40 वीडियो**

## आतंकी डाक्टर के ठिकाने से बरामद हुए चौंकाने वाले सबूत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लालकिले के पास हुए कार धमाके की जांच कर रही एजेंसियों को अब बड़ा ब्रेकथ्रू हासिल हुआ है। हरियाणा के फरीदाबाद में मुजम्मिल शकील गनी के ठिकाने से ऐसे सुराग मिले हैं, जो बताते हैं कि यहां एक संगठित व्हाइट-कॉलर टेरर मॉड्यूल लंबे समय से सक्रिय था।

इस मॉड्यूल में सामान्य घरों में इस्तेमाल होने वाली मशीनों को विस्फोटक तैयार करने के लिए बदला जा रहा था। सूत्रों के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर के पुलवामा का रहने वाला मुजम्मिल शकील गनी फरीदाबाद में रहने के दौरान एक आटा चक्की को केमिकल वर्कशॉप की तरह चला रहा था। वह दिल्ली ब्लास्ट केस में सह-आरोपी भी है। पुलिस ने यह चक्की और उससे जुड़ा इलेक्ट्रिकल सेटअप एक टैक्सी ड्राइवर के घर से बरामद किया, जहां मुजम्मिल किराये पर रहता था। आमतौर पर चक्की का इस्तेमाल अनाज पीसने के लिए होता है, लेकिन इसमें लगे स्टील रोलर और ब्लेड किसी भी सॉलिड मटेरियल को महीन पाउडर में बदल सकते हैं। जांच में सामने आया कि मुजम्मिल इसी मशीन से यूरिया -शेष पृष्ठ दो पर



# 2020 के दिल्ली दंगों में टेरर फंडिंग हुई थी: दिल्ली पुलिस

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सुप्रीम कोर्ट में कहा: दंगे से पहले कई मीटिंग हुई, पूर्वोत्तर राज्यों को भारत से अलग करने की थी साजिश**

**कोर्ट बोला- दिल्ली पुलिस दस्तावेज और रिकॉर्ड पेश करे, अब मामले की सुनवाई सोमवार को होगी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि 2020 के दिल्ली दंगे अचानक नहीं भड़के थे, बल्कि इन्हें पहले से पूरी योजना बनाकर कराया गया था। पुलिस की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने दावा किया कि दंगों के लिए टेरर फंडिंग की गई और प्रदर्शन को जानबूझकर हिंसक मोड़ दिया गया।

एएसजी राजू के मुताबिक, ताहिर हुसैन, शिफा-उर-रहमान, मीरन हैदर, इशरत जहां और खालिद सैफी ने दंगों के लिए बड़ी रकम जुटाई। दंगे से पहले कई मीटिंग की गई। इनमें हिंसा बढ़ाने, चक्का जाम करने और जरूरी सेवाएं रोकने की योजना बनाई गई थी। पुलिस ने यह भी दावा किया कि बैठकों में पूर्वोत्तर राज्यों को भारत से अलग करने की भी साजिश रची गई थी। सुनवाई जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच कर रही थी। कोर्ट में एक वीडियो भी दिखाया गया जिसमें भीड़ हाथों में डंडे लेकर चलते दिखाई दे रही है। सुप्रीम कोर्ट ने अब अगली सुनवाई सोमवार दोपहर बाद के लिए तय की है। दिल्ली पुलिस ने कहा किचक्का जाम का मकसद सिर्फ सड़क रोकना नहीं था, बल्कि जरूरी सेवाएं रोककर दिल्ली को ठप करना था। 13 और 15 दिसम्बर 2019 की घटनाओं में 45 पुलिसकर्मी, 100 से ज्यादा नागरिक घायल हुए और कई बसें और सरकारी संपत्तियां जलाई गईं। ताहिर हुसैन, शिफा-उर-रहमान, इशरत जहां, खालिद सैफी और मीरन हैदर ने दंगों के लिए कुल करोड़ों की फंडिंग की। ताहिर हुसैन ने 1.30 करोड़ रुपये, शिफा-उर--शेष पृष्ठ दो पर

## एक-एक घुसपैठिए को चुन- चुन कर बाहर निकालेंगे: शाह

**भुज।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को गुजरात के भुज में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 61वें स्थापना दिवस (रेजिंग डे) समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे। यहां बीएसएफ के जवानों को संबोधित करते हुए शाह ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए उनके योगदान की तारीफ की। साथ ही नागरिकों को 12 राज्यों में मतदाता सूची में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भी संदेश दिया।

# एसआईआर के खिलाफ याचिका, ईसी जवाब तलब

■ सुप्रीम कोर्ट में केरल सरकार ने प्रक्रिया रोकने की मांग की, तमिलनाडु और बंगाल भी अर्जी लगा चुके

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर के खिलाफ दायर केरल सरकार की याचिका पर चुनाव आयोग (ईसी) से जवाब मांगा है। केरल और अन्य की याचिकाओं में केरल में एसआईआर कराने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी गई है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की सुनवाई 26 नवम्बर तय की है।

केरल में दिसम्बर के दूसरे सप्ताह में स्थानीय निकाय चुनाव होने वाले हैं। इसलिए राज्य सरकार ने वोटर लिस्ट के एसआईआर को स्थगित करने की मांग वाली याचिका दायर की थी। याचिका में केरल सरकार ने कहा था कि कर्मचारियों की कमी के कारण चुनाव के साथ एसआईआर करवाने से दिक्कतें बढ़ रही हैं। जब संवैधानिक चुनाव चल रहे हों, तो बेकार में जल्दबाजी करके सत्यापन की गुणवत्ता को कम करना, मताधिकार के लोकतांत्रिक अधिकार के खिलाफ है। दरअसल केरल में लोकल बॉडी इलेक्शन 21 दिसम्बर तक पूरे किए जाने हैं। राज्य सरकार का कहना है कि इस लेवल पर एसआईआर को पूरा करने की कोई जरूरत नहीं, खासकर तब जब विधानसभा चुनाव मई 2026 तक होने हैं।

## गुजरात में बीएलओ ने किया सुसाइड, एक की हार्ट अटैक से मौत

**अहमदाबाद।** गिर सोमनाथ जिले के कोडिनार तालुका के छारा गांव में कार्यरत शिक्षक और बीएलओ अरविंद मूलजी वढेर ने आत्महत्या कर ली है। उन्होंने अपने पैतृक गांव देवली में तनाव और काम के दबाव के कारण यह कदम उठाया। अरविंद ने मरने से पहले अपनी पत्नी के नाम सुसाइड नोट लिखा, जिसमें उसने बताया है कि काम के दबाव से थक गया है। वहीं, खेड़ा जिले में बीएलओ के तौर पर काम कर रहे एक स्कूल टीचर की हार्टअटैक से मौत हो गई। परिवार ने मौत का कारण वोटर रोल के चल रहे एसआईआर से जुड़े बहुत ज्यादा काम का दबाव बताया है। बीएलओ रमेशभाई परमार के भाई नरेंद्र परमार ने बताया कि सोते समय उनकी हार्ट अटैक से मौत हो गई।

# मेक्सिको की फातिमा बोश बनीं मिस यूनिवर्स

**बेवकूफ कहे जाने पर सेरेमनी छोड़ी थी, भारत की मणिका विश्वकर्मा टॉप-30 तक ही पहुंच सकीं**

**नई दिल्ली।** मेक्सिको की फातिमा बोश फर्नांडीज ने मिस यूनिवर्स 2025 का खिताब हासिल कर लिया है। फातिमा बोश 25 साल की हैं। भारत की तरफ से गईं मणिका विश्वकर्मा टॉप-30 में पहुंचीं, लेकिन टॉप-12 में जगह नहीं बना सकीं।

4 राउंड के बाद टॉप-5 में थाइलैंड की प्रवीनार सिंह, फिलीपींस की आतिसा मनालो, वेनेजुएला की स्टेफनी अबसाली, मेक्सिको की फातिमा बोश फर्नांडीज और आइवरी कोस्ट की ओलिविया यासे ने जगह बनाई थी। इसके बाद मेक्सिको की फातिमा बोश को विनर घोषित किया गया। फातिमा बोश को मिस यूनिवर्स 2024 विक्टोरिया थेलविंग ने क्राउन पहनाया। मिस यूनिवर्स 2025 में थाइलैंड की कंटेस्टेंट प्रवीनार सिंह ने दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि वेनेजुएला की स्टेफनी अबसाली तीसरे नंबर पर रहीं। फिलीपींस की आतिसा मनालो चौथे और आइवरी कोस्ट की ओलिविया यासे पांचवें स्थान पर रहीं। मिस यूनिवर्स की फर्स्ट रनर-अप थाइलैंड की प्रवीनार सिंह बनीं। वे भारतीय मूल की हैं। सेकेंड रनर-अप वेनेजुएला की स्टेफनी अबसाली रहीं। बचपन में डिस्लेक्सिया की वजह से स्कूल में बुली होती थीं। एक इंटरव्यू में फातिमा बोश फर्नांडीज ने बताया कि उनका बचपन बहुत मुश्किल में गुजरा। वह बचपन में डिस्लेक्सिया और एडीएचडी से जूझ रही थीं, जिसकी वजह से उन्हें पढ़ने-लिखने में परेशानी होती थी। उन्हें पढ़ाई के लिए स्पेशल अटेंशन की जरूरत थी, लेकिन उन्हें स्कूल में बुलिंग का सामना करना पड़ा। टॉप-5 कंटेस्टेंट्स के बीच क्वेश्चन-आंसर राउंड हुआ। इसमें मेक्सिको की फातिमा बोश से पूछा गया कि आपके नजरिए से साल 2025 में एक महिला होने की क्या चुनौतियां हैं और दुनियाभर की महिलाओं के लिए एक सुरक्षित स्थान बनाने के लिए आप मिस यूनिवर्स के खिताब का उपयोग कैसे करेंगी? जवाब में फातिमा बोश ने कहा एक महिला और मिस यूनिवर्स के रूप में, मैं अपनी आवाज और अपनी शक्ति को दूसरों की सेवा में लगाऊंगी।



## संक्षिप्त समाचार

### नोटिसों पर आसान सत्यापन के लिए होगा क्यूआर कोड

**नई दिल्ली।** गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) द्वारा जारी नोटिसों पर अब क्यूआर कोड का प्रावधान किया गया है, जिसके माध्यम से आसानी से इनका सत्यापन किया जा सकेगा। कंपनीज एक्ट 2013 के तहत गठित एसएफआईओ इस कानून की धारा 212 के तहत सौंपे गए गंभीर और बड़े कॉर्पोरेट धोखाधड़ी की जांच करता है और उन पर केस चलाता है। जांच के दौरान नियमों के मुताबिक समन/नोटिस भी जारी किया जाता है। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि एसएफआईओ ने समन/नोटिस के गलत इस्तेमाल या नकल को रोकने के लिए प्रौद्योगिकी और प्रक्रिया के स्तर पर सुरक्षात्मक उपाय किए हैं। एसएफआईओ द्वारा जारी किए गए समन/नोटिस डिजिटली जेनरेट होते हैं और उनमें एक क्यूआर कोड और एक विशिष्ट दस्तावेज पहचान संख्या (डीआईएन) होता है।

### पंचायत व विस चुनावों के लिए रालोद की तैयारियां तेज

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल आगामी पंचायत चुनावों और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए पूरे प्रदेश में अपने संगठन को मजबूत करने और जनाधार को विस्तारित करने के व्यापक अभियान में जुट गया है। पार्टी का लक्ष्य उप्र के हर जिले, तहसील और ग्राम पंचायत तक अपनी सक्रिय राजनीतिक उपस्थिति सुनिश्चित करना है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने शुक्रवार को बताया कि रालोद अब पश्चिमी उप्र तक सीमित पार्टी नहीं रह गई, बल्कि पूरे प्रदेश में संगठनात्मक गतिविधियों का तेजी से विस्तार कर रही है।

# आदिवासियों के साथ भाजपा कर रही अन्याय: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर आदिवासियों के साथ व्यवस्थित तरीके से न्याय नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि आदिवासी युवाओं के नौकरी के अवसर खत्म कर उन्हें सोच समझकर अयोग्य घोषित करार दिया जा रहा है।

आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष डा. विक्रांत भूरिया ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार जानबूझकर आदिवासी युवाओं के साथ अन्याय कर रही है। उन्होंने मध्य प्रदेश सिविल जज परीक्षा 2022 के ताजा परिणाम का हवाला दिया और कहा कि इस परीक्षा में किसी भी आदिवासी बच्चे को सफल घोषित नहीं किया गया है। इस परीक्षा के परिणाम वापस लेने की मांग करते हुए उन्होंने मप्र सिविल जज परीक्षा 2022 की जांच करने की भी मांग की।



■ आदिवासी युवाओं के नौकरी के अवसर खत्म कर अयोग्य घोषित करार दिया जा रहा: डा. भूरिया

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आदिवासियों के हक मार रही है और जानबूझकर उनकी युवा पीढ़ी को नकारा नकारा घोषित कर उनके लिए सरकारी नौकरी के अवसर खत्म किए जा रहे हैं। डा. भूरिया ने कहा कि सिविल जज परीक्षा में आदिवासियों के लिए 121 सीट आरक्षित थीं लेकिन किसी भी आदिवासी युवक को इसके योग्य नहीं समझा गया। कोई आदिवासी युवक सिविल जज की नौकरी आरक्षण होने के बावजूद नहीं पा सका। उनका कहना था कि मध्य प्रदेश में करीब दो करोड़ आदिवासी हैं, लेकिन सिविल जज परीक्षा का परिणाम दिखाता है कि भाजपा और उसके सिस्टम को इस परीक्षा में एक भी काबिल आदिवासी युवा नहीं मिला। साल 2021 से अब तक एक भी आदिवासी का चयन नहीं हुआ है। नियम यह है कि कई साल तक खाली सीटों को सामान्य श्रेणी में ले लिया जाता है। उन्होंने इसे आरक्षण को खत्म करने का एक व्यवस्थित तरीका करार दिया और कहा कि इस तरह आदिवासी युवकों के लिए सरकारी नौकरी के अवसर पूरी तरह से खत्म हो जाएंगे।

### एसआईआईआईआर प्रक्रिया शुरू करने को बताया जल्दबाजी

मतदाता सूची सघन पुनरीक्षण एसआईआर की प्रक्रिया शुरू करने को उन्होंने जल्दबाजी बताया और कहा कि इससे आदिवासियों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। उनका कहना था कि ज्यादातर राज्यों में आदिवासी पलायन कर रहे हैं। हालात ये हैं कि 70 फीसद से ज्यादा गांव खाली हो गए हैं, क्योंकि सरकार आदिवासियों को रोजगार नहीं दे पा रही है। एसआईआर की प्रक्रिया जानबूझकर ऐसे समय में की गई, जब आदिवासी घरों में नहीं हैं। ये आदिवासियों को व्यवस्थित तरीके से मतदान के अधिकार से बाहर करने की साजिश है। कांग्रेस नेता ने मध्य प्रदेश के सिगरौली को छावनी में तब्दील करने का सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा की बड़े-बड़े कॉर्पोरेट घरानों के फायदे के लिए वहां लगातार पेड़ों को काटा जा रहा है। हजारों आदिवासियों को नोटिस भेजे जा रहे हैं और लोगों को जिला बदर किया जा रहा है। यह पेसा कानून और वन अधिकार एक्ट का खुला उल्लंघन है। इस तरह से भाजपा सरकार ने देश देश के आदिवासियों के लिए भारी संकट खड़ा कर दिया है। भाजपा के राज में आदिवासियों को तबाह किया जा रहा है।

# मिशेल बैचलेट को इंदिरा गांधी पुरस्कार देना भारत का अपमान

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि कश्मीर और अनुच्छेद 370 पर भारत की संप्रभुता पर सवाल उठाने वाली और देश विरोधी बयान देने वाली चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिचेल बैचेलेट को इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार प्रदान करना भारत विरोधी तथा देश का अपमान है।

पार्टी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शुक्रवार को यहां भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश विरोधी बयान देने वाली चिली की पूर्व राष्ट्रपति को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की मौजूदगी में इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास



पुरस्कार प्रदान किया जाना अत्यंत निदनीय है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसकी रग रग में भारत विरोधी खून बह रहा है। भाटिया ने कहा कि कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि कांग्रेस का डीएनए मुस्लिम-माओवादी हो गया है। इसमें अराजकता के प्रतीक माओवादी हैं और ये कानून की आधारशिला और हमारी संप्रभुता को नष्ट करने का कार्या करते हैं।

# न्याय नागरिक की सुरक्षा, स्वावलंबन का आधार बने: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि न्याय न केवल समता का, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा, स्वावलंबन और उनके उन्नत भविष्य का आधार बनना चाहिए।

योगी ने लखनऊ में आयोजित विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 26वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेते हुए कहा कि यह सम्मेलन भारतीय संस्कृति के अनुरूप 'वसुधैव कुटुम्बकम' के भाव को फिर से पूरी दुनिया में मूर्त रूप से प्रस्तुत करने में सफल होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत हजारों वर्षों से दुनिया को एक परिवार मानता रहा है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि दुनिया की वास्तविक समस्या एक-दूसरे के साथ संवाद को बाधित करना है। यह सम्मेलन एक-दूसरे के साथ संवाद का साधन है। कुछ समय पहले



संयुक्त राष्ट्र ने दुनिया के सामने 16 लक्ष्य रखे थे। उसमें शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में इस बात का ध्यान रखना होगा कि बच्चे बस्ते के बोझ से बोझिल न हों। दुनिया में जहां अशांति और अराजकता है, जहां वर्चस्व को लेकर एक-दूसरे की संप्रभुता को हड़पने की होड़ हो, वहां पर शिक्षा, विकास, स्वास्थ्य की बात अपने आप में एक बेमानी सी दिखती है। उन्होंने कहा कि इसके लेकर हम सभी को यह सोचना चाहिए कि किस स्तर तक की व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता है। हम भी उसमें सहभागी बन सकते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया।

## वाराणसी के दालमंडी इलाके में जारी कार्रवाई को बनाया मुद्दा

# दुकान दे दोगे, पर ग्राहक कैसे दोगे: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वाराणसी के दालमंडी इलाके में चौड़ीकरण के नाम पर चल रही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को भाजपा का 'पोलिटिकल डिमोलेशन' करार दिया है। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि जब लोग तैयार ही नहीं हैं, तो उनकी दुकानें कैसे छीन सकते हैं, दुकान दे दोगे, मगर ग्राहक कैसे दोगे, दालमंडी एक दिन में नहीं बनी। एक दुकान जमाने में जमाना लग जाता है।

अखिलेश ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि भाजपा की नीतियों ने प्रदेश में ऐसा माहौल बना दिया है कि लोग खुलकर कारोबार तक नहीं कर



■ चौड़ीकरण के नाम पर चल रही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को भाजपा का पोलिटिकल डिमोलेशन करार दिया

पा रहे। इनकी नीति है कि लोगों को इतना डरा दो कि वो अपनी बात न कह सकें। क्या कोई सरकार ऐसा करती है- हर किसी को अपनी बात कहने का अधिकार है। उन्होंने वाराणसी के ऐतिहासिक बाजार दालमंडी में प्रस्तावित चौड़ीकरण को 'संकीर्ण सोच' और 'राजनीतिक साजिश' करार दिया। उन्होंने कहा कि दालमंडी सिर्फ मार्केट नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और विरासत मूल्य वाली जगह है, जहां पीढ़ियों से व्यापार चल रहा है। सपा नेता ने कहा कि भाजपा जिस योजना पर काम कर रही है वह हेरिटेज संरक्षण नहीं बल्कि राजनीतिक बदले की भावना का नतीजा है। भाजपा वहां से लगातार हारती आई है, इसलिए यह कार्रवाई हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार अधिकारियों के जरिए कारोबारियों पर दबाव बना रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि महराजगंज में जिस तरह से डिमॉलिशन हुआ, समय आने पर उसकी वसूली अधिकारियों से कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी दालमंडी के व्यापारियों के साथ खड़ी है और भाजपा का 'चौड़ीकरण' वास्तव में 'संकीर्ण राजनीति' है। उन्होंने कहा कि भाजपा दालमंडी वालों को दाल की तरह दले नहीं। ये सरकार जाने वाली है। मेरठ के व्यापारियों को भी भाजपा ने ध्वस्तीकरण का 'रिटर्न गिफ्ट' दिया था। भाजपा सरकार अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल कर रही है और जिस तरह से लखनऊ में मॉल को बेचा गया था, उसी तरह दालमंडी के भविष्य से भी खिलवाड़ किया जा रहा है।

### मुलायम सिंह की जयंती पर जरुरतमंदों को कम्बल बांटे गए

**प्रयागराज।** उप्र के पूर्व मुंख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की 86वीं जयंती पर शनिवार को यहां जरुरत मंदो को कम्बल बांटे गए और उनको श्रद्धांजलि दी गई। सपा नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख संदीप यादव ने फाफामऊ के शांतिपुरम मे 1001 जरूरतमंदों को कम्बल वितरित कर अपने नेता के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की और आगामी 2027 मे प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए आशीर्वाद मांगा। संदीप यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेता, धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव ने डा. लोहिया, डा. अम्बेडकर के विचारों पर चलकर हमेशा आम आदमी की तरक्की और खुशहाली के लिए काम किया तथा वर्तमान में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उनके अधूरे सपनों को पूरा करते हुए प्रदेश एवं देश की खुशहाली के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

---

**सेंसेक्स** 84673.02
**निफ्टी** 25910.05

**सोना रु.** 123810
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार


**चांदी रु.** 162000
प्रति किलो

# वैश्विक दबाव में 400 अंक टूटा सेंसेक्स

**मुंबई, वार्ता**

विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के कारण शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 400.76 अंक (0.47 प्रतिशत) लुढ़ककर 85,231.92 अंक पर आ गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 124 अंक यानी 0.47 फीसदी उतरकर 26,068.15 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले, गुरुवार को दोनों सूचकांक बढ़त में रहे थे। चौतरफा बिकवाली के बीच एनएसई में एफएमसीजी को छोड़कर सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में रहे। धातु समूह का सूचकांक सबसे अधिक दो फीसदी से ज्यादा टूटा। रियलिटी, बैंकिंग और वित्तीय सेवा समूहों में भी एक प्रतिशत के अधिक की गिरावट रही। रुपये में रही भारी गिरावट और वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में



बिकवाली का असर घरेलू शेयर बाजारों पर देखा गया। भारतीय मुद्रा आज पहली बार 89 रुपये प्रति डॉलर के पार लुढ़की है। वैश्विक स्तर पर एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 2.45 प्रतिशत, जापान का निक्केई 2.40 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 2.38 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.40 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.72 फीसदी नीचे था। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा बिकवाली की। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.99 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.13 प्रतिशत गिर गया। एनएसई में जिन 3,175 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ, उनमें 2,305 के शेयर लुढ़क गए, जबकि 784 हरे निशान में बंद हुए। वहीं 86 अन्य कंपनियों के सूचकांकों में तेजी देखी गई। सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयर लाल निशान में और अन्य 13 के हरे निशान में बंद हुए। टाटा स्टील में सबसे अधिक 2.58 फीसदी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 2.25 और बजाज फिनसर्व में 2.10 प्रतिशत की गिरावट रही। बीईएल और इटरनल दोनों के शेयर 1.61 फीसदी और एचडीएफसी बैंक का 1.06 फीसदी टूटा। आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, अडानी पोर्ट्स, ट्रेंट और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। मारुति सुजुकी में सबसे अधिक 1.17 प्रतिशत की तेजी रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 0.80 फीसदी, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 0.69, आईटीसी का 0.57, एशियन पेंट्स का 0.55 और इंफोसिस का 0.51 प्रतिशत मजबूत हुआ।

## विदेशी मुद्रा भंडार 5.543 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में 5.33 अरब डॉलर की जबरदस्त वृद्धि के दम पर देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में 5.543 अरब डॉलर बढ़कर 692.576 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले 7 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में इसमें लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट रही थी, जब यह 2.699 अरब डॉलर घटा था। रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि 14 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 5.327 अरब डॉलर बढ़कर 106.857 अरब डॉलर के दूसरे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। आरबीआई समेत दुनिया के सभी केंद्रीय बैंक मौजूदा भू-राजनैतिक परिस्थितियों के मद्देनजर अपना स्वर्ण भंडार बढ़ा रहे हैं। आलोच्य सप्ताह के दौरान, विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 15.2 करोड़ डॉलर की वृद्धि हुई और यह 562.29 अरब डॉलर रहा। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में डॉलर के साथ जापानी एन, यूरो और ब्रितानी पाउंड शामिल हैं। इनकी संदर्भ दर के आधार पर डॉलर में इनका मूल्य तय किया जाता है। सप्ताह के दौरान अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 80 लाख डॉलर बढ़कर 4.779 अरब डॉलर पर और विशेष आहरण अधिकार 5.6 करोड़ डॉलर की वृद्धि के साथ 18.650 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## रुपया पहली बार 89 रुपये प्रति डॉलर के पार लुढ़का

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में शुक्रवार को बीच कारोबार में रुपये में भारी गिरावट देखी गई और यह बीच कारोबार में पहली बार 89 रुपये प्रति डॉलर के पार लुढ़क गया। खबर लिखे जाते समय भारतीय मुद्रा 81.50 पैसे टूटकर 89.50 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक कमजोर हो चुकी थी। ये आंकड़े अनंतिम हैं। पिछले कारोबारी दिवस पर रुपया 88.6850 रुपये प्रति डॉलर रहा था। आज यह एक पैसे की बढ़त के साथ खुला और शुरुआती कारोबार में 89.50 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। हालांकि दोपहर बाद यह काफी तेजी से अचानक 89 रुपये प्रति डॉलर के पार लुढ़क गया। रुपये की गिरावट में शेयर बाजार की बिकवाली और दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर की तेजी का भी योगदान रहा।

## इजरायल के साथ एफटीए का रास्ता खुला

**नई दिल्ली।** भारत और इजरायल के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर जल्द ही वार्ता शुरू होगी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और इजरायल के उद्योग एवं आर्थिक मामलों के मंत्री नीर बरकत के बीच हुई एक बैठक में एफटीए पर बातचीत की दिशा तय करने के लिए दोनों मंत्रियों ने गुरुवार को एक टर्म ऑफ रिफ्रेंस (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए। इजरायल की आधिकारिक यात्रा पर गए श्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि अंतिम मुक्त व्यापार समझौते तक पहुंचने के लिए बातचीत को आसान बनाने की दिशा में टीओआर पहला जरूरी कदम है। उन्होंने बताया कि देश की व्यापार, अर्थव्यवस्था और रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने और बढ़ाने के लिए एक संतुलित, विस्तृत और दोनों पक्षों के लिए लाभप्रद एफटीए की तलाश है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोटे तौर पर सरकार का मकसद द्विपक्षीय व्यापार में विविधता लाना और उसे बढ़ाना है।इसके साथ ही अलग-अलग सहयोग के नए अवसरों की पहचान करके भारत एक बड़ा बाजार बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत ने पिछले कुछ समय में कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में वार्ता तेज कर दी है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आतंकी डाक्टर...**

और अन्य केमिकल को पीसकर धमाका तैयार करने वाली सामग्री बना रहा था। बताया जा रहा है कि धमाके से ठीक एक दिन पहले, 9 नवम्बर को, जांच एजेंसियों ने फरीदाबाद के कमरे से 360 किलो अमोनियम नाइट्रेट और अन्य विस्फोटक सामग्री कब्जे में ली थी। इसके अलावा फरीदाबाद के धौज गांव और आसपास के ठिकानों से लगभग 3,000 किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया गया है। यह साफ संकेत देता है कि मॉड्यूल किसी बहुत बड़े ऑपरेशन की तैयारी में था। खुलासा यह भी हुआ कि विस्फोटक सामग्री का बड़ा हिस्सा एक मौलवी के गुप्त घर में छुपाया गया था, जहां मुजम्मिल ने सिर्फ 1,500 रुपये प्रति माह पर कमरा ले रखा था। एजेंसियों का मानना है कि यही ठिकाना पूरे नेटवर्क का केंद्रीय बिंदु था। मुजम्मिल शकील पेशे से डाक्टर था और फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी से संबद्ध था। जांच एजेंसियों को यहां से उसके कट्टर नेटवर्क और भर्तियों की कहानी जुड़ती नजर आई। जानकारी के अनुसार, उसने कोविड-19 महामारी के बाद यहां जाइन किया था। इसी दौरान डा. उमर उन नबी नाम का एक और इंटर्न भी उसके साथ जुड़ा और वही बाद में प20 कार में विस्फोट करने वाला सुसाइड बॉम्बर बना। एजेंसियां मान रही हैं कि लालकिला कार ब्लास्ट कोई फौरी घटना नहीं, बल्कि कम से कम दो साल की तैयारी का नतीजा था। आटा चक्की से बम तैयार करना, सस्ते किराये के कमरे में हजारों किलो केमिकल स्टाक करना और यूनिवर्सिटी कैंपस से नेटवर्क तैयार करना, ये सभी एक सुविचारित प्लानिंग के संकेत हैं। सुरक्षा एजेंसियां इसे व्हाइट-कॉलर टेरर की एक खतरनाक नई शक्ल मान रही हैं, जहां डाक्टर जैसे उच्च-शिक्षित प्रोफेशनल अपने पेशेवर ज्ञान का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों में कर रहे हैं।

**2020 के...**

रहमान ने 8.90 लाख रुपये और मीरन हैदर ने 2.86 लाख रुपये खर्च किए, साथ ही 4.82 लाख जुटाए। कई प्रदर्शनकारी शुरू से ही शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना चाहते थे, लेकिन पुलिस के अनुसार मुख्य समूह के लोग हिंसा पर अड़े हुए थे। यह बात व्हाट्सएप चैट्स में भी साफ दिखाई देती है, जहां कुछ लोग शांति की बात कर रहे थे, लेकिन नेतृत्व करने वाले लोग लगातार हिंसक विरोध की मांग करते रहे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अब मामले की सुनवाई सोमवार दोपहर बाद होगी। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई में सबसे पहले प्रोटेक्टेड गवाहों की गवाही सुनी जाएगी। जजों ने कहा कि पुलिस जिन दस्तावेजों और चैट्स का हवाला दे रही है, उन्हें पहले रिकॉर्ड पर रखा जाए, ताकि कोर्ट उन्हें देखकर आगे सुनवाई आगे बढ़ा सके। बेंच ने कहा कि जमानत पर कोई फैसला लेने से पहले सभी आरोपियों की भूमिका, पुलिस की दलीलें और पेश किए गए दस्तावेजों को विस्तार से देखा जाएगा। कोर्ट ने 20,000 पेज की चार्जशीट और नए दाखिल दस्तावेजों पर भी स्पष्टता मांगी है।

# खादी महात्मा गांधी के स्वावलंबन के विचार से जुड़ी है: राकेश सचान

**लखनऊ।** उप्र के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग तथा हथकरघा मंत्री राकेश सचान ने कहा है कि खादी महात्मा गांधी के स्वावलंबन के विचार से जुड़ी है और आज प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में खादी पुन: राष्ट्रीय पहचान की शान बन रही है।

प्रदेश के सभी 18 मंडलों में खादी प्रदर्शनियों का आयोजन कर ग्रामीण उत्पादों को बड़ा बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। सचान ने शुक्रवार को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गोमतीनगर में शुक्रवार को 10 दिवसीय खादी महोत्सव-2025 का भव्य शुभारंभ किया। उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलन एवं फीता काटकर आयोजन की

■ खादी पुन: राष्ट्रीय पहचान की शान बन रही

शुरुआत की। महोत्सव में प्रदेशभर से आए 160 से अधिक उद्यमियों द्वारा खादी एवं ग्रामोद्योग से निर्मित उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वर्तमान में 3,90,000 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 21 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2025 में 66,640 युवाओं को टूलकिट देकर स्वरोजगार से जोड़ा गया है। दोना-मेकिंग मशीन, पॉपकॉर्न मशीन, हनी बॉक्स और विद्युत चालित चाक जैसे उपकरण ग्रामीण महिलाओं एवं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर ने कहा कि आधुनिक डिजाइन, फैशन शो और निफ्ट जैसी संस्थाओं की सहभागिता से खादी युवाओं की पसंद बन रही है। अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से खादी उत्पादों को राष्ट्रीय व वैश्विक बाजारों तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे कारीगरों की आय में वृद्धि हो रही है। कार्यक्रम में चयनित उद्यमियों व लाभार्थियों को पुरस्कृत किया गया। राज्य स्तरीय उत्कृष्ट इकाइयों के रूप में मेरठ के दीपक कुमार को प्रथम पुरस्कार (40,000), गोण्डा की ममता को द्वितीय पुरस्कार (30,000) तथा हाथरस के संजय सिंह को तृतीय पुरस्कार (20,000) प्रदान किए गए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ट्रैक्टर से कुचलकर बाइक सवार की मौत

## भोकरहेड़ी- लकसर मार्ग पर सोलानी नदी पुल के पास हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** भोकरहेड़ी-लकसर मार्ग पर शुक्रवार की सुबह ट्रेक्टर ने बाईक मे टककर मार दी जिसमे बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची डायल 112 सहायता पुलिस द्वारा घायल को भोपा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंचाया गया।गंभीर हालत मे घायल को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रेक्टर को कब्जे मे ले लिया जबकि चालक मौके से फरार हो गया।



भोपा थाना क्षेत्र के भोकरहेड़ी लकसर मार्ग पर सोलानी नदी पुल के पास तीव्र मोड़ पर मजलिसपुर तौफीर की ओर से आ रहे ट्रैक्टर ने बाईक मे टककर मार दी। जिसमे बाईक सवार 19 वर्षीय बिटू पुत्र सुगनचंद निवासी गांव माडाबेला थाना खानपुर जनपद हरिद्वार घायल हो गया। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस द्वारा घायल को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया गया जहां से उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया जिला चिकित्सालय पर बिट्टू को घोषित कर दिया गया। प्राप्त जानक. ारी के अनुसार बिट्टू अपने दोस्त संदीप को मोरना छोड़कर वापस अपने गांव लौट रहा था। मृतक के परिवार मे माता शकुंतला व भाई नीटू हैं। दो बहनो की शादी हो चुकी है।

शुक्रताल चौकी इंचार्ज विवेक चौधरी ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तथा ट्रैक्टर को कब्जे लिया गया है वहीं चालक मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश जारी है।

# पति से प्रताड़ित महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास

## पुलिस कार्यालय पहुंची महिला की कोशिश को हैड कांस्टेबिल ने किया नाकाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसएसपी कार्यालय पहुंची एक महिला ने अपनी ऊपर अचानक मिट्टी का तेल छिडक लिया जिससे यहां तैनात पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। इससे पहले महिला कुछ और कदम उठाती यहां मौजूद महिला हैड कांस्टेबिल संदेश वत्स ने तेल छिडकने वाली महिला को जकडकर पकड लिया और उसके पास किसी को फटकने तक नहीं दिया जिससे महिला की को. शिश नाकाम हो गई।

पुलिस कार्यालय में शुक्रवार को एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत और एसपी देहात आदित्य बंसल अपने-अपने कार्यालयों में जन शिकायते सुन रहे थे इसी बीच कुछ लोगों के साथ एसपी ऑफिस में दाखिल हुई एक महिला ने अपने साथ लाइ गई बोतल से अपने शरीर पर मिट्टी का तेल छिडक लिया। कोई समझ भी नहीं पाया कि महिला का इरादा क्या है, लेकिन यहां तैनात महिला हैड कांस्टेबिल संदेश वत्स ने उसके इरादे को भापकर तेल छिडकने वाली महिला को पकड लिया और उसे आगे नहीं बडने दिया। इसी बीच यहां अन्य पुलिसकर्मी भी आ गए और उसे अपने घेरे में ले लिया। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत और एसपी देहात आदित्य बंसल भी मौके पर पहुंचे और उन्होने महिला हैड कांस्टेबिल के साथ पीड़ित महिला को अस्पताल भिजवाया और उसका उपचार कराया। महिला की पहचान थाना भोपा क्षेत्र के करहेड़ी मोहल्ला कलालान निवासी सोनी उर्फ ईरम (28 वर्ष) पत्नी आजाद उर्फ सब्बू के रूप में हुई है। उसने पुलिस को दी



गई तहरीर में बताया कि उसका पति आजाद उर्फ सब्बू आए दिन शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता है और मायके से पैसे लाने का दबाव बनाता है। ईरम के अनुसार, उसका भाई आदिल पहले भी कई बार पति को पैसे दे चुका है, लेकिन पति का व्यवहार नहीं सुधरा।

# बोले अनस के पिता-टेंशन में लगाई आग

■ आत्मदाह में झूलसे पीड़ित युवक के पिता ने दिया बयान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** अपने शरीर पर पैट्रोल डालने के बाद खुद आग लगाकर गंभीर रूप से झुलसे नवयुवक ने बीते कल नई दिल्ली के एक अस्पताल में जिंदगी व मौत के बीच झूलने के दौरान जो ब्यान कुछ युवकों के सामने बुढ़ाना पुलिस के खिलाफ दिया था उस बयान का खंडन आज शुक्रवार की अल सुबह उसके पिता ने यह कहकर कर दिया कि उसके पुत्र ने किसी टेंशन में आकर खुद ही आग लगाई थी। इस मामले में किसी भी पुलिसकर्मी का कोई भी दोष नहीं है। बस अब मेरा बेटा ठीक हो जाए।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव हुसैनपुर कलां का निवासी लगभग 21 वर्षीय अनस मलिक पुत्र मुर. सलीन ने बीते 19 नवम्बर को अपने ऊपर पैट्रोल डालकर आग लगा ली थी। गंभीर हालत में उसको नई दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां उसने उपचार के चलते हुए एक ऐसा बयान दिया था जिसके सोशल मीडिया में वारयल होते ही बुढ़ाना पुलिस में जबरदस्त हड़कंप मच गया था। पुलिस भी दिल्ली हस्पताल की और रुख कर गयी थी। उसने कहा था कि उसने अपने शरीर में आग इसलिए लगाई है कि बुढ़ाना पुलिस ने उसको काफी दिनों से प्रात ाड़ित कर रखा था। वह रिश्वत के तौर पर उनको 50 हजार रूपये दे भी चुका था, लेकिन वे साढ़े चार लाख रुपये की और मांग कर रहे थे। पुलिस ने उसकी फटों से भी जमकर पिटाई की थी और हाफ एनकाऊंटर का भी डर दिखाया था।



इसी के चलते उसने ऐसा खौफनाक कदम उठाया है। युवक के इस बयान ने पुलिस महकमे को शर्मसार कर दिया। इस मामले को गंभीर मानते हुए एसएसपी संजय कुमार वर्मा अपने फर्ज से नहीं डिगे। उन्होंने तुरंत इस मामले की जांच एसपी देहात आदित्य बंसल को कुछ ही घंटों बाद सौंप दी थी। अभी एसपी देहात बुढ़ाना आकर इस मामले की जांच कर ही रहे थे कि आज शुक्रवार की सुबह इस मामले में एक नया मोड़ आ गया जब आत्महत्या करने के दौरान आग में गंभीर रुप से झुलसे युवक अनस के बयान को उसके पिता मुरसलीन ने एक सिरे से झूठा करार दे दिया और कहा कि इसमें किसी भी पुलिसकर्मी या किसी भी अन्य व्यक्ति का किसी भी तरह का कोई भी दोष नही है। उसके पुत्र अनस ने किसी टेंशन में आकर आग लगाई है।

उसके पुत्र को किसी ने बरगलाकर पुलिस के खिलाफ झूठा बयान दिलवाया था। उसके पुत्र के संबंध में जो भी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है उस वीडियो का में खंडन करता हूं। बस मेरा बेटा ठीक होकर घर आ जाए इसके लिए सबसे दुआ की दरख्वास्त है।

पिता द्वारा अपने पुत्र के विपरीत दिए गये बयान को लेकर भी तरह तरह की चर्चाएं हैं।

# पौत्र-दादा-मां की बात सही है या फिर पिता की

**बुढ़ाना।** जहां झुलसे युवक के पिता ने वायरल वीडियो का खंडन किया वहीं खंडन करने वाले मुरसलीन के पिता नूर मौहम्मद व झुलसे युवक की मां ने एक लोकल चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि अनस को बुढाना के 3 पुलिसकर्मियों ने बीते 1 नवम्बर को करीब शाम 4 बजे उसकी दुकान लुहसाना रोड बुढ़ाना से उठाया था तथा बुरी तरह मारपीट कर अधमरा कर दिया था। पुलिस ने पैर में गोली मारने का डर दिखाकर 50 हजार रुपये लेकर छोड़ा। उस दिन से अनस को पुलिस लगातार धमकी दे रही थी। पांच लाख रुपये की मांग कर पैर में गोली मारने की धमकी दे रहे थे। जिसमें अनस काफी डरा हुआ था। पुलिस उसे मानसिक रुप से परेशान कर रही थी। जिससे तंग होकर अनस ने 19 नवम्बर को खुद आग लगा ली। अनस की मां ने भी पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

# किसान मजदूर संगठन का धरना समाप्त

■ एडीएम से मिला किसान हित का आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल क्षेत्र के गांव दूधली में चकबंदी विभाग की कथित अनियमितताओं और किसानों पर हो रहे उत्पीड़न के विरोध में चल रहा किसान मजदूर संगठन का धरना शुक्रवार को पां. चवें दिन प्रशासन की सकारात्मक पहल के भरोसे स्थगित कर दिया गया और उम्मीद जताई कि समस्याओं का समाधान जल्द होगा। समाप्त हो गया।

एडीएम प्रशासन के आश्वासन के बाद किसान नेता ठाकुर पूरण सिंह ने धरना समाप्त किया। संगठन



के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह ने किसानों की समस्याओं को विस्तार से मौके पर मौजूद एडीएम संजय सिंह के सामने रखा ठाकुर पूरन सिंह ने कहा कि चकबंदी विभाग के पक्षपातपूर्ण निर्णयों और गड़बड़ी के कारण किसान मानसिक और आर्थिक संकट में हैं, जिसे किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

एडीएम संजय सिंह ने किसानों को आश्वासन दिया कि सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और चकबंदी से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए अधिकारियों की टीम जल्द ही गांव का स्थल निरीक्षण करेगी। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

# महिला कांस्टेबिल ने पति पर लगाया दूसरी शादी का आरोप

## वायरल वीडियो में सुना रही पीड़ा, अधिकारियों से मांगा इंसाफ

■ शामली पहुंचकर गोपनीय रूप से शुरू की थी पति की निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस व अन्य विभाग के कई ऐसे मामले सामने आ चुके है जिनमें महिला पुलिसकर्मी या अन्य विभाग के कर्मचारी अपने पति पर दूसरे शादी करने का आरोप लगाती दिख रही है तो वहीं कुछ विभिन्न विभाग में कार्यरत लोग अपनी पत्नी पर तरह-तरह के आरोप लगाते देखे जा सकते है ऐसा भी नहीं है कि सभी एक जैसे हो इस तरह के कुछ ही मामले सामने आते है।

गुरूवार को भी एक ऐसा ही मामला सामने आया है जिसका वीडियो भी वायरल हो रही है उक्त वायरल वीडियों में एक महिला कांस्टेबिल अपने पति पर दूसरी शादी का आरोप लगाती हुई न्याय की गुहार लगा रही है। वायरल वीडियो में महिला कांस्टेबिल कह रही है कि वह मुल रूप से बुलदंशहर की रहने वाली है वह मुजफ्फरनगर के एक थाने में तैनात है। महिला ने अपनी जानकारी देते हुए बताया कि उसका पति भी यूपी पुलिस में तैनात है और हाल में उसकी ड्यूटी जनपद शामली में चल रही है। महिला कांस्टेबिल का आरोप है कि उसे जानकारी मिली थी कि उसके पति ने दूसरा विवाह कर लिया है और वह काका नगर में रह रहा है।

महिला कांस्टेबिल गोपनीय तरीके से शामली पहुंची और गुपचुप तरीके से अपने सिपाही पति की जांच शुरू की। महिला कांस्टेबिल का कहना है कि जब वह अपने पति के मौहल्ले में पहुंची तो उसको मिली जानकारी सही पाई गई जहां उसका पति दूसरी महिला के साथ रह रहा है और उक्त महिला हाल में प्रेग्नेंट भी है। महिला कांस्टेबिल ने यह भी आरोप लगाया कि किसी बात को लेकर उनके बीच अनबन थी, लेकिन ऐसा कोई विवाद नहीं था जिससे उसका पति दूसरा विवाह कर सके। सच्चाई क्या है यह तो सिपाही पति जाने, लेकिन महिला कांस्टेबिल अपनी पीडा एक कैमरे के सामने सुना रही है। पीडिता का कहना है कि उसके एक साढ़े छह वर्ष का एक बेटा भी है और अब वह पुलिस अधिकारियों से न्याय की गुहार लगा रही है। अब इस मामले में आगे क्या होता है और महिला कांस्टेबिल को क्या इंसाफ मिलेगा और यह भी देखना है कि पुलिस अधिकारी इस मामले में क्या संज्ञान लेते है यह आने वाला समय बताएगा फिलहाल महिला कांस्टेबिल अपनी पीडा सुनाकर इंसाफ मांग रही है।

# मुठभेड़ में दस हजार के इनामी को किया लंगड़ा

**मुजफ्फरनगर।** कोतवाली पुलिस ने रोहाना क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान गौ तस्कर चांद को लंगड़ा किया। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि दस हजार का इनामी चांद एक साल से फरार चल रहा था। रोहाना क्षेत्र में शहर कोतवाली पुलिस और गौ तस्कर के बीच मुठभेड हो गई थी। चांद ने पुलिस टीम पर गोली चलाई तो पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ फायरिंग की जिसमें गोली लगने से चांद घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। नई मंडी पुलिस भी फरार चांद की तलाश में लगी थी इस मामले का मुकदमा नई मंडी में दर्ज था जहां से वह वांछित चल रहा था। उन्होने बताया कि उत्तराखंड और हरियाणा में भी आरोपी सक्रिय था।

# दुल्हन का आपत्तिजनक वीडियो हुआ वायरल

**बुढ़ाना।** बारात ले जाने की तैयारी कर रहे एक दुल्हे के अरमानों पर उस समय पानी फिर गया जब दुल्हन के आशिक ने दुल्हे के मोबाइल फोन पर मेहंदी रचाए बैठी दुल्हन के पुराने आपत्तिजनक वीडियो फोटो भेज दिए। यह देख दुल्हे ने माथे पर सजा सेहरा नोंचकर फैंक दिया और बारात में जाने वाले लोगों को अपने ही आवास पर दावत की घोषणा करके रोक लिया और दूसरी जगह शाम को बारात लेकर चला गया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के एक मौहल्ले से आज जिला बागपत के एक गांव में एक युवक की बारात जानी थी। बारात ले जाने की सभी तैयारियां पूर्ण हो गयी थी और दुल्हा दुल्हन को लेने के लिए कार में भी बैठ गया था। तब उसके मोबाइल पर उसकी दुल्हन की आपत्तिजनक वीडियो एक एक करके आई तो उसके पैरों तले की धरती खिसक गयी। उसने सभी बारातियों को अपने घर पर रोककर उनकी खातिर तवज्जोह की और आज देर रात शामली जनपद के एक गांव में बारात लेकर चला गया। उसके परिजनों ने फोन पर ही दुल्हे बने अपने लड़के का रिश्ता कबूल कर लिया था। उधर दुल्हन बनी युवती की बारात ना आने पर उसको भी एक युवक ने अपनाते हुए बारात ले जाकर निकाह कर लिया। यह मामला आज कस्बे में चर्चा का विषय बना रहा और काफी लोग इसको लेकर चटखारे लेते रहे। चारों ही स्थानों की इस घटना ने ये साबित कर दिया कि वाकई जोड़ियां आसमानों से ही बनकर आती है।

# एसआईआर में बीएलओ का सहयोग करें राजनीतिक दल

■ डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक में मांगा सहयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को पारदर्शी व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में नामावली सुधार, गणना प्रपत्रों के सटीक संकलन और बीएलओ के कार्यों में दलों की सहभागिता से जुड़े बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई। जिला पंचायत सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण कार्यों, गतिविधियों की तैयारी तथा संभावित समंजन के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों को अवगत कराया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं के गणना प्रपत्र भरे जा रहे हैं। यह प्रक्रिया मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी बुढ़ाना न्यायिक सहायक निर्वाचन अधिकारी



कृष्ण कान्त, सहित भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, सीपीआई (एम), बहुजन समाज पार्टी सहित अन्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# मानस परिवार ने मूकबधिर बच्चों को बाटी खुशियां

■ आशादीप संस्थान में बांटे खाद्य पदार्थ के पैकेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सामाजिक संगठन मानस परिवार के सदस्यों ने शुक्रवार को जानसठ रोड स्थित आशादीप मूकबधिर एवं मंदबुद्धि संस्थान में पहुंचकर विशेष बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी।

कार्यक्रम में सचिव आर.के. गोयल, कार्यकारिणी सदस्य रामवीर सिंह, पूर्व राज्य मंत्री महेश बंसल की पत्नी डोली बंसल के साथ सदस्यों ने बच्चों को खाद्य सामग्री के पैकेट सहित दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं का वितरण करते हुए कहा कि मानस समाज



के विशेष बच्चों की देखभाल और खुशियों में सहभागी बनना ही उनका असली उद्देश्य है। संस्थान प्रबंधन ने मानस परिवार के इस सराहनीय कदम की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री महेश बंसल, अरविंद गुप्ता, राजेश शर्मा, शिवकुमार गोयल, अमित सैनी, श्रीपाल पुंडीर, सुधीर गर्ग, अनिल गर्ग व शशि गुप्ता सहित सुरेंद्र नगर के लोगों का सहयोग रहा।

# नाबार्ड ने ग्रामीणों को किया जागरूक

■ ग्रामीण अर्थ व्यवस्था की भूमिका पर प्रकाश डाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में।सहकारिता में सहकार कार्यक्रम के तहत गैर-ऋण सहकारिता समितियों के सशक्तिकरण के उद्देश्य से हुसैनपुर कलां व मोइनुद्दीनपुर में शिविर आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन डीडीएम नाबार्ड निलय वत्स ने किया, जिन्होंने सहकारिता आंदोलन के महत्व और गैर-ऋण समितियों की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भूमिका पर प्रकाश डाला। क्रिसिल फाउंडेशन की कैपेसिटी बिल्डिंग आूफिसर शीजा खानम ने गैर-ऋण सहकारिता समितियों के लिए क्षमता निर्माण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सदस्यों को वित्तीय साक्षरता बेहतर प्रबंधन प्रथाओं और टिकाऊ व्यवसाय मूाडल अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में बुढ़ाना फील्ड कोआूर्डिनेटर हेमलता व खतौली फील्ड कार्डिनेटर समरीन ने जमीनी स्तर पर सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए व्यावहारिक सुझाव और मार्गदर्शन प्रदान किया। शिविर में विभिन्न गैर-ऋण सहकारिता समितियों के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह कार्यक्रम सहकारिता के सिद्धांतों को मजबूत करने और ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। इस तरह के शिविर अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर सहकारिता आंदोलन को बढ़ावा देना है।

# किराएदार व नौकरों के सत्यापन के लिए एसपी सिटी ने संभाली कमान

## एएसपी व नगर कोतवाल ने घर-घर जाकर मकान मालिक व व्यापारियों से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने जनपद में घर-घर जाकर सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की है। इस दौरान अधिनस्थों के साथ एसपी सिटी ने मकान मालिक और व्यापारियों को सीधा संवाद कर जागरूक किया। इस दौरान पूरे जनपद में जहां शहर से लेकर गांव तक किरायेदार और नौकरों के सत्यापन की कार्यवाही की गई है। सत्यापन महत्ता को समझाने के लिए पुलिस अधिकारियों ने स्वयं लोगों से मिलकर उन्हे समय से सत्यापन कराने के लिए समझाया है। अधिकारियों का मानना है कि संगीन घटना रोकने और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए तथा अपराधियों की रोकथाम के लिए पुलिस ने किरायेदारों और नौकरों को सत्यापन शुरू किया है। यह अभियान गुरूवार से शुरू किया गया।

पुलिस अधीक्षक नगर सत्यानारायण प्रजापत स्वयं अधीनस्थों के साथ कोतवाली क्षेत्र में घर-घर जाकर किरायेदार और घरेलू तथा व्यवसायिक नौकरों का सत्यापन करा रहे है। इस दौरान मकान मालिक और व्यापारियों को यह भी संदेश दिया कि समय पर सत्यापन न कराना सुरक्षा के लिहाज से गंभीर परिणाम हो सकता है। एसपी सिटी ने बताया कि सत्यापन प्रक्रिया पूरी तरह सरल और नि:शुल्क है और कोई भी लोग इसे नजर अदांज न करे। इस दौरान नगर व आसपास के गांव गलियारों में घुमकर अधिकारियों ने किरायदारों और नौकरों के संबंध में जानकारियां ली और उनके दस्तावेजों का सत्यापन किया।

उन्होने नगरवासियों को समझाया कि किसी भी व्यक्ति को किराये पर मकान देने और किसी भी कार्य के लिए नौकर रखने से पहले उनकी पहचान और उनके दस्तावेज का पुलिस से सत्यापन कराए।

उन्होने कहा कि इस तरह से कानून व्यवस्था मजबूत होगी और मकान मालिक की सुरक्षा भी रहेगी। अभियान में एएसपी सीओ सिटी सिद्धार्थ के. मिश्रा, शहर कोतवाली बबलू सिंह अन्य पुलिसकर्मी मौजूद



रहे। और उन्होने नगर के मौहल्लों और बाजारों में जाकर लोगो से मुलाकात की। और उन्हे प्रक्रिया के संबंध में बताया।

# रतनपुरी के जंगल में मिले गोवंश के कटे अवशेष से रोष

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के एक जंगल में गुरुवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया जब दो अलग-अलग स्थानों पर गाय के कटे हुए सिर, पैर और अन्य अवशेष पड़े हुए मिले। घटनास्थल की तस्वीर सामने आते ही ग्रामीणों और हिंदू संगठनों में भारी रोष फैल गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए।

सूचना मिलते ही रतनपुरी पुलिस टीम, इंस्पेक्टर राकेश कुमार के नेतृत्व में मौके पर पहुँची। आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कर पुलिस ने तुरंत पशु चिकित्सक डॉ. श्याम सिंह(बुढ़ाना) को बुलाया। डॉक्टर की जांच में अवशेष गोवंश के ही पाए जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से जेसीबी मंगाकर सभी अवशेषों को वहीं पर गड्ढा खोदकर दफन कराया। मामला उस समय सामने आया जब गांव रियावली नंगला के किसान देर रात खेतों से लौट रहे थे। खेतों के पास उन्हें कुछ संदिग्ध अवशेष दिखाई दिए।

जांच करने पर पता चला कि अवशेष किसान ताहिर पुत्र गयासुद्दीन और हयात पुत्र शाहिद के खेतों में पड़े थे। दोनों स्थानों पर एक जैसी स्थिति मिलने से ग्रामीणों में गोकशी की आशंका और घनी हो गई, और देखते ही देखते पूरे गांव में खबर आग की तरह फैल गई।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस की लापरवाही के कारण क्षेत्र में गोकशी की घटनाएं बढ़ रही हैं और गोतस्कर बेखौफ होकर सक्रिय हैं। ग्रामीणों के साथ मिलकर पुलिस ने जंगल में देर रात तक कंबिंग अभियान चलाया, लेकिन गोतस्करों के बारे में कोई सुराग हासिल नहीं हुआ। पुलिस का शक है कि गोतस्करों ने अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल में पहले पशुओं को बांधा और बाद में गो. कशी कर मांस अपने साथ ले गए, जबकि सिर, पैर और अन्य अवशेष वहीं फेंककर फरार हो गए। अज्ञात गोतस्करों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

पशु चिकित्सक अवशेषों के सैंपल लैब जांच के लिए भेज चुके हैं। गांव में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है, और ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि मामले को अत्यंत गंभीरता से लिया गया है और गोतस्करों की तलाश के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं।

# आवारा पशुओं से हलकान हुए क्षेत्र के किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** सरकार आवारा गौवंश के संरक्षण तथा निराश्रित पशुओं के लिए आश्रय प्रदान करने के दावे कर रही है वहीं धरातल पर सच्चाई दावों के बिलकुल विपरीत नजर आती है। आवारा पशु खेतों में घुसकर खड़ी फसलें बर्बाद कर रहे हैं। सरसों,गेंहूँ व गन्ने सहित अन्य फसलों के नष्ट होने से किसान बेहाल हो गये।

मोरना ब्लॉक क्षेत्र के गांव शुक्रतारी, शुक्रताल, फिरोजपुर, भोकरहेड़ी आदि गांव के जंगल मे आवारा पशुओं का आतंक जारी है। अपनी फसलों को आवारा पशुओं से बचाने के लिए किसान रात मे पहरा दे रहे हैं वहीं दिनभर डंडा लिए किसान पशुओं के पीछे दौड़ रहे हैं।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के ब्लॉक् अध्यक्ष मेघेन्द्र बालियान, राजेश कुमार,सचिन कुमार,बदर अली,अमित कुमार, राजीव, हैदर अली,चन्द्रपाल, सुमित,मौ शफी,नितिन,जोगेन्द्र,अक्षय, वीरेन्द्र आदि ने बताया की दर्जनों गाय बछडो का झुण्ड जंगल मे घूम रहा है। आवारा पशु उनकी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

आवारा पशुओं से किसान की सुरक्षा को भी खतरा है। पशुओं का झुण्ड किसानो पर हमला कर रहा है आवारा पशु सरसों,और हाल ही मे उगाई गयी गेहूँ की फसलों को चरकर पूरी तरह बर्बाद कर देते हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है।

फसलों को बचाने के लिए किसानों को रातभर खेतों में जागकर पहरा देना पड़ रहा है, जिससे उनकी नींद और मेहनत दोनों बेकार जा रही हैं।आवारा पशु गांवों में घुसकर बंधे हुए पालतू जानवरों को चोट पहुंचा रहे हैं और उन्हें नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसान कई बार प्रशासन और अधिका. रियों से आवारा पशुओं को पकड़वाने की गुहार लगा चूके हैं किन्तु कोई समाधान नहीं हो रहा है।मजबूर होकर अब किसान आंदोलन को मजबूर होंगे।

## चेकिंग के दौरान अवैध तमंचे के साथ एक अभियुक्त दबोचा

**पुरकाजी।** स्थानिए पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक युवक को 315 बोर के तमंचे और कारत. ूस के साथ गिरफ्तार कर न्यायलय म पेश किया गया है

शुक्रवार को कोतवाल जयवीर सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक नवीन कुमार द्वारा हमराही फोर्स के साथ गश्त व चेकिंग के दौरान धमात पुल चौराहे से करीब 800 मीटर मंगलौर की ओर से अभियुक्त शुभभ पुत्र सहेंद्र निवासी ग्राम बाबूपुर नगली थाना देवबंद जिला सहारनपुर को गिरफ्तार कर तलाशी लेने पर युवक के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 एक खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया है। आरो. पित के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज अभियुक्त को न्यायलय में पेश किया गया है।

## पीआर पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने लिया एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण का समृद्ध अनुभव



**मुज़फ्फरनगर।** पचेंडा रोड स्थित पीआर पब्लिक स्कूल में कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने देहरादून स्थित फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीटड्यूट, रीजनल साइंस सेंटर, रोवर्स केव, डाट काली माता मंदिर एवं अन्य शैक्षणिक व ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन कर ज्ञानवर्धक अनुभव प्राप्त किया। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए सीख और मनोरंजन का एक अनूठा, प्रेरणादायी अवसर सिद्ध हुआ।

विद्यार्थियों ने फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीटड्यूट में प्राकृतिक संसाधनों, जंगलों के संरक्षण और जैव विविधता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। वहीं रीजनल साइंस इंस्टीटड्यूट एवं तारामंडल में जाकर उन्होंने सौर मंडल की संरचना, अंतरिक्ष विज्ञान, तथा वैज्ञानिक सिद्धांतों से संबंधित विषयों को रोचक तरीके से समझा। हिमालयन रेंज म्यूजियम में विद्यार्थियों ने हिमालय की विभिन्न पर्वतमालाओं, उनकी उत्पत्ति तथा भौगोलिक विशेषताओं के बारे में विस्तृत ज्ञान प्राप्त किया, जिससे उनका दृष्टिकोण और व्यापक हुआ।

स्कूल प्रधानाचार्य अनघ सिंघल ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण न केवल विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि करते हैं बल्कि उनमें विज्ञान, इतिहास, पर्यावरण एवं संस्कृति के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता भी विकसित करते हैं। यह भ्रमण विद्यार्थियों की जिज्ञासा, समझ और व्यवहा. रिक सीख को आगे बढ़ाने का उत्कृष्ट माध्यम साबित हुआ।

इस शैक्षिक भ्रमण में विद्यार्थियों को प्रवीण कुमार, अनुपम सैनी, विश्व बंधु शर्मा, आंचल गुप्ता, राखी पाल, प्रज्ञा सिंधी, शंकर शर्मा एवं प्रियंका चौधरी सहित सभी शिक्षकों द्वारा विस्तृत मार्गदर्शन और उपयोगी जानका. रियाँ उपलब्ध कराई गईं, जिसके लिए विद्यालय परिवार उनकी सराहना करता है।

## चार नलकुपों पर चोरी की घटना से किसानों में रोष

**मोरना।** क्षेत्र के गांव बरूकी मे जंगली चोरों द्वारा चार नलकुपों पर चोरी की घटना से हड़कंप मच गया पीड़ित किसानों ने तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव बरूकी निवासी किसान जगपाल ने बताया की शुक्रवार की सुबह वह अपने नलकूप पर गये तो टयूबवैल की दीवार को टूटा देखा। चोरो ने दीवार को तोड़कर केबिल, स्टार्टर, कटाउट आदि सामान को चुरा लिया। इसके अलावा चोरो ने किसान जौगीन्द्र, बीर सिंह व किसान कृष्ण की टड्यूबवैल मे चोरी की घटना को अंजाम दिया है।हाल ही मे जंगली चोरो ने क्षेत्र की दर्जनों टड्यूबवैल पर चोरी की घटना को अंजाम दिया हुआ है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओ को लेकर किसानो मे रोष पनप रहा है। पीड़ित किसानो ने पुलिस से अज्ञात चोरो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## मतदाता ने सऊदी से डीएम मुजफ्फरनगर को किया ट्वीट, एसआईआर फार्म वितरण में लापरवाही का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर केलावड़ा गांव में उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब गांव के मूल निवासी और वर्तमान में सऊदी अरब में नौकरी कर रहे आरिफ पुत्र इकबाल ने सीधे मुजफ्फरनगर के जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा को ट्वीट कर बीएलओ पर गंभीर आरोप लगाए।

आरिफ ने अपनी शिकायत में कहा कि गांव में तैनात बीएलओ न तो एसआईआर फार्म की रिसीविंग दे रही है और न ही घरख्रघर फार्म पहुंचाए जा रहे हैं। ट्वीट सामने आते ही प्रशासन हरकत में आ गया। सूचना मिलते ही खतौली के तहस. ीलदार अरविंद कुमार एसडीएम के निर्देश पर तत्काल गांव पहुँचे और संबंधित पक्षों से बातचीत की। तहसीलदार ने मौके पर ही आरिफ के परिवार को एसआईआर फार्म की रिसीविंग उपलब्ध करवाई और लोगों की शिकायतें सुनकर स्थिति को शांत किया।

स्थानीय ग्रामीणों ने भी बीएलओ की लापरवाही को लेकर नाराज़गी व्यक्त की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि एसआईआर अभियान के सभी कार्य निर्धारित नियमों के अनुसार समय पर पूरे किए जाएंगे तथा किसी भी मतदाता को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई किए जाने से ग्रामीणों में राहत का माहौल देखने को मिला। इस घटना के बाद दोनों पक्षों में समझौता करा दिया गया था, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

# मंत्र, मूर्ती, माला कभी क्षीण नहीं होते: शंकराचार्य



**मोरना।** शुकतीर्थ स्थित प्रसिद्ध दण्डी आश्रम में ब्रह्मलीन स्वामी गुरु देवेशवराश्रम महाराज के चतुर्थ निर्वाण महोत्सव पर आयोजित श्रीमद भागवत कथा सप्ताह के समापन अवसर साधु संतो द्वारा बृहमलीन स्वामी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया गया साथ ही उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए भानु पीठाधीश्वर शंकराचार्य ज्ञानानंद तीर्थ महाराज ने कहा प्रकृति का नियम है कोई वस्तु क्षीण होती है,ओर कोई बढ़ती है। किन्तु मंत्र मूतह्न माला कभी क्षीण नहीं होती हैं। प्रत्येक का अपना व्यवहार होता है सूर्य का स्वभाव उषणता का है।चन्द्रमा का शीत व जल का निर्मल है।संतो का स्वभाव जगत कल्याण का होता है।हमें वैद पद्धति पर वापस लौटना होगा। अन्यथा जीवन मे विकार बढ़ते रहेंगे। पहले घरों में अग्नि रखी जाती थी। अब अग्नि संभाली नहीं जा रही,जिस कारण घरों पवित्रता नष्ट हो रही है। बृहमलीन गुरुदेवेशवराश्रम महाराज जैसे संत विरले ही होते हैं। आचार्य सर्वेश प्रपन्ना चार्य महाराज ने कहा की प्रभु की कृपा सदैव प्राप्त होती रहती है। प्रतिकूल स्थिति मे धैर्य न खोयें अच्छे फल की प्रतीक्षा करें। वेद प्रकाश शुक्ल महाराज ने कहा की गुरु को साधारण समझना पाप है। शिक्षा देने वाले शिक्षक अनेक हो सकते हैं। दीक्षा देने वाला एक ही होता है। शिक्षा सांसा. रिक ज्ञान देती है। दीक्षा से देवीय ज्ञान मिलता है। दीक्षा के मार्ग पर दिशा मिल जायेगी। गुरु तत्व की मृत्यु नहीं होती। बृहम लीन गुरु महाराज आज भी यहीं हमारे मध्य मे उपस्थित हैं।दंडी स्वामी गिरीश आश्रम महाराज ने कहा की पूजा के समय धार्मिक वस्त्रों को ही धारण करें।कुरुतियों के साथ त्रुटियों को भी दूर करें माताएं केवल हाथ जोड़कर हर हर महादेव के जयकारे लगाएं। कार्यक्रम का संचालन आचार्य दिवाकर नरवर ने किया। आश्रम परमाध्यक्ष स्वामी स्वरूपानंद महाराज सहित संत महात्मा से जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, सुभाष शर्मा, आदि ने संतों का आशीर्वाद लिया। समारोह आयोजन में राजकुमार शर्मा मनोहर शर्मा, गोविंद , विनोद शर्मा, आदि मुख्य भूमिका निभाई।

# बीएलओ करें गड़बड़ी तो उन्हे बताएं : त्यागी



**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद त्यागी ने कहा कि मोदी सरकार ने जिस तरीके से एसआईआर का प्रचार किया है वह भयावह है। अगर ये सही तरीके से की जाए तो फिर ये अच्छी चीज है। श्री त्यागी शुक्रवार को अपने बुढ़ाना स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा की कमी के चलते एसआईआर फार्म सही तरीके से नहीं भरे जा रहे। एक ग्रेजुएट व्यक्ति ने एसआईआर का अपना फार्म गलत भरा है। इसके लिए वे यहां और नगर पंचायत के अलावा कई अन्य गांवों में भी जल्दी ही कैंप लगाकर लोगों के फार्म सही तरीके से भरने का काम करवाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर आपकी सन 2003 में वोट नहीं हे तो घबराएं नही। आपके किसी भी रिश्तेदार या परिवार के मुखिया की वोट हो तो तब भी आपका एसआईआर का फार्म मान्य होगा। जिनकी वोट है ही नहीं उनके लिए भी 4 दिसम्बर के बाद एक फार्म आएगा। उसको भरकर आपकी वोट बनाई जाएगी। उन्होंने मौजूद लोगों से कहा कि जिसकी दो वोट हों वे एक वोट कटवा दें नहीं तो आगे नुकसान होगा। उन्हें शिकायत मिली है कि रियालवी नंगला के बीएलओ गांव में एसआईआर फार्म नहीं बांट रहे। इसके लिए वे डीएम से बात करेंगे। अगर कोई भी बीएलओ आप तक नहीं पहुंच रहा है तो उन्हें बताएं। एसआईआर फार्म की लास्ट डेट 04 दिसम्बर है। शायद आगे तारीख ना बढ़े इसलिए सभी भाई एसआईआर का फार्म सही तरीके से भरें और भरवाएं।घ उन्होंने भसाना चीनी मिल से आग्रह किया कि वे किसानों को गन्ने का पैमेंट जल्द से जल्द दें। किसानों का 21 दिन का पैमैंट रुका हुआ है। उन्होंने खाद की कमी पर भी रोष जताया और कहा कि सरकार हर मोर्चे पर विफल है।घ उन्होंने शनिवार को यहीं पर मुलायम सिंह यादव का भी बर्थडे मनाने और रक्तदान शिविर में लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुं. चने की अपील की। यहां बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद त्यागी, हाफिज शेरदीन, राशिद मंसूरी, सभासद राशिद भूरु कुरैशी, सभासद नसीम सिद्दीकी, सभासद नितिन शर्मा, संजीव वर्मा और तनवीर कुरैशी आदि गणमान्य लोगों की मौजूदगी रही।

# लोकसभा अध्यक्ष की पत्नी ने रेशू के सामाजिक व धार्मिक कार्यों को सराहा

**मुजफ्फरनगर।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पत्नी डॉ0 अमिता बिरला से सत्यप्रकाश रेशू मिले। देहरादून से दिल्ली लौटते समय लोकसभा अध्यक्ष की पत्नी ने सत्यप्रकाश रेशू को अपना आशीर्वाद दिया। साथ ही कहा कि देश, समाज, धर्म के कामों में बढ़ चढ़कर ओर ज्यादा भागीदारी करो।

सत्यप्रकाश रेशू की साथ उनकी पत्नी शैला गर्ग व भाभी साधना गर्ग, पुत्र शोभित गर्ग भी डॉ0 अमिता बिरला से मिलने में साथ रहे। रेशू परिवार की उपलब्धियों को जानकर बिरला ने अपना भरपूर आशीर्वाद रेशू परिवार को दिया। मुजफ्फरनगर के प्रत्येक व्यक्ति की ओर से रेशू परिवार ने डॉ0 अमिता को शोल उड़ाकर स्वागत किया साथ ही मुजफ्फरनगर की पहचान गुड़-शक्कर भेंट कर शुकतीर्थ आने का निमंत्रण दिया।

मुजफ्फरनगर का गुड़-शक्कर व शुकतीर्थ का निमंत्रण प्राप्त कर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पत्नी ने शीघ्र ही शुकतीर्थ में आने व वट वृक्ष के दर्शन करने की इच्छा व्यक्त की। सत्यप्रकाश रेशू ने डॉ0 अमिता बिरला को मुज़फ्फरनगर की जनशक्ति, बौद्धिक शक्ति व धनशक्ति से भी अवगत कराया। साथ ही मुजफ्फरनगर के लोहा उद्योग, शुगर उद्योग व पेपर उद्योग की भी जानकारी दी। ओम बिरला ने शीघ्र ही अपने पूरे परिवार के साथ शुकतीर्थ व मुज़फ्फरनगर आने की इच्छा व्यक्त की । जिस पर रेशू परिवार की शैला गर्ग, साधना गर्ग व शोभित गर्ग ने ओम बिरला से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भी शुकतीर्थ साथ लाने का निमंत्रण दिया।इस अवसर पर ओम बिरला की साथ उनकी बहन अर्चना, सोनिया, मित्र जूही, गरिमा दिक्षित, सरिता जोशी, पुनीता बिजेंद्र मीना आदि थे। यह उनकी व्यक्तिगत यात्रा थी।



# बड़े सपने देखें, सपने सच होते हैं: डॉ. अतुल सिंघल



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** फिजिक्स वाला विद्यापीठ मेरठ एवं लाल दयाल पब्लिक स्कूल खतौली के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को स्कूल परिसर में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फिजिक्स वाला के सेंट्रल हेड डॉ. अतुल कुमार सिंघल ने विद्यार्थियों को सफलता के सूत्र बताए। उन्होंने कहा कि बड़े सपने देखें, सपने सच होते हैं। सही मार्गदर्शन जीवन की दिशा तय करता है।

डॉ. सिंघल ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, करियर विकल्पों और भविष्य की रणनीति को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि समय का सही उपयोग और लक्ष्य के प्रति निरंतरता ही सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम का संचालन फिजिक्स वाला के सीनियर एसोसिएट डॉ. ताबिश फरीद ने किया। स्कूल प्रिंसिपल शिल्पी कुमार अरोड़ा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में स्पष्ट लक्ष्य तय कर पूरी शक्ति के साथ प्रयास करने पर सफलता मिलना निश्चित है।स्कूल चेयरमैन कर्मवीर सिंह ने कहा कि विद्यालय हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ करियर मार्गदर्शन पर विशेष ध्यान देता आया है। ऐसी गतिविधियों से विद्यार्थियों को भविष्य की दिशा समझने में काफी सहायता मिलती है।कार्यक्रम को सफल बनाने में धीरज कुमार, पवन शर्मा, तरु तनेजा, रश्मि विश्नोई, नितिन कुमार सहित विद्यालय के कई शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

## सार्वजनिक सूचना

मेरे स्कूल के सभी कागजात में मेरा नाम नगमा जैदी पुत्री सैययद नजर अब्बास लिखा है, जबकि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड व पहचान पत्र, पासपोर्ट में मेरा नाम रिहाना फातिमा पुत्री सैययद नजर अब्बास लिखा है। उपरोक्त दोनों मेरे ही नाम हैं। दोनों नाम एक ही महिला के पढ़े जायें।

**नगमा जैदी उर्फ रिहाना फातिमा पुत्री** सैययद नजर अब्बास, निवासी: मकान नं0 96/86, दक्षिणी कृष्णापुरी, थाना कोतवाली खालापार, मु0नगर।

# कबड्डी के फाइनल में शुकतीर्थ ने नन्हेड़ा को हराकर ट्राफी जीती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शहीद भगतसिंह खेल एकेडमी शुकतीर्थ के खेल मैदान पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मेरा युवा भारत द्वारा ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन शुक्रवार को बालक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके फाइनल मैच में शुकतीर्थ की टीम ने नन्हेडा की टीम को हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। विजेता व उप विजेता टीम को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ राष्ट्रीय सैनिक संस्था के कैप्टन देवपाल राठी, ग्राम सुधार सेवा समिति के अध्यक्ष मा. ;षिपाल सिंह व यूथ लीडर पुनीत खोकर ने फीता काटकर किया। जिसके बाद लीग मैंचों का आयोजन किया गया। जिसमें कादीपुर की टीम ने तिस्सा, छछरौली, नन्हेडा की टीम ने करहेडा को, नन्हेडी ने मोरना, शुकतीर्थ ने फिरोजपुर, ककराला की टीम को हराया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच शुकतीर्थ व नन्हेडा की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें शुकतीर्थ की टीम ने नन्हेडा की टीम को 18-15 अंको के अंतर से हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। समापन पर सिंद्ध पीठ मां पूर्णागिरी मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी गोपाल दास महाराज व मोरना शुगर मिल के डायरेक्टर मनोज राठी ने विजेता व उप विजेता टीम को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। रेफरी के रूप में अभिषेक चौधरी व दिनेश मलिक ने मुख्य भूमिका निभाई।




कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक प्रीति पाल, कोच विनय बालियान, अमित सालार, वीरेंद्र राठी, भीमनाथ महाराज, शिवम चौधरी, आकाश, विशु कुमार मौजूद रहे।

# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुजफ्फरनगर

पंत्राक / समग्र शि./ प्रशि./145/ / 2025-26 / दिनांक 21.11.25

**विज्ञप्ति**

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना कार्यालय निशातगंज लखनऊ के पत्रांक गुण.वि./ए.आर.पी./9333/2024-25 दिनाक 15 जनवरी 2025 के अनुपालन में आगामी शैक्षिक सत्र 2025-26 से अकादमिक रिसोर्स पर्सन के चयन सम्बन्धी शासनादेश संख्या 902/68-5-2019 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 22 अक्टूबर 2019 के द्वारा समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत जनपद मुजफ्फरनगर के प्रत्येक विकास खण्ड एवं नगर क्षेत्र में निम्न विवरणानुसार Academic Resourse Person (ARP) के चयन हेतु बेसिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित प्राथमिक / उच्च प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक / शिक्षिकाओं में निम्नांकित प्रतिबन्धों के अधीन निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र पजीकृत डाक से दिनाक 10.12. 2025 तक कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी निकट एम.जी.पब्लिक स्कूल के पते पर आमंत्रित किये जाते हैं-

| क्र0 सं. | ए.आर.पी./विषय विशेषज्ञ के पदनाम | कुल पदों की संख्या | चयन हेतु न्यूनतम अनिवार्य शैक्षिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | ए.आर.पी. अंग्रेजी विषय | 05 | कला संवर्ग में स्नातक के अंतिम वर्ष में अंग्रेजी अनिवार्य। |
| 2. | ए.आर.पी. हिन्दी विषय | 03 | कला संवर्ग में स्नातक के अंतिम वर्ष में हिन्दी अनिवार्य। |

अहर्ता एवं शर्ते-

1. वांछित विषय में स्नातक उपाधि के साथ अध्यापक प्रशिक्षण योग्यता।
2. प्राथमिक / उच्च प्राथमिक विद्यालयों में न्यूनतम 05 वर्ष का शिक्षण अनुभव।
3 सेवा निवृत्ति होने में न्यूनतम 10 वर्ष शेष हो।
4. किसी भी प्रकार की जांच गतिमान न हो न ही पूर्व में किसी भी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्यवाही की गयी हो।
5. ए.आर.पी. के रूप में अधिकतम 03 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर चुके ए.आर.पी. पुनः चयन हेतु अनर्ह होंगे।
6. विषयवार लिखित परीक्षा 60 अंक। माइक्रो टीचिंग / शिक्षण प्रदर्शन (10 से 15 मिनट प्रतिभागी श्रोताओं को बाधे रखना, संतुलित दृष्टिकोण सहज एवं तार्किक प्रवाह एक अच्छे सम्प्रेषक के रूप में इत्यादि) 30 अंक। साक्षात्कार (विषयगत जानकारी, स्वप्रेरणा, लीडरशिप कमिटमेन्ट, प्रारम्भिक शिक्षा के प्रति विजन इत्यादि) 10 अंक ।
7. लिखित परीक्षा में 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थी ही माइक्रो टीचिंग के लिए क्वालीफाई करेंगे, माइक्रो टीचिंग / शिक्षण प्रदर्शन में 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थी ही साक्षात्कार के लिए क्वालीफाई करेंगे। साक्षात्कार में 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थी ही फाइनल चयन हेतु क्वालीफाई करेंगे।
8. लिखित परीक्षा माइक्रो टीचिंग / शिक्षण प्रदर्शन तथा साक्षात्कार के कुल योग जोडने के बाद जिन अभ्यर्थियों का नम्बर 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से अधिक होगा, उन्हें ए.आर.पी. के चयन के लिए मेरिट लिस्ट में रखा जायेगा।
9. यदि जनपद में रिक्त पदो के सापेक्ष अधिक अभ्यर्थी क्वालीफाई करते है तो उस स्थिति में मेरिट के आधार पर चयन किया जायेगा। शेष क्वालीफाई करने वाले अभ्यर्थियों मे से विषयवार अधिकतम 05 अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची बनायी जायेगी जो 06 माह तक वैध होगी।
10. चयनित ए.आर.पी. को वेतन उनके मूल विद्यालय से ही आहरित होगा।
11. ए.आर.पी. का कार्यकाल 01 वर्ष हेतु निर्धारित होगा। प्रत्येक वर्ष परफारमेन्स अप्रेजल के आधार पर जनपद स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदन के पश्चात् नवीनीकरण किया जायेगा, अधिकतम 03 वर्ष के पश्चात् पुनः चयन प्रक्रिया की जायेगी।
12. आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर लाल रोशनाई से मोटे अक्षरों में आवेदित पद एवं विषय का नाम सुस्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए।
13. समस्त आवेदन करने वाले अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र खण्ड शिक्षा अधिकारी से अग्रसारित कराने के उपरान्त ही पंजीकृत डाक से कार्यालय को प्रेषित करेगे।
14. शिक्षण अनुभव की गणना हेतु विज्ञापित तिथि को आधार माना जायेगा।
15. विज्ञप्ति में संशोधन तथा निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार समग्र शिक्षा अभियान उ.प्र. के निर्देशानुसार अधोहस्ताक्षरी का होगा।
16. अपूर्ण हस्ताक्षर रहित / संलग्नक रहित एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा अग्रसारित किये बिना आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेगे।
17. ए.आर.पी. चयन हेतु अन्य शर्ते शासनादेश संख्या 902/68-5-2019 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 22 अक्टूबर 2019 के प्राविधानों के अर्न्तनिहित है।
18. आवेदन पत्र का प्रारूप समस्त बी.आर.सी. एवं जिला कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

**( संदीप कुमार )**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**मुजफ्फरनगर।**

# एसआईआर : बीएलओ की लापरवाही से मतदाता हलकान

## वोट कटने की आशंका ने उड़ाए मतदाओं के होश

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** विशेष गहन पुनरीक्षण द्धएसआईआरत्र अभियान में बीएलओ की उदासीनता मतदाताओं के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनती जा रही है। नए वोट जोड़ने की उम्मीद में लोग लगातार चक्कर काट रहे हैं, वहीं पुराने मतदाताओं में भी नाम कटने की आशंका गहराती जा रही है। हालात इतने खराब हैं कि भाजपा समर्थक मतदाता भी चिंतित हैं कि यदि समस्याएँ समय पर दूर नहीं हुईं, तो आने वाले चुनावों में वे अपना वोट तक नहीं डाल पाएँगे। **फॉर्म के बॉक्स -2 और 3 में सबसे ज्यादा उलझन, ग्रामीणों में बढ़ी दुविधा**

एसआईआर के तहत वितरित किए जा रहे फॉर्म में बॉक्स-2 और 3 लोगों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गए हैं। अधिकांश ग्रामीण केवल पहला हिस्सा ही भर पा रहे हैं क्योंकि वर्ष 2003 की मतदाता सूची और पोलिंग बूथ से जुड़ी जानकारी उनके पास उपलब्ध नहीं है। कई बीएलओ भी सही दिशा-निर्देश देने में असमर्थ दिखे। लोगों का आरोप है कि बीएलओ कह देते हैंकृहजितना भर पाओ भर दो, बाकी हम देख लेंगे। **यह लापरवाह रवैया मतदाताओं की चिंता और बढ़ा रहा है।**

ऑनलाइन प्रक्रिया ने ग्रामीणों को और परेशान कियातकनीकी जानकारी की कमी और इंटरनेट संसाधनों के अभाव के चलते ग्रामीणों के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया मुसीबत बन गई है। बीएलओ द्वारा 2003 की पीडीएफ सूची उपलब्ध न कराए जाने पर लोग खासे नाराज हैं।

बिना पूरी जानकारी के फॉर्म जमा करने पर नाम कटने का भय लगातार बना हुआ है। **मुख्य निर्वाचन अधिकारी तक पहुँच रहीं लगातार शिकायतें** सिर्फ खतौली ही नहीं, आस-पास के क्षेत्रों से भी मतदाता सोशल मीडिया के जरिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश को शिकायतें भेज रहे हैं। वार्डख्र3, जमशेद कॉलोनी की अफसाना पत्नी रहीस और जरीना पत्नी निसार ने आरोप लगाया



कि उनके घरों तक अब तक एसआईआर फॉर्म नहीं पहुँचाए गए। शिकायत करने के बावजूद बीएलओ द्वारा कार्रवाई न किए जाने से महिलाओं में रोष है। **सैनी नगर में हंगामा, एसडीएम के प्रतिनिधि के सामने भी नहीं सुलझीं समस्याएँ** खतौली के सैनी नगर में मतदाताओं ने बढ़ती परेशानियों को लेकर एसडीएम निकिता शर्मा से शिकायत दर्ज कराई। एसडीएम ने तत्काल अपना प्रतिनिधि भेजा, लेकिन मौके पर भी समस्याओं का समाधान नहीं हो सका।

फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि नजदीक आने से मतदाताओं में तनाव बढ़ गया है। सैनी नगर के दर्जनों मतदातों में उनकी समस्याओं का समाधान न होने से बीएलओ और स्थानीय अधिकारियों के प्रति भारी आक्रोश बना हुआ है।

**एसडीएम ने खुद संभाला मोर्चा, कई गाँवों में पहुँची टीम**

लगातार शिकायतों के बाद एसडीएम निकिता शर्मा ने स्वयं कई गाँवों का दौरा किया। उन्होंने बीएलओ से कार्य की स्थिति की जानकारी ली और मौके पर ही मतदाताओं की परेशानियाँ सुनीं। एसडीएम ने सही तरीके से फॉर्म भरने की महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बीएलओ को कड़े निर्देश जारी किए कि सभी मतदाताओं के कार्य समय पर और सही ढंग से पूरे किए जाएँ।

### थाने के समीप दबंगों ने घटना को दिया अंजाम

**बुढ़ाना/रतनपुरी।** कार सवार दबंगों ने रतनपुरी थाने के समीप पहले तो एक छात्र की बाइक में टक्कर मारी। उसके बाद पैदल दौडा दौड़ाकर मारपीट कर घायल कर दिया और फरार हो गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सुमित कुशवाहा पुत्र अनिल निवासी गांव रतनपुरी ने बताया कि मेरा भाई बीती 17 नवम्बर को रतनपुरी थाने के सामने स्थित लाईब्रेरी से किताब लेकर अपने घर वापस जा रहा था। तभी काली नदी के पुल के पास पीछे से एक स्विफ्ट कार के चालक ने मेरे भाई को हत्या की नीयत से उसकी बाइक में टक्कर मार दी। कार में हर्ष सोम उर्फ श्याम पुत्र सतेन्द्र, निखिल व सोनित पुत्रगण शिव कुमार निवासीगण ग्राम कितास, उदित पुत्र पुष्पेन्द्र शर्मा निवासी गोयला, शुभम पुत्र हुकम सिंह निवासी टोडा व आदित्य पुत्र बबलू निवासी रतनपुरी बैठे थे। इनके पास तमंचे भी थे। उदित कार चला रहा था। इन लोगों से बचकर जब मेरा भाई अपनी जान बचाकर भागने लगा तो गांव मंडावली खादर अढे से पहले स्विफ्ट कार लगा दी और जबरदस्ती मेरे भाई को रोक लिया। जब मेरा भाई इन लोगों से बचकर खेतों की तरफ भागा तो सभी ने मेरे भाई को पकड लिया और हत्या की नीयत से भाई के चेहरे और सिर पर तमंचे, सरिये व लोहे की राड से मारने लगे और मरा हुआ समझकर भाग गये। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सेंट ज़ेवियर्स ग्लोबल स्कूल में सड़क सुरक्षा संगोष्ठी का आयोजन

**भोपा ।** सेंट ज़ेवियर्स ग्लोबल स्कूल रहकडा में सड़क सुरक्षा एवं यातायात माह के अवसर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता विषय पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ट्रैफिक पुलिस के सब-इंस्पेक्टर पुष्पेंद्र कुमार तथा चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सदस्य डॉ. राजीव कुमार उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के महत्व, यातायात नियमों के पालन, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को जागरूक नागरिक बनने और सुरक्षित यातायात व्यवहार अपनाने के लिए



प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान एक सड़क सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों आराध्या, भाव्या, अपर्णा, अनुराग, सक्षम, वासु, तन्वी और खुशी को विद्यालय द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सभी विद्यार्थियों ने सुरक्षित यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने मुख्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी।

## पार्श्वनाथ भगवान की आराधना में डूबे श्रद्धालु

**मुजफ्फरनगर।** प्रेमपुरी स्थित जैन औषधालय में श्री पार्श्वनाथ भगवान एवं सर्वसिद्धी दायक पदमावती माता की भक्ति आराधना कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ राजेश जैन, संदीप जैन एवं पुनीत जैन ने वजारोहण के साथ किया। अभिषेक एवं शान्तिधारा विकास जैन और अनुज जैन द्वारा की गई। सवेरे 9 बजे माता का चोला परिवर्तन अरूण जैन, संजीव जैन, राजेश जैन और राजीव जैन गर्ग डुप्लेक्स द्वारा किया गया। सवेरे की माता की महाआरती रविन्द्र जैन, विकास जैन, आकाश जैन नावला वालों द्वारा की गई। शाम को माता का

जागरण शुरू हुआ तथा मंच उदघाटन नीरज जैन, अमन जैन और सिद्धान्त जैन दिल्ली वालों द्वारा किया गया। दीप प्रज्जवलन डा. हरेन्द्र जैन व प्रवीण जैन ने संयुक्त रूप से किया। रात्रि कलश की स्थापना प्रवेश जैन, अनुभव रात्रि में अखण्ड ज्योति प्रभाष चन्द जैन, अमित जैन, अनुज जैन नावला वालो द्वारा की गई। । रा रात्रि में चोला परिवर्तन नरेन्द्र जैन, विपिन जैन, संजय जैन, राजीव जैन, अभिषेक जैन द्वारा किया गया। रात्रि महाआरती सतीश जैन, आशीष जैन सीए नावला वालों द्वारा की गई। प्रसिद्ध भजन गायक अक्षय जैन लाडला तिखाल वाले, हिमांशु जैन, पर्व जैन मेरठ द्वारा की गई।अग्रवाल अल्कार व आर्यन जैन द्वारा माता के सुन्दर भजन प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम में लक्की ड्रा द्वारा पुरस्कार वितरण किए गए। प्रसाद वितरण रिषभ जैन, अभिनव जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नितिन जैन जुगनू अमित जैन एड., सिद्धान्त जैन, दीपक जैन, संजय जैन, विभोर जैन, पारस जैन, ब्रजपाल जैन, अनुज जैन, सूरज जैन और अनुज जैन प्रेमपुरी के अलावा सुधीर जैन, योगेश जैन, दिनेश जैन, सुनील जैन, अमित जैन, सौरभजैन, अपूर्व जैन नावला वाले, मनोज जैन एलजी, शुभम जैन, वैभव जैन एलजी वालों आदि का पूर्ण सहयोग रहा।

## कोर्ट के आदेश पर दो माह बाद खुला मस्जिद का द्वार

**भोपा।** निर्माण की शासकीय अनुमति न लेने पर प्रशासन ने भोपा मे निर्माणधीन दो मस्जिदों पर सील लगाकर धार्मिक कार्यो को बंद करा दिया था। न्यायलय के आदेश पर एक मस्जिद से सील हटाए जाने पर मुस्लिम समाज के व्यक्तियों ने प्रसन्नता जाहिर की है। भोपा गांव में नई बस्ती मोहल्ले मे जौली के राह नामक स्थान पर दो मस्जिदों मे वर्षो से निर्माण कार्य चल रहा था। बीते 13 सितंबर को तहसील जानसठ के अधिकारियो व पुलिस द्वारा दोनों मस्जिदों पर सील लगाकर वहां धार्मिक कार्यो को बंद करा दिया था।पूर्व प्रधान इजहार अहमद ने बताया की मस्जिद के मुतवल्ली उस्मान द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रार्थना पत्र दिया गया था। उच्च न्यायलय मे वाद प्रस्तुत किया गया था। अथक प्रयासों के उपरांत न्यायालय के आदेश पर मस्जिद से सील हटाई गयी है। जिसके बाद विधिवत नमाज़ अदा की गयी है। इजहार प्रधान ने बताया की मुतवल्ली मौ. उस्मान अलावा डॉ. प्रवेज़, दिलशाद अंसारी अलाउद्दीन अंसारी, अमजद अली, गुलशेर मलिक, परवेज मलिक, फुरकान अंसारी, अहसान अंसारी आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्युत विभाग को है बड़े हादसे का इन्तजार

**मुज़फ्फरनगर।** कुछ दिन पहले लिंक रोड पर बिजली विभाग की लापरवाही से एक युवा की मौके पर ही मौत हो गयी थी ,उसके बाद भी बिजली विभाग के कानों पर जु नही रेंगी ,शायद फिर से किसी हादसे का इंतजार रहता है अभी अभी बालाजी मंदिर के पास सचिन पटाखों वाले के सामने नई मंडी में लोहे का खम्बा बड़ी तेजी के साथ गिर गया,जबकि इस रोड पर बहुत ज्यादा आवागमन रहता है क्या बिजली विभाग को किसी की जान की कोई मायने नहीं रखता।

### पेड गिरने से घंटे बाधित रहा बरला-देवबंद मार्ग

**छपार।** बरला देवबंद मार्ग पर रात्रि में पेड़ गिरने से घंटों यातायात बाधित रहा ओर पेड़ की चपेट में कोई वाहन नहीं आया वर्ना बड़ा हादसा हो सकता था। बिजली के तार टूटने से बिजली भी गुल रही। बृहस्पतिवार की रात्रि में बरला देवबंद मार्ग पर अचानक ही किनारे पर खड़ा अर्जुन का पेड़ टूट कर गिर गया।शुक्र रहा कोई वाहन उसकी चपेट में नहीं आया। पेड़ गिरने से बिजली की लाइन के तार भी टूट गये। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लम्बी लाइन लगी रही। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों की मदद से पेड़ को हटवाया लगभग 12 बजे तक यातायात बाधित रहा। विधुत कर्मियों ने रात्रि में लाइन के तार ठीक करके बिजली चालू की।

### रजवाहा टूटने के बाद फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर धरना जारी

**भोपा।** क्षेत्र के गांव निरगाजनी में राजवाहा टूट जाने से किसानों की सेंकड़ो बीघा फसल जलमग्न होकर नष्ट हो गई। आलू, सरसों और गेहूं की फसलों को हुए नुकसान के मुआवजे की माँग को लेकर किसानो ने शुक्रवार को भी धरने के दौरान अधिकारियो को बंधक बना लिया। धरने के दूसरे दिन भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष अनुज राठी के नेतृत्व में यशपाल गुर्जर, राजा देशवाल, कृष्ण धीराहेड़ी, अनिल प्रधान, सतीश, राजकुमार प्रधान, राजू, सिद्धार्थ, नीरज, सुबोध प्रधान, जॉनी, कपिल, धर्मेंद्र, शिवम गौतम, मोहित राठी, रोहित कुकी आदि ने सिंचाई विभाग के अधिकारियो से शीघ्र उचित मुआवज़ा देने की मांग की।तथा मौके पर पहुंचे सिंचाई विभाग के एसडीओ, अवर अभियंता अशरफ अली, जिलेदार उत्तम सिंह, शीशपाल व संदीप कुमार को वहीं बंधक बना लिया। सिंचाई विभाग के अधिकारी का कहना है कि राजस्व विभाग नष्ट हुई फसल का मुआवजा देगा।समाचार लिखे जाने तक किसानो का धरना जारी था।

### दो युवकों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

**बुढ़ाना।** दो युवकों के खिलाफ पुलिस ने एक युवक को मारपीट करके घायल करने का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार शाकिब पुत्र शाकिर निवासी गांव सफीपुर पट्टी बुढाना ने बुढ़ाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि मेरा भाई असद गढी सखावतपुर में मेप्लस एकेडमी के सामने फर्नीचर की दुकान पर काम करता है। मेरा भाई बीती 19 नवम्बर की सायं करीब 7 बजे दुकान से चलने ही वाला था कि वहां स्पलेंडर बाइक पर सवार दो व्यक्ति जिनमें शादाब पुत्र रहीसू व दूसरे अज्ञात व्यक्ति दुकान पर आये ओर हार्न बजाने लगे। मेरे भाई असद के मना करने पर पर भी नही माने ओर दोनो पंच से मारने लगे। मेरे भाई असद को काफी गम्भीर चोटे आयी ओर जान से मारने की धमकी देकर चले गये। उधर बुढ़ाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### पुलिस ने चौकी के पास से हटवाया अतिक्रमण

**बुढ़ाना।**पुलिस चौकी के आसपास के कुछ अस्थाई दुकानदारों के द्वारा सड़क पर किए गये अतिक्रमण को शुक्रवार के दिन कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार ने हटवाकर आने जाने वाले लोगों को राहत देने का काम किया। दरअसल आज बुढाना कस्बे में भाजपाईयों की पद यात्रा आई थी। इसी को लेकर पद यात्रा आने से पहले पुलिस बल ने कांधला रोड का अतिक्रमण हटवाया ताकि अव्यवस्था ना बने।

### श्रीराम में तकनीकी शिक्षा व संस्कृति पर कार्यशाला आयोजित

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में इंजीनियरिंग से उद्यमिता तक का रोडमैप विषय पर एक ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यशाला तकनीकी शिक्षा एवं स्टार्टअप संस्कृति से जुड़े विशेषज्ञों, जोकि यूथ यन्त्रा नामक कम्पनी से आये थे। यह कार्यशाला यूथ यन्त्रा के संस्थापक इं0 नमन गर्ग, सह-संस्थापक हिमांशु गुप्ता एवं रुद्रांश के मार्गदर्शन में आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य इंजीनियरिंग के छात्रों को उद्यमिता की यात्रा, उसके चरणों और वास्तविक चुनौतियों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों, शिक्षकों, शोधार्थियों एवं युवा नवाचारकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत विशेष रूप से इंजीनियरिंग क्षेत्र में उभरते स्टार्टअप ट्रेंड, नवाचार आधारित मॉडल, तथा आत्मनिर्भर भारत के संदर्भ में युवा इंजीनियरों की भूमिका पर जोर दिया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ इंजीनियरिंग इकाई के निदेशक डॉ0 एस0एन0 चौहान द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अपने उद्घाटन भाषण में संस्था प्रमुख ने कहा कि इंजीनियरिंग शिक्षा ने सदैव नए विचारों और नवाचारों को जन्म दिया है, परन्तु आज का समय उन विचारों को उद्योग एवं व्यवसाय के रूप में आकार देने का है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में तेजी से बढ़ती स्टार्टअप इकॉनमी और सरकारी योजनाएँ जैसे स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, और इनोवेशन फंडिंग स्कीम्स युवा इंजीनियरों को अपने विचारों को उद्यम में बदलने के लिए बेहतर अवसर प्रदान कर रही हैं। मुख्य अतिथि ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि हहर इंजीनियर के भीतर एक नवाचारकर्ता छिपा होता है। आवश्यकता उस सोच को दिशा देने और जोखिम उठाने की क्षमता विकसित करने की है। कार्यशाला में आमंत्रित विशेषज्ञों ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को सरल, व्यावहारिक और प्रभावी उदाहरणों के साथ प्रस्तुत किया। विशेषज्ञों ने छात्रों को यह समझाया कि सबसे सफल स्टार्टअप वही होते हैं जो किसी वास्तविक समस्या की पहचान कर उसे नवीन तकनीकी समाधान प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि इंजीनियरिंग शिक्षा छात्रों को क्रिटिकल थिंकिंग, एनालिटिक्स, और सॉल्यूशन-ओरिएंटेड एप्रोच प्रदान करती है, जो उद्यमिता की नींव है। इस सत्र में बताया गया कि किसी भी विचार को सफल उत्पाद में बदलने के लिए प्रोटोटाइपिंग, टेस्टिंग, और इटरशन कितने महत्वपूर्ण चरण हैं। विशेषज्ञों ने छात्रों को विभिन्न डिजिटल टूल्स और तकनीकों के बारे में भी जानकारी दी, जिससे वे अपने मॉडलों को तेजी से विकसित कर सकते हैं।विशेषज्ञों ने प्रत्यक्ष उदाहरणों के साथ बताया कि एक स्टार्टअप को सफल बनाने के लिए केवल तकनीकी नवाचार ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि मार्केट की समझ, कस्टमर सेगमेंटेशन, वैल्यू प्रपोजिशन, रेवेन्यू मॉडल और मार्केटिंग स्ट्रेटेजी की भी गहरी समझ आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को बिजनेस मॉडल कैनवास भरने का अभ्यास कराने के साथ-साथ फंडिंग, इनक्यूबेशन और स्टार्टअप नीतियों से भी अवगत कराया। कार्यशाला का सबसे अधिक उत्साहजनक भाग फंडिंग पर आधारित सत्र रहा, जिसमें विशेषज्ञों ने एंजेल इन्वेस्टमेंट, वेंचर कैपिटल, सीड फंडिंग, इनक्यूबेशन सपोर्ट और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को यह भी समझाया कि एक मजबूत पिच डेक कैसे तैयार किया जाता है और निवेशकों को अपने विचार से कैसे प्रभावित किया जाता है। छात्रों ने कार्यक्रम के विभिन्न चरणों में आयोजित इंटरैक्टिव सत्रों में तकनीकी, बाजार, फंडिंग और उद्यमिता से जुड़े कई प्रश्न विशेषज्ञों से पूछे। विशेषज्ञों ने अत्यंत सरल एवं व्यावहारिक राय देते हुए छात्रों का मार्गदर्शन किया और उन्हें नवाचार के लिए प्रोत्साहित किया। कई छात्रों ने अपने स्वयं के प्रोजेक्ट और स्टार्टअप आइडियाज भी साझा किए, जिन्हें विशेषज्ञों ने मूल्यवान सुझावों के साथ सराहा। कार्यशाला में इं0 बिजेन्द्र कुमार, इं0 अपेक्षा नायक, इं0 नितिशा त्यागी, इं0 आशीष सिंह, इं0 इन्दु चौहान आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## 26 नवम्बर की रैली सफल बनाने को हुई सभा

**बुढाना।** भसाना गांव में कार्यकर्ता तहसीम के सौजन्य से भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी कांशीराम की बैठक हुई। जिसमें बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पार्टी के कई पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य 26 नवंबर को मुजफ्फरनगर में होने



वाली महारैली को सफल बनाना व रैली के प्रचार को हर घर हर व्यक्ति तक पहुंचाना है। एक पदाधिकारी ने बताया कि 26 नवंबर को प्रात 10 बजे जीआईसी ग्राउंड में पार्टी की ऐतिहासिक रैली होने जा रही है। रैली को सांसद चंद्रशेखर आजाद संबोधित करेंगे। रैली का मुख्य उद्देश्य संवैधानिक अधिकार बचाओ भाईचारा बनाओ है। रैली में 14 जिलों के लोग पहुंचेंगे। अनुमान है कि सांसद चंद्रशेखर की लोकप्रियता देश में बढ़ती देख ऐसा लग रहा है कि देश से 50 हजार लोग आएंगे। इसलिए आप सब ज्यादा संख्या में रैली में पहुंचें। यहां सलीम चौधरी, अफजाल सिद्दीकी जिला संगठन मंत्री, विकास अंबेडकर डुंगर पूर्व जिला प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव गुरु रविदास विकास मंच, तहसीम, अनुज सिंह, प्रमोद कलसन, गुलशन विधानसभा अध्यक्ष, सिकंदर कुर्थल विधानसभा उपाध्यक्ष, बिटू नगवा, राहुल विधानसभा उपाध्यक्ष, रविकांत फुगाना, आलम पलडी आईटी सेल, साजिद पलड़ा, विकास कुर्थल, रिजवान, वाजिद, सलीम, नौशाद, जाहिद, शमशाद, मोहसीन, शाहरुख, खुर्शीद, सुमन, एहसान, महबूब, रिजवान, जलालुद्दीन, रईसू, नसीम, असगर और सलीम आदि मौजूद रहे।

# भाजपा की पदयात्रा में गूंजे भारत माता की जय के नारे

**शाहपुर।** भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर शाहपुर क.।.ट इंटर कॉलेज से बुढ़ाना तक भव्य राष्ट्रीय एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में हजारों युवाओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे मार्ग में वंदे मातरम और भारत माता की जय के गगनभेदी नारे गूंजते रहे। पदयात्रा ने क्षेत्र में एकता, सद्भाव और राष्ट्रीय चेतना का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री जसवंत सैनी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, तथा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर भाजपा के कई जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, समाजसेवी और युवाओं की बड़ी संख्या उपस्थित रही। राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोने का जो कार्य किया, वह आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा है। उनकी जयंती पर निकाली गई यह पदयात्रा युवाओं में राष्ट्रभावना को और मजबूत करेगी।पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने कहा, हएकता और अखंडता ही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है।

आज क्षेत्र के लोगों ने जिस उत्साह से भाग लिया है, यह बताता है कि देशहित के मुद्दों पर हम सब एकजुट हैं। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा, युवा पीढ़ी देश का भविष्य है। ऐसे आयोजनों से उनमें राष्ट्रप्रेम और सामाजिक समरसता की भावना और प्रबल होती है। सरदार पटेल के आदर्श सदैव हमें सही दिशा दिखाते रहेंगे।ह्व यात्रा में युवा जिलाध्यक्ष कार्तिक काकरान, जिला कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन रामनाथ ठाकुर, विनोद सैनी, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, ग्राम पलड़ी प्रधान मोनू सैनी,



भाजपा नेता कपिल सैनी, भाजपा नेता हिमांशु सिंगल बुढ़ाना, युवा समाजसेवी मोनू मलिक बुढ़ाना, महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष रूबी सैनी, समाजसेवी ललित जैन, अमित शर्मा, दिनेश सैनी, पत्रकार अमन ठाकरान सहित कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन शामिल हुए। पदयात्रा का समापन बुढ़ाना में राष्ट्रीगीत के साथ किया गया।

पदयात्रा के उपरांत राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी के आवास पर पहुंचे और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इसके अलावा समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामलाल उर्फ बच्ची सैनी के आवास पर उनके बड़े भाई रविन्द्र सैनी उर्फ बेचैन के निधन पर शोक संवेदन व्यक्त की।

# एसडी मैनेजमेंट स्टडीज में सेमिनार का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में आईक्यूएसी सेल व ब्रेनिऑक्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षा - अंक या कौशल विषय पर विचार-विमर्श कार्यक्रम का आयोजन।

एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में आईक्यूएसी सेल व ब्रेनिऑक्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षा अंक या कौशल विषय पर एक महत्वपूर्ण विचार-विमर्श एवं ब्रेनस्टॉर्मिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आज कॉलेज परिसर में उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ हमारे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल द्वारा दीप प्रज्वलन एवं प्रेरणादायी संबोधन के साथ हुआ।

डॉ. संदीप मित्तल ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा सिर्फ अंकों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि छात्रों के सम्पूर्ण




विकास के लिए कौशल आधारित शिक्षण बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि समाज एवं उद्योग जगत में तेजी से बदल रही परिस्थितियों में विद्यार्थियों का कौशल - सम्पन्न होना जरूरी है। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि कॉलेज का उद्देश्य केवल परीक्षाओं में अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि छात्रों को वास्तविक जीवन के लिए तैयार करना है । इसके पश्चात् बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने विषय पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में कौशल ही व्यक्ति को आगे बढ़ाता है। अंक निश्चित रूप से महत्वपूर्ण हैं, लेकिन वे छात्र की क्षमता का पूर्ण मूल्यांकन नहीं कर पाते। कार्यक्रम का संचालन एवं विषय की विस्तृत व्याख्या कार्यक्रम समन्वयक संजय शर्मा द्वारा की गई। उन्होंने अंक बनाम कौशल के विभिन्न पहलुओं पर गहराई से चर्चा की और छात्रों को वर्तमान शिक्षा प्रणाली में आ रही चुनौतियों तथा अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। छात्रों ने इस चर्चा में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने-अपने ख्रष्टिकोण साझा किए। कुछ छात्रों ने कहा कि अंक सफलता का मापदंड नहीं होते, बल्कि कौशल ही भविष्य का आधार है। वहीं कुछ छात्रों ने मत व्यक्त किया कि अंक और कौशल दोनों का संतुलन शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाता है। कार्यक्रम के दौरान बीबीए विभाग की सभी फैकल्टी सदस्यों की उपस्थिति ने चर्चा को और भी प्रभावशाली बना दिया। कार्यक्रम के संचालन में आईक्यूएसी सेल, ब्रेनिऑक्स क्लब, बीबीए विभाग का सहयोग रहा।

## घर में घुसकर फायरिंग, एक गंभीर घायल

**शाहपुर।** थानाक्षेत्र के ग्राम बरवाला में बदमाशों द्वारा घर में घुसकर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी थी जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया था। पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया। पुलिस द्वारा उक्त घटना में शामिल 2 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया था तथा 1 अन्य अभियुक्त बाबा चौधरी उर्फ आरिश चौधरी उर्फ सोनू पुत्र जाहीद चौधरी निवासी रघुवीर एन्कलेव, पसौडा थाना टीलामोड, गाजियाबाद मूल निवासी ग्राम तावली थाना शाहपुर का नाम भी प्रकाश में आया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा अभियुक्त बाबा चौधरी की गिरफ्तारी पर 25 हजार का ईनाम घोषित किया गया था। मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि थाना शाहपुर का वांछित व ईनामी अभियुक्त मझेडा रजवाहा मार्ग से आने वाला है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मझेडा रजवाहा मार्ग पर सघन चैकिंग अभियान चलाया गया कुछ समय पश्चात एक संदिग्ध मोटरसाईकल आती हुई दिखायी दी जिसे पुलिस टीम द्वारा चैकिंग हेतु रोका गया परन्तु मोटरसाईकल सवार नही रूका तथा तेजी से मोटरसाईकिल को कच्चे रास्ते पर मोडकर भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त का पीछा किया गया। आगे चलकर अभियुक्त की मोटरसाईकल अनियंत्रित होकर गिर गयी। अभियुक्त मोटरसाईकल को वहीं छोडकर ईंख के खेतों में छुप गया। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की घेराबन्दी की गयी तथा आत्मसमर्पण की चेतावनी दी गयी। अभियुक्त पर चेतावनी को कोई असर नही हुआ तथा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी। बदमाश द्वारा की गयी फायरिंग में पुलिस टीम बाल-बाल बची। पुलिस टीम द्वार बदमाश की फायरिंग रेंज में घुसकर आत्मरक्षार्थ सूक्ष्म जवाबी फायरिंग की गयी जिसमें अभियुक्त (दोनों पैरों में घुटने के नीचे गोली लगने से) घायल हो गया।

# इंटर कॉलेज की स्थापना को चेयरमैन जहीर फारूकी ने एससीएसटी आयोग सदस्य को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** नगर पंचायत कार्यालय पुरकाजी के सभागार में अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के सदस्य महिपाल सिंह बाल्मीकि ने सभी कर्मचारियों सहित बिजली के एसडीओ-जेई नायब तहसीलदार, लेखपाल, तथा आपूर्ति विभाग के अधिकारियों की मीटिंग सभी कर्मचारियों ने नगर पंचायत पुरकाजी के चेयरमैन जहीर फारूकी की जमकर प्रशंसा की नगर पंचायत से कोई शिकायत ना होना बताया सभी कर्मचारियों ने राशनकार्ड और आयुष्मान कार्ड बनवाने की मांग रखी सदस्य महिपाल बाल्मीकि ने सभी कामों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए इस मौके पर चेयरमैन पुरकाजी जहीर फारूकी ने आयोग के सदस्य के सामने



पुरकाजी में सरकारी इंटर कॉलेज बनवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। चेयरमैन ने बताया कि जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर ने जहीर फारुकी द्वारा दी गई 8 बीघा भूमि पर कोलिज बनवाने का प्रस्ताव शासन के भेज रखा हैं लेकिन आज तक कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं हो पाई है। इस मौके पर समर काजमी, रविकांत सफाई नायक,पप्पन बाल्मिकी ,मेनपाल बाल्मीकि, रविन्द्र बाल्मीकि, राजेंद्र बाल्मीकि, नरेश बाल्मीकि, राजा बाल्मीकि, नीरज बाल्मीकि, रोहित बाल्मीकि आदि कर्मचारीगण मौजूद रहे।।

# योगी जी, देवबन्द चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्रों पर कब रुकेगी घटतौली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** भाजपा सरकार में जहाँ बड़े बड़े माफिया जेलों की हवा काट रहे हैस और जिन लोगो की अपराध की दुनिया मे तूती बोलती थीस और वह गेर कानूनी कार्यो में लिप्त रहते थे वह आज जेल की सलाखों में अपना समय बिता रहे है।और तो और जब से देश प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से जहाँ देश प्रदेश में बडे पैमाने पर आपराधिक कार्यो में गिरावट आई हैस और देश प्रदेश में क्राइम का ग्राफ बहुत हद तक कम हुआ है।और आम जनता यह कहते हुए नजर आ रहे है कि भाजपा राज में गलत कार्य नही चलेंगे और देश प्रदेश में आपराधिक लोगो के खिलाफ बड़ी कार्यवाही होने से आम जनमानस को बड़ी राहत मिली है।

वही मिलावट खोरो पर जहाँ बड़े पैमाने पर भाजपा सरकार में कार्यवाही हुई है।वही दो वर्ष पूर्व जहाँ जिले के एक चीनी मिल के खिलाफ गन्नाआयुक्त द्वारा घटतौली करने पर सीधे कार्यवाही करते हुए चीनी मिल मालिको सहित घटतौली में लिप्त अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर की कार्यवाही की गई थी। जिससे पूरे प्रदेश में हड़कम्प मच गया था।और गन्नाआयुक्त कि इस कार्यवाही का पूरे प्रदेश के किसानों ने प्रशँसा की थी और अब किसानों में यह उम्मीद जगी थी कि आगे भविष्य मे प्रदेश के गन्ना किसानों के साथ घटतौली नही होगी ।जिससे किसानों के साथ होने वाली घटतौली से पूरी तरह मुक्ति मिल जायेगी।दो वर्ष पूर्व हुई चीनी मिल के खिलाफ घटतोली की एफआईआर से जिले की सभी चीनी मिलो के गन्ना क्रय केंद्र घटतोली मुक्त हो गए थे।लेकिन इस कार्यवाही के दो सप्ताह बाद फिर से घटतौली की शुरुआत हो गयी थी। और इतने वर्षो से की जा रही घटतौली की आदत भला एकदम कैसे छूट सकती थी। जिसके बाद किसानों को यह उम्मीद जगी थी कि अब आगे दिनों मे किसी भी चीनी मिल द्वारा फिर से घटतौली नही की जायेगी,किसानों को गन्ना क्रय केंद्रों पर घटतोली से मुक्ति मिल जाएगी लेकिन देवबन्द चीनी मिल द्वारा भाजपा सरकार और गन्नाआयुक्त को ठेंगे पर रखते हुए यह दिखा दिया कि मुख्यमंत्री योगी हो या प्रधानमंत्री मोदी हो या फिर गन्नाआयुक्त घटतौली के खिलाफ कितने ही आदेश करले या कोई भी कार्यवाही कर ले वह तो अपना चीनी मिल अपने तरीके से ही चलाएंगे इस क्षेत्र में देवबन्द चीनी मिल के दर्जनों से भी अधिक गन्ना क्रय केंद्र क्षेत्र में लगे हुए है वही क्षेत्र के किसान नेता नसीम त्यागी, मासूम मेंबर सहित अनेको किसानों ने बताया कि बार बार मांग करने के बाद भी घटतोली पर क्यों रोक नहीं लग रही हे । अनेको बार जब इस मामले की शिकायत मिल अधिकारियों से की गई तो कहा गया कि जल्द ही इस समस्या को दूर कर देंगे लेकिन किसानों के साथ बदस्तूर गन्ना क्रय केंद्रों पर घटतोली की जा रही हे और देवबन्द चीनी मिल द्वारा गन्ना क्रय केंद्रों पर घटतौली करने का साहस मिल अधिकारियों में कहा से आ जाता हे यह तो वह ही जान सकते है। लेकिन किसानों द्वारा बार बार गुहार लगाने के बाद भी देवबन्द चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्रों पर घटतौली नही रुकना किसानों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।और इससे साफ हो चला है कि देवबन्द चीनी मिल के लिए कोई नियम कानून मायने नही रखता है और वह अपने मिल को अपने हिसाब से चलाते है ।और देवबन्द चीनी मिल के लिए मुख्यमंत्री और गन्नाआयुक्त के आदेशों के कोई मायने नही है और किसान नेताओं मासूम मेंबर,नसीम त्यागी ने तत्काल देवबन्द चीनी मिल की घटतोली रोकने की मांग की हे

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नीलगाय से टकराई तेज रफ़्तार बाइक, महिला की मौत, पुत्र व नातिन गम्भीर

**बाइक पर सवार होकर पानीपत से मुजफ्फरनगर शादी में शामिल होने के लिए जा रहे थे तीनों लोग, सदर कोतवाली क्षेत्र के आउटर रिंग रोड पर स्थित ऐरटी चौराहे के निकट हुआ दर्दनाक हादसा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** सदर कोतवाली क्षेत्र के आउटर रिंग रोड पर स्थित ऐरटी चौराहे के निकट तेज रफ्तार बाइक अचानक से सड़क पर आई नीलगाय से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार 62 वर्षीय महिला की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका पुत्र व नातिन गम्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे में मृतका की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। शुक्रवार को हरियाणा के पानीपत की महादेव कॉलोनी निवासी नूरजह. ां॰62॰ व उसका पुत्र इंतजार तथा नातिन तमन्ना बाइक पर सवार होकर मुजफ्फरनगर शादी में शामिल होने जा रहे थे। बाइक को इंतजार चला रहा था, जबकि नूरजहां व तमन्ना पीछे बैठे थे। दोपहर करीब एक बजे जैसे ही वह सदर कोतवाली क्षेत्र के आउटर रिंग रोड पर स्थित ऐरटी चौराहे से करीब दो सौ मीटर आगे पहुंचे, तभी उनकी बाइक जंगल की ओर से अचानक सड़क पर आई नीलगाय से टकरा गई। नीलगाय से टकराकर बाइक सवार तीनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर औद्योगिक क्षेत्र पुलिस चौकी प्रभारी एसआई राजकुमार बघेल व कांस्टेबल पवन कुमार आदि घटनास्थल पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने हादसे में घायल तीनों लोगो को राहग. ीरों की सहायता से अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों ने गम्भीर रूप से घायल नूरजहां को मृत घोषित कर दिया। नीलगाय से टकराकर बाइक भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने मामले की सूचना मृतका के परिजनों को दी, जिस पर रोते-बिलखते परिजन कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे। बाद में पुलिस ने मृतका के शव को पंचायतनामा भरने के पश्चात पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे में घायल इंतजार को मेरठ व तमन्ना को पानीपत ले जाया गया है। जहां पर उनकी हालत भी नाजुक बताई जा रही है। हादसे से परि. जनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं, औद्योगिक क्षेत्र चौकी प्रभारी ने बताया कि सड़क हादसे में महिला की मौत हुई है, उसका पुत्र व नातिन गम्भीर रूप से घायल है। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## प्रभात मलिक बने भाकियू युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय किसान यूनियन युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने जिले की कार्यकारणी में फेरबदल करते हुए हाथी करा. ेदा निवासी प्रभात मलिक को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह ने हाईकमान के आदेश पर जनपद शामली की कार्यकारणी में फेरबदल किया है। उन्होने गांव गोहरनी निवासी मोहित शर्मा को युवा जिलाध्यक्ष पद से हटाकर युवा मंडल महासचिव सहारनपुर मनोनीत किया है, जबकि गांव हाथी करोदा निवासी प्रभात मलिक को युवा जिलाध्यक्ष मना. ेनीत किया है। प्रभात मलिक ने बताया कि जल्द की युवा मोर्चा की नई कार्यकारणी की घोषणा की जाएगी।

# स्कॉर्पियो और टेंपो की टक्कर टेंपो चालक सहित सवारी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग गांव भभीसा में स्कॉर्पियो कार ने एक टेंपो में टक्कर मार दी टेंपो में सवार चालक और चार महिला पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। शुक्रवार को मुजफ्फरनगर जनपद के गांव पारसौली निवासी रवि पुत्र यशपाल अपने टेंपो में बुढ़ाना से सवारी भरकर कस्बे के लिए आ रहा था। टेंपो चालक जैसे ही थाना क्षेत्र के गांव भभीसा में पहुंचा तो विपरीत दिशा से आई एक स्कार्पियो ने टेंपो में टक्कर मार दी। टेंपो सड़क पर पलट गया टेंपो में सवार पत्नी मोहम्मद अली निवासी मोहल्ला खेल, राबिया पत्नी मुरसै शांति नगर, कावया पत्नी इस्लाम, डीडावली मुजफ्फरनगर, व भूरा पुत्र हमीद निवासी ग्राम रथेड़ी मुज्जफर नगर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने हादसे की जानकारी डायल 112 पुलिस को दी। पुलिसकर्मियों ने सभी घायलों का उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। कार चालक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया पुलिस ने स्कॉर्पियो कार व टेंपो को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।



# 100 मीटर दौड़ में रमन हाउस की अदीबा ने जीता खिताब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मेरठ करनाल हाईवे स्थित सेंट आरसी कॉन्वेंट स्कूल में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में 100 मीटर बालि. का दौड़ कक्षा 9 में रमन हाउस की अदिबा प्रथम, आजाद हाउस की अनन्या द्वितीय और रमन हाउस की राधा तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 10 की 100 मीटर बालक दौड़ में टैगोर हाउस के अमन ने प्रथम, टैगोर हाउस के माहिब ने द्वितीय तथा आजाद हाउस के अभिनव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छोटे बच्चों की दौड़ में टैगोर हाउस की आर्या प्रथम, टैगोर हाउस की दिवयांशी द्वितीय तथा रमन हाउस के आरव तृतीय रहे। प्रतियोगिताओं का संचालन मयंक हुड्डा व दीपा रानी ने किया। इसके बाद सभी हाऊस कैप्टन ने मशाल जलाकर एवं ध्वजों के साथ मार्च पास्ट किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथि जीआईसी के प्रधानाचार्य अमित कुमार मलिक, नगर पंचायत चौयरमेन सुरेशपाल कश्यप, स्कूल प्रबंधक प्रमोद सरोहा व प्रधानाचार्य अरविंद खैवाल द्वारा सरस्वती मां के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों ने बच्चों को खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लेने तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। अंत में प्रबंधक प्रमोद सरोहा व प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित कर आभार व्यक्त किया।

# प्रेस वार्ता में उठाई किसानों की बढ़ती समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय किसान यूनियन सेवक (अ.) की एक प्रेस वार्ता आज शामली शहर के वेदांश पैलेस में आयोजित की गई, जिसमें भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक सोम ने किसानों और मजदूरों की बढ़ती समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। दीपक सोम ने गन्ना भुगतान, फसलों के उचित मूल्य, सोसायटी में खाद-यूरिया की कमी, आवारा गोवंश, तथा विभिन्न कृषि व श्रमिक मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक सोम ने सर्वप्रथम गन्ना भुक्तान का विषय रखा गया। उन्होंने कहा कि चीनी मिलों पर बकाया भुगतान लंबित है, जिससे किसान आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन और मिल प्रबंधन से तत्काल भुगतान कराने की मांग की।इसके बाद दीपक सोम ने फसलों का उचित मूल्य न मिलने की समस्या पर चिंता जताई। दीपक सोम का कहना है कि किसानों की फसलों की मौजूदा बाजार दरें लागत के अनुरूप नहीं हैं, जिससे उनकी मेहनत का सही लाभ नहीं मिल पा रहा। दीपक सोम ने सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कठोरता से खरीद सुनिश्चित करने तथा किसानों को लाभकारी मूल्य देने की मांग रखी।

दीपक सोम ने क्षेत्र की कृषि सोसायटियों में खाद और यूरिया की कमी का मुद्दा विशेष रूप से उठा। दीपक सोम ने बताया कि खाद की उपलब्धता बेहद कम है जिससे किसानों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और कई जगहों पर खाद की कालाबाजारी की



शिकायतें भी सामने आई हैं। उन्हेंने प्रशासन से खाद-यूरिया की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने और कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

आवारा गोवंश की समस्या भी प्रमुख मुद्दा रही। दीपक सोम ने बताया कि आवारा पशु फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं तथा कई किसानों और मजदूरों को आवारा पशुओं हमला कर चोटिल किया है। उन्होंने गौशालाओं की संख्या बढ़ाने, प्रबंधन सुधारने और आवारा पशुओं को नियंत्रित करने के लिए ठोस योजना लागू करने की मांग की।इसके अलावा किसानों और मजदूरों ने अन्य समस्याएं भी रखीं, जिनमें सिंचाई संसाधनों एवं सुविधाओं की कमी, खेतों तक पहुंचने वाले मार्गों की खराब स्थिति।

मजदूरों को समय पर उचित मजदूरी न मिलना, बिजली की अनियमित कटौती और बिजली के बढ़ते बिल की समस्या, राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक सोम ने घोषणा की कि जल्द ही सभी मुद्दों को संकलित कर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा, संगठन के प्रचार-प्रसार को और मजबूत करने का निर्णय लिया गया। भारतीय किसान यूनियन सेवक (अ.) द्वारा गांव-गांव जनसंवाद अभियान चलाया जाएगा, सोशल मीडिया के माध्यम से किसानों की समस्याओं को व्यापक रूप से उठाया जाएगा और अधिक से अधिक किसानों और युवाओं को संगठन से जोड़ा जाएगा, यदि शासन प्रशासन ने किसानों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान नहीं किया तो संगठन बड़े आंदोलन की तैयारी करेगा, प्रेस वार्ता में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से पदों का वितरण किया गया जिसमें प्रशांत राणा को पश्चिम उत्तर प्रदेश का युवा अध्यक्ष, अनीस राणा को जिला मीडिया प्रभारी (शामली), अजमल पुंडीर को युवा मंडल अध्यक्ष (सहारनपुर), महराज अहमद को जिला उपाध्यक्ष शामली,सद्दाम राणा को युवा तहसील अध्यक्ष (शामली) की जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर दीपक सोम राष्ट्रीय अध्यक्ष,विनीत त्यागी राष्ट्रीय प्रवक्ता, कर्म सिंह बाबू मंडल उपाध्यक्ष सहारनपुर, शैदा प्रधान जिला उपाध्यक्ष मुजफ्फरनगर,राज कुमार राणा सहारनपुर,जयकुमार राणा देव. बंद, मूसा ठेकेदार जिला सचिव मुजफ्फरनगर, सहित सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# विकासभवन में सीएम डैश बोर्ड की समीक्षा बैठक संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** डीएम शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज विकास भवन के सभागार में सीएम डैश बोर्ड पर आधारित विकास कार्यों एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में जिला. धिकारी ने विकास कार्यों एवं राजस्व कार्यों की विभाग वार समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को सीएम डैश बॉर्ड पर दर्शाया गया डाटा के अनुसार लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति के निर्देश दिए साथ ही जिन विभागों की प्रगति खराब मिली उन विभागों को कड़ी फटकार लगाते हुए जहां कमी है उसमें सुधार करते हुए प्रगति के निर्देश दिए। ताकि जनपद की रैंकिंग ठीक रहें।विकास कार्यों की बैठक में समीक्षा के दौरान सीएम डैशबोर्ड के बिन्दु पर संतोष जनक जवाब न देने पर प्रेम नारायण शुक्ल जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक शामली को नोटिस के निर्देश दिए। समीक्षा में यूपीपीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर को भैंसवाल में प्रस्तावित स्पोर्ट स्टेडियम निर्माण की तकनीकी करवाई समय से पूर्ण करने को लेकर कड़ी फटकार सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश।बैठक में जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए जितने भी निर्माण कार्य चल रहे हैं उन्हें क्वालिटी का विशेष ध्यान रखते हुए समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण करने के निर्देश संबंधित कार्यदाई संस्था को दिए। साथ ही यह भी निर्देश दिए की जो भी निर्माणाधीन कार्य है उनका निरीक्षण भी कराया जाए। समीक्षा के दौरान जिला. धिकारी ने कलेक्ट्रेट, विकास भवन और पुलिस लाइन के निर्माण कार्य को गति देते हुए जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश संबंधित कार्यदाई संस्था को दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, सत्एन्द्र सिंह,अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), शामली, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारी व राजस्व विभाग की बैठक में सभी एसडीएम सहित समस्त संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम न्यायालय की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने 12वें दिन भी जारी रखा धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील में ग्राम न्यायालय को लेकर अधिवक्ता लंबे समय से मांग कर रहे हैं लेकिन भूमि उपलब्ध न होने के कारण अधिवक्ताओं की मांग पूरी नहीं हो पा रही है जिसे लेकर बारहवें दिन भी अधिवक्ताओं ने अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखते हुए धरना प्रदर्शन कर मुख्यमन्त्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। तहसील में ग्राम न्यायालय की स्थापना को लेकर अधिवक्ता लगातार आंदोलन कर रहे हैं इस संबंध मे अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी अरविंद चौहान से मिलकर भूमि उपलब्ध कराने की मांग की थी अधिवक्ताओं का कहना है कि जिलाधिकारी द्वारा भूमि उपलब्ध कराने से मना कर दिया। जिसको लेकर



तहसील बार एसोसिएशन के आह्वान पर अधिवक्ता बारह दिन से हड़ताल कर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। शुक्रवार को धरने पर जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी भी पहुंचे तहसील बार संघ के अध्यक्ष सचिन मलिक ने शामली से पहुंचे पदाधिक. ारी को पूरे प्रकरण से अवगत कराया तथा ग्राम न्यायालय की स्थापना में सहयोग देने की मांग की जिला बार संघ अध्यक्ष राजपाल सिंह ने कहा कि आपकी मांग न्याय उचित है तथा अधिकारियों को हठ धर्मिता छोड़कर इसे पूरी करनी चाहिए उन्होंने धरने पर बैठे अधिवक्ताओं से एक प्रतिनिधिमंडल शामली जिला अधिकारी से मिलने के लिए भेजने को कहा जिसके साथ जिला बार संघ के पदाधिकारी भी जिलाधिकारी से मिलेंगे ताकि आपकी मांग पूरी हो तथा आंदोलन में पूरा सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। अधिवक्ताओं का कहना है कि तहसील में रजिस्ट्री कार्यालय भी अस्थाई रूप से चल रहा है तथा पूर्ति कार्यालय भी लेकिन ग्राम न्यायालय को अस्थाई रूप से चलाने की अनुमति नहीं दी जा रही है।



## चोरी की चेन के साथ महिला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली पुलिस ने चोरी की एक वारदात में शामिल एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सोने की चेन बरामद कर ली है। गत 24 सितंबर को शहर के कमला कॉलोनी निवासी उद्यमी अनुज गर्ग पुत्र निवास गर्ग के घर कथा का आयोजन चल रहा था, इसी दौरान अज्ञात चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए वहां मौजूद करीब आधा दर्जन महिलाओं के गले से सोने की चेन पर हाथ साफ कर दिया था। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। इसी क्रम में शुक्रवार को चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग अभियान के दौरान घटना में वांछित महिला नैना पत्नी सिल्वा, निवासी शंकरपुर दिल्ली ॷपूर्व निवासी मदनगीर, थाना अंबेडकर नगर, दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया। महिला के पास से सोने की चौन बरामद हुई है। इसी प्रकरण में 14 अक्तूबर को एक अन्य आरोपी ज्योति पत्नी स्व। सुरेश, निवासी सीपीओ मदनगीर, थाना अम्बेडकर नगर दिल्ली को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

# पिकअप गाड़ी चोरी के मामले में बरामद नहीं होने पर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना से चार दिन पूर्व पिकअप गाड़ी चोरी के मामले में पुलिस द्वारा पिकअप गाड़ी बरामद नहीं करने पर पीड़ितों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर पिकअप गाड़ी बरामद करने की गुहार लगाई है।

शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी अमित पुत्र वीरसेन ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर बताया कि पीड़ित ने विगत 17 नवंबर को अपनी पिकअप गाड़ी सड़क के किनारे खाली पड़े प्लाट में खड़ी कर रखी थी। रात्रि के समय चोरों ने मौका पाकर उसकी पिकअप गाड़ी चोरी कर ली चोरी की घटना पास के लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पीड़ित की तहरीर




पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था मगर अभी तक पीड़ित की पिकअप गाड़ी बरामद नहीं हुई।पीड़ित ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरो में अपनी पिकअप गाड़ी की तलाश की तो उसकी पिकअप गाड़ी क्षेत्र के दिल्ली रोड एलम की ओर चोर गाड़ी को ले जाते हुए कैमरों में दिखाई पड़ रहे हैं। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस पिकअप गाड़ी तालाश करने में उनकी मदद नहीं कर रही है और ना ही कई दिन बीत जाने के बाद उनकी पिकअप गाड़ी पुलिस ने बरामद की है। पीड़ित गाड़ी मालिक ने अपने परिवार जनों के साथ शुक्रवार को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर अपनी पिकअप गाड़ी बरामद करने की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मामले में अभियोग दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम चोरों की तलाश कर रही है जल्दी पिकअप गाड़ी बरामद कर ली जाएगी।

## एक नजर

### दहेज हत्या में एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना आदर्शमंडी क्षेत्र में हुई दहेज हत्या के मामले में पुलिस ने वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गत 16 सितंबर को मृतका के परिजनों ने थाना आदर्शमंडी में दहेज हत्या संबंधी तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी एनपी सिंह ने घटना में शामिल आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। शुक्रवार को थाना आदर्शमंडी पुलिस ने दहेज हत्या में वांछित आरोपी मोहित कुमार जयपाल, निवासी ग्राम टिटौली को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया।

### नाबालिग साली को बहला-फुसलाकर ले गए आरोपित, रिश्ते को मना करने पर रची साजिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन कस्बे के एक मोहल्ले में रहने वाली एक महिला ने अपनी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाना भवन में तहरीर देकर कठोर कार्रवाई की मांग की है।तहरीर में पीड़िता ने बताया कि उसकी बड़ी पुत्री की शादी दो वर्ष पूर्व कमल निवासी ग्राम जगदीशपुरा, जिला सोनीपत ॷहरियाणाॹ के साथ हुई थी। पीड़िता की 16 वर्षीय छोटी पुत्री के लिए बड़ी पुत्री के देवर की ओर से रिश्ता आया था, लेकिन नाबालिग होने की वजह से परिजनों ने यह रिश्ता स्वीकार नहीं किया। आरोप है कि रिश्ता मना किए जाने से नाराज होकर बड़ी पुत्री के ससुराल पक्ष के लोगों ने मिलकर नाबालिग लड़की को ले जाने की योजना बनाई। पीड़िता के घर पर मौजूद न होने का फायदा उठाते हुए आरोपितों ने उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गए। जब पीड़िता ने ससुरालियों से पुत्री के बारे में जानकारी लेनी चाही, तो आरोपितों ने उसे धमकी भी दी।पीड़िता की तहरीर पर थाना भवन पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि नाबालिग लड़की की तलाश की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### दहेज हत्या के मामले में एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 16.9.2025 को थाना आदर्शमण्डी क्षेत्रान्तर्गत दहेज हत्या के संबंध में मृतका के परिजनो द्वारा थाना आदर्शमण्डी पर लिखित तहरीर दी गई । दाखिला तहरीर के आधार पर थाना आदर्शमण्डी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया । पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश प्रभारी निरीक्षक आदर्शमण्डी को दिए गए थे। इसी क्रम में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा दहेज हत्या के मामले में वांछित 1 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त मोहित कुमार जयपाल निवासी ग्राम टिटौली थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली है।

### चोरी के मामले में एक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 24.9.2025 को वादी अनुज पुत्र निवास गर्ग निवासी कमला कालोनी जनपद शामली के घर पर कथा के आयोजन के दौरान अज्ञात चोरों द्वारा गले से सोने की चेन चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना कोतावाली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत हुई चोरी की घटना में वांछित 1 अभियुक्ता गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्ता के कब्जे से चोरी की 01 चेन पीली धातु बरामद हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है तथा 14.10.2025 को अभियुक्ता ज्योति पत्नी स्व. सुरेश निवासी सीपीओ मदनगिर थाना अम्बेडकरनगर नई दिल्ली को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। गिरफ्तार अभियुक्ता नैना पत्नी सिल्वा निवासी शंकरपुर दिल्ली पूर्व निवासी मदनगीर थाना अम्बेडकर नगर दिल्ली है।

### महिला ने दबंग पर लगाया प्लांट मांगने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा निवासी महिला ने एक व्यक्ति पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी देने और उस से जबरदस्ती एक प्लांट मांगने का आरोप लगाते हुए आरोपी के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। शुक्रवार को कस्बा निवासी महिला फरजाना पत्नी निसार ने बताया कि वह दिल्ली में रहती है और उसकी जमीन कस्बे के मोहल्ला मौलानान में स्थित है। पीड़िता अपनी पुश्तैनी जमीन में प्लाटिंग कर रही है और चार दिवारी के लिए सीमेंट के पिलर भी लगा रखे हैं। पीड़िता का आरोप है कि कस्बा निवासी मेहताब पीड़िता के साथ आए दिन दुर्व्यवहार करते हुए परेशान करता रहता है आरोपी पीड़िता से जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती एक पलट की मांग कर रहा है। आरोपी ने उसकी जमीन से पिलर भी चोरी कर रखे हैं। पीड़ित महिला ने आरोपी के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### डाक विभाग मे सरकारी नौकरी के नाम पर ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** डाक विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर आरोपी ने पीड़ित से लाखों रूपए वसूल कर लिए परंतु पीड़ित को नौकरी नहीं दिलाई जब पीड़ित ने अपने पैसों की मांग की तो आरोपी ने उसे धमका कर भगा दिया पीड़ित ने थाना भवन थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। मामले में कार्रवाई नए होते देख पीड़ित ने उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई उच्चधिकारियों के आदेश पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी है। थाना भवन नगर निवासी अनुज पुत्र सुरेश चन्द ने थाना भवन थाने में तहरीर दी कि पीड़ित को आरोपी उपेन्द्र पुत्र ओमा निवासी ग्राम साहटू थाना भौराकंला जिला मुजफ्फरनगर व वर्तमान में ग्राम कूटबा स्थित डाकघर डाकपाल की पोस्ट पर कार्यरत है। आरोप है कि उपेन्द्र ने अनुज से डाक विभाग में एमटीएस की पोस्ट पर लगाने के नाम पर पांच लाख रूपये यह कहकर लिए कि मेरी अधिकारियो से सैटिंग है। आरा. ेपी ने बताया कि वह पहले भी कई नौकरी लगवा चूका हूं। पीड़ित ने भी आरोपी उपेन्द्र की बातो पर विश्वास कर विभिन्न किस्तों में नगद वह खाते में ट्रांसफर करते हुए रुपये 500000 उपेंद्र को दे दिए। आरोपी पीड़ित को लगातार जॉइनिंग लेटर आने की बात कहता रहा परंतु नौकरी नही लगवाई गई। मामले में अनुज ने आरोपी के सभी दस्तावेज व मोबाइल रिकॉर्डिंग पुलिस को सोते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की उधर उच्च अधिकारियों के आदेश पर थाना भवन पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### झगड़े का बीच बचाव करने गए व्यक्ति पर चाकू से हमला

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल में अपने परिवार के साथ मारपीट कर रहे एक युवक ने बीच बचाव करने आए पड़ोसी व्यक्ति पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया पीड़ित ने थाने पर पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी अंसार ने बताया कि पड़ोस का युवक अपनी मां और भाई के साथ मारपीट कर रहा था। मारपीट के दौरान पड़ोस के लोग मौके पर जमा हो गए। और पीड़ित भी मौके पर पहुंचकर बीच बचाव करने लगा। आरोप है कि तभी आरोपी युवक ने पीड़ित पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित व्यक्ति ने शुक्रवार को थाने पर पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपी युवक की तलाश में जुटी हुई है।

# किसानों को परेशान कर रही केंद्र सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को भाकियू सेवक के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर दीपक सोम ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार किसानों की समस्याओं का समाधान न कर किसानों को परेशान करने का काम कर रही है। पिछले तीन माह से किसान खाद की कमी से जूझ रहा है, लेकिन प्राईवेट गोदाम खाद के कटटो सें भरे पडे है।




शुक्रवार को शहर के माजरा रोड स्थित एक बारातघर में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाकियू सेवक के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर दीपक सोम ने कहा कि 15 अक्टूबर 2025 को उनके संगठन का गठन किया गया है। संगठन का मुख्य उददेश्य किसानों की समस्याओं को उठाना है। गन्ना भुगतान, सिंचाई की समस्या को लेकर वह आन्दोलन कर रहे है। कहा कि पिछले तीन महीनों से किसान खाद की समस्या से जूझ रहा है। किसान के आधार कार्ड पर सिर्फ दो खाद के कटटे उपलब्ध कराए जा रहे है। कई कई दिनों तक किसान अपने ट्रेक्टर ट्राली लेकर समिति पर पडा रहा, लेकिन खाद नही मिल सकी, जबकि प्राईवेट गोदाम खाद से भरे पडे है। गांव में बिजली दस घंटे से भी कम आ रही है, जिस कारण सिंचाई नही हो पा रही। गांव में विद्युत मीटर खराब होने पर बिजली कर्मी किसान से वसूली करते है। स्मार्ट मीटर किसानों को बर्बाद करने के लिए लगाए जा रहे है, जिस पर सरकार को विचार करने की जरूरत है। कहा कि प्रदेश सरकार ने 30 रूपये गन्ना का भाव बढाया, लेकिन यह लाभकारी मूल्य नही है। गन्ने का भाव 450 रूपये होना चाहिए। कहा कि केन्द्र सरकार 80 करोड लोगों को फ्री राशन देने का दावा करती है, जिससे स्पष्ट है कि सरकार का आय दोगुणा करने का वादा झूठा रहा। सरकार पूंजीपतियों को लाभ पहुंचा रहा है। इस दौरान उन्होने गांव भैसानी निवासी डा। अजमल पुंडीर को मंडल अध्यक्ष सहारनपुर, सददाम राणा को युवा तहसील अध्यक्ष शामली, अनीस राणा को जिला मीडिया प्रभारी, शाहिद राणा को नगर अध्यक्ष थानाभवन और प्रशांत राणा को युवा पश्चिमी यूपी अध्यक्ष मनोनीत किया। इस अवसर पर राकेश राजपूत, राव सद्दाम, मेहराज अहमद, राव भूरा आदि मौजूद रहे।

## जानलेवा हमले का चौथा वांछित आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** 7 अगस्त को दिलशाद निवासी ग्राम बसेडा ने गांव के ही कुछ लोगो के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने की नीयत से फायर करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली कैराना पर मुकदमा दर्ज कराया था। एसपी ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को मामले की जांच करके आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। शुक्रवार को एसपी शामली नरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत दभेड़ी खुर्द चौकी प्रभारी एसआई जितेंद्र त्यागी ने जानलेवा हमले के मामले में वांछित चल रहे आरोपी दानिश निवासी ग्राम बसेड़ा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया है। पुलिस अभी तक मामले में नामजद कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है।

# सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देश पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज-5 के अंतर्गत शुक्रवार को जनपद शामली में 'ऑपरेशन मुक्ति अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य बाल विवाह एवं बाल श्रम के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए ऐसे बच्चों को बचाना था।



अभियान के तहत अंतर विभागीय टीम ने नगर पालिका कैराना क्षेत्र में सघन रेस्क्यू अभियान चलाया। टीम ने कैराना के विभिन्न प्रतिष्ठानों मिठाई की दुकानों, मैकेनिक वर्कशॉप, होटल, ढाबों एवं अन्य दुकानों पर पहुंचकर गहन निरीक्षण किया। इस दौरान 18 वर्ष से कम आयु के बाल श्रमिकों की तलाश की गई। निरीक्षण के दौरान ए-वन बाइक लैमिनेशन, शहजाद ऑटो वर्क्स, भूरा ऑटो स्पेयर पार्ट्स, इंडियन डेंटिंग पेंटिंग सेंटर, महादेव प्रोफेशनल मॉडिफिकेशन सहित कई प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई, जहां कुल 9 नाबालिग बालक कार्यरत पाए गए। श्रम विभाग के श्रम प्रवर्तन अधिकारी विद्यांचल शुक्ला ने बाल श्रम के मामलों में सम्बंधित प्रतिष्ठानों पर चालान की कार्रवाई की तथा नोटिस जारी करते हुए विधिक कार्रवाई सुनिश्चित कराई। इस अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 टीम के दीपक कुमार, जिला बाल संरक्षण इकाई से सोशल वर्कर रीमा चौधरी, थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट से उपनिरीक्षक उपेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार एवं पंकज कुमार मौजूद रहे।

## दो अलग-अलग व्यक्तियों की हृदय गति रुकने से मौत, परिजनों में मातम

**कांधला।** नगर के मोहल्ला खेल निवासी 65 वर्षीय दिलशाद पुत्र शमशाद की अचानक सीने में तेज दर्द महसूस होने पर जमीन पर गिर पड़े। परिजनों ने उनकी हालत बिगड़ते देख चीख-पुकार मचा दी। परिजन आनन-फानन में उन्हें कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उपचार के दौरान दिलशाद को हार्ट अटैक आने की बात कहते हुए मृत घोषित कर दिया। दिलशाद के निधन की सूचना मिलते ही रिश्तेदारों और आसपास के लोगों की भीड़ घर पर जुट गई। पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है।दुसरी और सर्राफा व्यापारी मोहल्ला रायजादगान निवासी अनिल उर्फ पप्पू की हृदय गति रुकने से तबीयत गंभीर हो गई। परिवार के लोग उन्हें तुरंत शामली स्थित एक निजी चिकित्सालय में लेकर पहुंचे, लेकिन वहां डॉक्टरों ने जांच के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि अनिल उर्फ पप्पू लंबे समय से व्यापार से जुड़े हुए थे और क्षेत्र में शांत स्वभाव के लिए जाने जाते थे। उनकी अचानक मौत से व्यापारियों में भी शोक का माहौल बना हुआ है। दोनों परिवारों में मातम छाया हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## खेत जा रहे युवक के साथ गाली-गलौज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी एक युवक ने गांव कई कई लोगों पर रंजिश के चलते पीड़ित पर जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज कर पीड़ित का पीछा करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है,पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन देकर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी आशू पुत्र सुखबीर ने बताया कि गांव के कई लोग पीड़ित व उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। पीड़ित व उसके चाचा के साथ आरोपियों ने कई महा पूर्व जानलेवा हमला करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया था। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।

# भास्कर इंटरनेशनल स्कूल में विधायक खेल प्रतियोगिता हुई सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** भास्कर इंटरनेशनल स्कूल, कैराना में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग द्धन्व्ैस्ऋ के अंतर्गत विधायक खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, शामली द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद इकरा हसन, विधायक नाहिद हसन, भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य मृगांक सिंह के सुपुत्र शिवम् चौहान तथा विद्यालय के चेयरमैन हाजी नसीम कुरैशी (एडवोकेट) मौजूद रहे।



प्रतियोगिता के दौरान एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, कुश्ती, भारोत्तोलन, जूडो, फुटबॉल सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। कबड्डी, बैडमिंटन, लॉन्ग जंप, रेस, वॉलीबॉल, जैवलिन थ्रो आदि में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मेडल हासिल किए और अपने स्कूल व क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। कैराना विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।मुख्य अतिथियों ने बच्चों को खेलों में निरंतर मेहनत व समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। सांसद इकरा हसन ने छात्रों को शुरुआती उम्र से ही खेलों में सक्रिय रहने की सलाह दी, जबकि विधायक नाहिद हसन ने सपनों को मेहनत से पूरा करने पर बल दिया। शिवम् चौहान ने कहा कि यह प्रतियोगिता बच्चों के कौशल निखारने और खेल के क्षेत्र में भविष्य संवारने का श्रेष्ठ अवसर है।विद्यालय के चेयरमैन हाजी नसीम कुरैशी द्धएडवोकेटऋ ने बच्चों को खेल और शिक्षा दोनों में उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया व भविष्य में और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। निदेशक फैसल कुरैशी, सचिव मुशब कुरैशी, विद्यालय स्टाफ और अन्य स्कूलों के शिक्षक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।यह आयोजन क्षेत्र में खेलों के प्रति नई ऊर्जा, जागरूकता और उत्साह का केंद्र बन गया है।

## एक नजर

### ट्रैक्टर का बाइक की टक्कर में घायल वन अधिकारी की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन में एक दिन पूर्व गुरुवार में हुए ट्रैक्टर व बाइक टक्कर हादसे में घायल वन विभाग के कनिष्ठ सहायक अधिकारी सुधीर बो. हरा की उपचार के दौरान मौत हो गई घटना से जहां विभाग में शोक व्याप्त है वहीं परिवार में भी कोहराम मचा है। वन विभाग शामली के सर्वेयर सुमित कुमार ने थाना भवन थाने में गुरुवार को तहरीर दी थी कि गुरुवार सुबह राजकीय कार्य हेतु शामली वन विभाग कार्यालय से सहारनपुर शिवालिक वन प्रभाग की ओर जा रहे थे। उनके साथ सुधीर बोहरा कनिष्ठ सहायक अधिकारी भी मौजूद थे। सुबह लगभग 10 बजे जब वह थाना भवन स्थित बजाज शुगर मिल के पास पहुंचे, तभी शुगर मिल से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली तेज गति से बाहर निकली जो अचानक हाईवे पार करने लगा। अचानक सामने आए ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल टकरा गई, जिससे बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत मौके से फरार हो गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल सुधीर बोहरा को तत्काल शामली के गंगा अमृत हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उन्हें ICU में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा था जहां उपचार के दौरान उनको मौत हो गई। पुलिस ने सब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है वही फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

### एसपी ने किया परेड का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने शहर के नवीन पुलिस लाइन में आयोजित परेड का निरीक्षण किया। एसपी ने परेड की सलामी ली और इसमें शामिल अधिकारियों एवं पुलिस कर्मचारियों के टर्नआउट, ड्रिल कौशल तथा संपूर्ण अनुशासन का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन की परिवहन शाखा एवं यूपी-112 इकाई में तैनात वाहनों की स्थिति, संसाधनों की उपलब्धता और उनके रख-रखाव की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी वाहन पूर्णत: कार्यशील स्थिति में रहें और नियमित देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। एसपी ने पुलिस लाइन परिसर में स्थित आरटीसी मैस, बैरक, पेयजल, स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति और अन्य बुनियादी सुविधाओं का सघन निरीक्षण किया। प्रशिक्षण अभ्यर्थियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और सुझावों को सुना। इसके अतिरिक्त, उन्होंने परिसर में निर्माणाधीन भवनों की प्रगति का भी जायजा लिया और निर्माण गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों व निर्धारित समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के पश्चात एसपी ने अर्दली रूम में रखे विभिन्न रजिस्टरों जैसे आगमन-प्रस्थान पंजिका, शस्त्र रजिस्टर, मालखाना अभिलेख, दैनंदिन डायरी एवं निरीक्षण रजिस्टर का अवलोकन किया। अभिलेखों को सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रखने के साथ-साथ पारदर्शी कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर सीओ सिटी अमरदीप मौर्य, सीओ थानाभवन जित. ेंद्र सिंह, प्रतिसार निरीक्षक विक्रम सिंह मौजूद रहे।

# झिंझाना में सफाईकर्मियों की दूसरे दिन भी हड़ताल जारी अध्यक्ष पर शोषण के आरोप तेज





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** नगर पंचायत झिंझाना में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही, जिससे कस्बे की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। सफाई कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेशपाल द्वारा वाल्मीकि समाज के कर्मचारियों का लगातार शोषण और दुर्व्यवहार किया जा रहा है, जिसके विरोध में सभी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं।

सफाई कर्मचारियों के धरने को नगर पंचायत के कई सभासदों एवं भारतीय किसान यूनियन द्धभाकियूऋ के पूर्व युवा जिला अध्यक्ष आशीष चौधरी, उपाध्यक्ष बिल्लू राणा का खुला समर्थन मिला। वहीं, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष घनश्याम पर्चा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नौशाद ठेकेदार, शामली नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारियों ने भी कस्बे में चल रही हड़ताल के सहयोग किया। वहीं बाल्मिकी समाज शामली के प्रधान देवेंद्र धींगन ने चेतावनी भी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं होता है तो जनपद के सभी सफाई कर्मचारी हड़ताल करेंगे। सभासदों ने कहा कि कर्मचारियों के साथ हो रहा भेदभाव किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं बिल्लू राणा ने कर्मचारियों को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया तथा कहा कि प्रशासन को जल्द से जल्द मामले को संज्ञान में लेकर समाधान निकालना चाहिए। हड़ताल के दूसरे दिन भी शासन.प्रशासन का कोई अधिकारी कर्मचारियों से वार्ता करने नहीं पहुंचा, जिससे कर्मचारियों में आक्रोश और बढ़ गया। इसी बीच नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेशपाल ने अपनी हठधर्मिता के चलते प्राइवेट लोगों को बुलाकर सफाई कराने का प्रयास किया, लेकिन सफाई कर्मचारियों ने उन मजदूरों से सहयोग की अपील करते हुए स्थिति समझाई। इसके बाद प्राइवेट मजदूर वापस लौट गए और उन्होंने सफाई करने से इंकार कर दिया। सफाई कर्मचारियों ने बताया कि शनिवार को नगर पंचायत कार्यालय पर ही धरना दिया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर समर्थन देंगे। लगातार दो दिनों से सफाई व्यवस्था ठप होने के कारण गली.मोहल्लों में कूड़े के ढेर लगने लगे हैं, जिससे आम नागरिकों में भी नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस मौके पर सफाई नायक अमित कुमार, आनंद चंचल, विनोद कुमार, चमनलाल, पदम, किशनलाल, गौतम, दीपक, राजेश, प्रदीप, ललित, जितेंद्र टांक, देवेंद्र बिड़ला, राजू राणा, संजू झा, आकाश, भानू, रवि गहलोत, सोनू, विश्वास, अमित वाल्मीकि, बीनू, मनीष, लक्ष्मी, रेशमा, मोनिका, रेखा, सुमन, सहित कर्मचारी एवं समाज के लोग मौजूद रहे।

## स्थानीय दुकानदार का वर्जन









प्रदीप शर्मा का कहना है कि कस्बे में दो दिन से सफाई बंद है। दुकान के सामने कूड़े के ढेर लग गए हैं। दुर्गन्ध की वजह से ग्राहक भी रुक नहीं रहे। बच्चों और बुजुर्गों को बीमारियों का डर सताने लगा है। प्रशासन जल्द कदम उठाए।

युसुफ कुरैशी पूर्व सभासद का कहना है कि गली में इतनी गंदगी हो गई है कि दरवाजा खोलना मुश्किल है। मच्छर और मक्खियां बढ़ गई हैं। नगर पंचायत की लापरवाही की वजह से हम परेशान हैं। हड़ताल खत्म कराने की जिम्मेदारी प्रशासन की है।

विपिन रुहेला का कहना है कि स्कूल जाने वाली सड़क पर जगह.जगह कूड़ा फैला है। दुर्गन्ध से सांस लेना तक मुश्किल हो रहा है। सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर सही हैं, लेकिन प्रशासन को तुरंत समाधान निकालना चाहिए।

रवि मित्तल का कहना है कि इस बदबू में दो मिनट भी नहीं बैठ सकते। बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष और प्रशासन को तुरंत सफाई बहाल करवानी चाहिए वरना हालात और बिगड़ेंगे।



## तमंचे सहित युवक गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल

**कांधला।** पुलिस ने गश्त के दौरान तमंचा लेकर घूम रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया है। दूसरी और गंगेर रोड पर झगड़ा करें दो लोगों का चालान किया है। शुक्रवार को थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। पुलिस टीम ने क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग पर एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया जब पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया तो आरोपी युवक भागने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए युवक को पकड़ लिया तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गुलफाम निवासी मोहल्ला शेखजादगान बताया। पुलिस ने अभियोग दर्ज कर शुक्रवार को आरोपी को जेल भेज दिया। दूसरी और कस्बे के गंगेरू मार्ग पर झगड़ा कर रहे मकान मालिक जाहिद और शहजाद के बीच गाली-गलौज और मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।





## अवैध कॉलोनियों पर नगर पंचायत की बड़ी कार्रवाई, नोटिसों के बाद भी जवाब न देने पर चला बुलडोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत थाना भवन क्षेत्र में बिना अनुमति काटी जा रही अवैध कॉलोनियों पर शुक्रवार को नगर पंचायत प्रशासन ने कड़ी कार्यवाही की। अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा के नेतृत्व में नगर पंचायत टीम ने मुल्लापुर रोड स्थित कृष्णा नदी किनारे विकसित की जा रही फै"याज कॉलोनी राशिद, जाहिद, सादिक, खालिद पुत्र फै"याज एवं अमीना खातून पत्नी खुर्शेद में पहुंचकर निर्माण कार्यों की जांच की और अनियमित पाए जाने पर कई निर्माण संरचनाओं को जेसीबी से ध्वस्त किया।नगर पंचायत द्वारा पिछले दिनों कॉलोनाइजरों को कई बार नोटिस जारी कर कॉलोनी से संबंधित आवश्यक कागजात, स्वीकृति पत्र, नक्शा एवं अनुमति प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था। निर्धारित समय गुजरने के बावजूद आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए।

शुक्रवार को मौके पर पहुंची टीम ने पाया कि बिना अनुमति के नींव और अधनिर्मित निर्माण कार्य तेजी से जारी हैं। इस पर अधिशासी अधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए चेतावनी स्वरूप कई निर्माण हिस्सों पर बुलडोजर चलवा दिया। अधिशासी अधिकारी ने स्पष्ट चेता. वनी दी कि यदि आठ दिन के भीतर सभी जरूरी कागजात पूरे कर कॉलोनी को नियमानुसार स्वीकृत नहीं कराया गया, तो कॉलोनी को पूर्ण रूप से अवैध घोषित कर पूरी तरह ध्वस्त किया जाएगा। इसी दौरान नगर पंचायत टीम ने क्षेत्र में काटी जा रही अन्य नई कॉलोनियों का भी निरीक्षण किया। कॉलोनाइजरों को निर्देश दिया गया कि कॉलोनी में पानी निकासी, बिजली व्यवस्था, पानी की टंकी, पाइपलाइन, सड़कों एवं मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना अनिवार्य है, अन्यथा संबंधित कॉलोनी पर भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

नगर पंचायत की इस कार्रवाई से अवैध रूप से कॉलोनी काटने वाले कॉलोनाइजरों में हड़कंप मच गया है। मौके पर अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा के साथ दफ्तर बाबू संजय कुमार, वासिक अहमद, मनीष शर्मा, फैजान, उमर पासा, अंशुल, कांत सहित नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विधायक अशरफ अली खान सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति उप्र विधानसभा का सदस्य नामित



**लखनऊ/शामली।** उत्तर प्रदेश विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार थानाभवन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशरफ अली खान को वर्ष 2025-26 के लिए सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति Public Undertakings & Corporation Joint Committee का सदस्य नामित किया गया है। यह प्रतिष्ठित समिति राज्य के विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों, निगमों एवं उनके कार्य-व्यवहार, वित्तीय अनुशासन, कार्यक्षमता, पारदर्शिता तथा जनहितकारी योजनाओं की निगरानी करने वाली प्रमुख समितियों में से एक है। इस मनोनयन पर विधायक अशरफ अली खान ने विधानसभा अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश शासन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मैं प्रदेश के सार्वजनिक उपक्रमों एवं निगमों की कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी, उत्तरदाई एवं जनहितकारी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के परिप्रेक्ष्य में पदाधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13.12.2025 के आयोजन में अधिक से अधिक पादों का निस्तारण सुनिश्वित कराने हेतु आज 21.11.2025 को बैठक आहूत की गई, जिसकी अध्यक्षता मती सीमा वर्मा नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अपर जिला सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पोक्सो, जिसमें, सुरेन्द्र कुमार राय, अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश अनुसूृ. चत जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, शामली, मती आंचाल कसाना, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा



प्राधिकरण, शामली सुयश भारतीय स्टाप विभाग, अजय कुमार जिला सेवा योजन विभाग शिवम मलिक सहकारी समीति, ऐश्वर्या शिक्षा विभाग, ऋषिपाल सिंह आईटीआई, प्रेमसिंह खाद्य विभाग, जाहिद अली त्यागी स्वास्थ्य विभाग, सतेन्द्र जिला उपभोक्ता फोरम, शामली उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाए जाने के बारे में उपस्थित पदा. धिकारियों के साथ विचार विमर्श किया गया तथा राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण अन्तिम रूप से कराकर सफल बनाए जाने हेतु अपना योगदान प्रदान करने हेतु कहा गया।

# पुलिस ने चलाया विशेष सत्यापन अभियान

## पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने स्थानीय अधिकारियों के साथ किराये पर रहने वाले लोगों का किया सत्यापन

■ पुलिस दिल्ली धमाके के बाद से लगातार क्षेत्र में बरत रही है सतर्कता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** दिल्ली धमाके के बाद से पुलिस लगातार सतर्कता बरत रही है। पुलिस ने नगर में विशेष सत्यापन अभियान चलाते हुए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ विभिन्न क्षेत्रो में किराये के मकानों में रहने वाले लोगों का सत्यापन किया। साथ ही उनके दस्तावेजों की गहनता से जांच की।

विशेष सत्यापन अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने स्थानीय अधिकारियों के साथ नगर के विभिन्न मोहल्लों और कॉलोनियों में किराये के मकान लेकर रहने वाले लोगों का सत्यापन किया। इस दौरान परिवार के साथ रहने वाले दूसरे राज्यों के नागरिकों, मदरसा छात्रों और घरेलू सहायकों से पूछताछ करते हुए उनके सभी दस्तावेजों की गहनता से जांच की। इसके साथ ही मकान मालिकों से किरायेदारों से संबंधित आईडी प्रूफ, किरायानामा, पिछला पता और मोबाइल नंबरों के बारे में जानकारी जुटाई। एसपी देहात सागर जैन ने लोगों को संदिग्ध गति. विधियों पर पैनी नजर रखते हुए मकान मालिकों एवं नागरिकों को सत्यापन प्रक्रिया के महत्व के प्रति जागरुक भी किया। उन्होंने स्थानीय पुलिस को संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त निगरानी व गश्त बढ़ाने और संदिग्ध व्यक्तियों और गति. विधियों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमर पाल शर्मा आदि अधिकारी शामिल रहे।



# छात्राओं को दी प्रौद्योगिकी एवं सुरक्षा से संबंधित जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** श्री राम कृष्ण योगाश्रम इण्टर कॉलेज में मिशन शक्ति सामर्थ्य और संकल्प हब फॉर वूमेन योजना के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं को प्रौद्योगिकी एवं सुरक्षा से सम्बंधित जानकारी दी गई।

श्री राम कृष्ण योगाश्रम इण्टर कॉलेज प्रागण में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य अरुण कुमार गोयल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा आज की छात्राएं भविष्य की नेतृत्वकर्ता हैं, उन्हें केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं बल्कि तकनीकी ज्ञान और सुरक्षा के प्रति भी सजग होना आवश्यक है।

अध्यापिका ममता वर्मा ने कहा कि प्रौद्योगिकी ने हमारे जीवन को सरल और सुरक्षित बनाया है, लेकिन इसके उपयोग में सतर्कता भी आवश्यक है। कार्यक्रम में ऑनलाइन सुक्षा और महिला शक्तिकरण पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर राखी शर्मा, आशु कपिल, राजकुमारी, धलेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार आदि छात्र-छात्राएं व स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।



# उपजिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** धर्म स्थल की भूमि पर अवैध रुप से कब्जा कर कॉलोनी काटने का प्रयास किए जाने का आरा. ेप लगाते हुए अखिल भारतीय जन जागृति सेना के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी युवराज सिंह को ज्ञापन दिया।

अखिल भारतीय जन जागृति सेना के राष्ट्रीय प्रमुख अधिवक्ता ठाकुर सुरेंद्र पाल सिंह व अन्य पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी युवराज सिंह को सौंपे ज्ञापन में बताया कि श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर में ध्यानू भगत का उपवन व समाधि सैकड़ों वर्षों से स्थित है। यह भूमि देव स्थान की है। आरोप लगाया कि इसकी देखरेख करने वाले कुछ लोगों ने राजस्व कर्मचारियों से साज कर खेवट में अपने नाम दर्ज करा रखे हैं। जिसका उन्हें कोई अधिकार नहीं है। बताया कि यह लोग अब धर्म स्थल पर कॉलोनी काटकर बेचने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने एसडीएम से मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है यदि प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता तो हिंदू समाज इन्हें जबरदस्ती रोकने का काम करेगा। ज्ञापन देने वालों में संजय कुमार, हरिओम सिंह, राजेश शर्मा, सियाराम, शशिकुमार आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।



# संदिग्ध परस्थितियों में मासूम लापता

**देवबन्द।** ग्रामीण के घेर में अन्य बच्चों के साथ खेल रहा चार वर्षीय मासूम संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजन और पुलिस मासूम की तलाश कर रहे हैं, लेकिन 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी उसका कुछ पता नहीं लगा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बन्हेड़ा खास निवासी शराफत ने बताया कि गुरुवार की शाम करीब चार बजे उसका 4 वर्षीय भतीजा आहद घर के पास ही निर्माणाधीन घेर में दो अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान मासूम संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। बच्चे को इधर उधर तलाश किया गया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। बताया कि घेर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग चेक की गई तो उसमें केवल दो बच्चे आते दिखाई दे रहे हैं, जबकि उनके ही साथ खेल रहा आहद गायब है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मासूम की गुमशुदगी दर्ज की गई है। पूछताछ के आधार पर पुलिस बच्चे की तलाश कर रही है।



# प्रदेश स्तर पर प्रतिभागी छात्र को ट्राफी देकर किया सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** कबड्डी प्रतियोगिता में छात्र ने प्रदेश स्तर पर प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने पर विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

डॉ. भीमराव आंबेडकर नगर राज्य विद्यालयी क्रीडा संस्थान अयोध्या में हुई 69वीं प्रदेशीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करके लौटे श्री गांधी वैदिक इंटर कॉलेज के 11वीं कक्षा के छात्र आदित्य लांबा का विद्यालय में स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य ओमनाथ ने बताया की छात्र आदित्य लांबा ने अंडर-17 आयु वर्ग में प्रदेश स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। छात्र को प्रदेश स्तर का प्रमाण पत्र और ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष धर्मवीर सिंह और प्रबंधक जोगेंद्र कुमार समेत विद्यालय स्टाफ ने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की।



# धामपुर में युवक का शव संदिग्ध हालात में मिला

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** ग्राम भटियाना खुशहालपुर में बीती देर रात उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के ही 21 वर्षीय युवक शिवम का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए इसकी लिखित शिकायत दी है।

जानकारी के अनुसार शिवम चौहान, जो दो भाई-बहनों में इकलौता पुत्र था। कुछ महीने पहले नौकरी के सिलसिले में जम्मू- कश्मीर गया था और दो दिन पहले ही अपने गांव लौटा था। घर में जल्द ही उसके चचेरे भाई शुभम का रिश्ता होना था और परिवार में तैयारियां चल रही थीं। इसी बीच गुरुवार रात शिवम अपने चचेरे भाई के घर से लौट रहा था, तभी गांव की एक गली में उसका शव खून से लथपथ हालत में मिला। उसके मुंह से खून बह रहा था, जिससे किसी हमले की संभावना मजबूत हो रही है। घटना की सूचना पर रात में ही एएसपी पूर्वी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया। परिजनों का कहना है कि शिवम शांत स्वभाव का था और किसी से उसका कोई विवाद नहीं था। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि कहीं कोई व्यक्तिगत रंजिश, पुराना तनाव या फिर प्रेम प्रसंग से जुड़ा कोई विवाद तो इसकी वजह नहीं है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, घटनास्थल से अभी तक कोई स्पष्ट सुराग नहीं मिला है। लिहाजा पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।



# फर्जी बैनामा कांड में बड़ी कार्रवाई

## गिरफ्तार पांचों आरोपी जेल भेजे, रिटायर्ड दरोगा सहित अन्य की तलाश

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** थाना शेरकोट क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर रची गई हैरान कर देने वाली साजिश में धामपुर पुलिस ने अब बड़ी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपियों को जेल भेज दिया है। वहीं पूरे खेल के मास्टरमाइंड बताए जा रहे सेवानिवृत्त दरोगा राजेंद्र सिंह, उनका दामाद अमित कुमार सिंह और वीरेंद्र की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपियों को भी पकड़ लिया जाएगा।

यह मामला तब सुर्खियों में आया जब शेरकोट के मौहल्ला चौधरियान निवासी अमित कुमार सिंह और उसके ससुर व पूर्व दरोगा राजेंद्र सिंह ने पुलिस से शिकायत की थी कि पड़ोसी संदीप गहलौत और सरीन गहलौत ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे उनकी लगभग दो बीघा जमीन का बैनामा करा लिया है। मामला गंभीर था और शिकायतकर्ता लगातार दावा कर रहे थे कि उनके साथ धोखा हुआ है। पुलिस ने इसी आधार पर जांच शुरू की। लेकिन जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, पूरा मामला उलटता चला गया। एएसपी पूर्वी एके श्रीवास्तव की गहन जांच में सामने आया कि जो आरोपी बनकर शिकायत कर रहे थे, वही असल में इस फर्जीवाड़े के मुख्य संचालक थे। जांच में स्पष्ट हुआ कि 25 जून को जो बैनामा कराया गया था, वह अमित कुमार सिंह के ही नाम पर था, लेकिन उसमें भी उनके परिचित सुरेंद्र उर्फ पुनीत को 'अमित कुमार' बनाकर पेश किया गया था। दस्तावेजों पर हस्ताक्षर भी उसी ने किए। इसके बाद अमित और उसके ससुर ने पड़ोसियों पर झूठा आरोप लगाकर उन्हें फंसाने की कोशिश की।

इस साजिश में हिमांशु, कोमल और जयदेव को गवाह बनाकर शामिल किया गया था, जिससे पड़ोसी परिवार को फंसाने की पूरी तैयारी कर ली गई थी। लेकिन पुलिस जांच में जब परत दर परत सच सामने आया, तो पूरा खेल बेनकाब हो गया।

साजिश का खुलासा होने के बाद पुलिस ने परवेंद्र, सुरेंद्र उर्फ पुनीत, हिमांशु, कोमल और जयदेव को गिरफ्तार किया। मंगलवार को सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाने के अनुसार पांचों के खिलाफ सबूत मजबूत हैं और आगे की कार्रवाई तेज की जा रही है।

उधर, मुख्य आरोपी बताए जा रहे अमित कुमार सिंह, सेनानिवृत्त दरोगा राजेंद्र सिंह और वीरेंद्र फरार चल रहे हैं। पुलिस इनके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। अधिकारी के मुताबिक मामले की गंभीरता और साजिश की गहराई को देखते हुए इन फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

घटना ने पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना दिया है। लोगों का कहना है कि जमीन विवाद को लेकर इस हद तक योजना बनाकर किसी निर्दोष को फंसाने की कोशिश चौंकाने वाली है। पुलिस की त्वरित जांच और कार्रवाई के बाद अब पूरा मामला साफ हो चुका है और कानून अपना काम कर रहा है।



## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर चर्चा

**कोतवाली देहात।** भाजपा महेश्वरी जट मण्डल द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान महिला सम्मेलन का आयोजन ब्लॉक कोतवाली के डबाकरा हाल में किया गया। सम्मेलन में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि डा. नेहा त्यागी ने महिलाओं को अपने अधिकारों और जिम्मेदारियां के प्रति जागरूक किया। उन्होंने स्वदेशी चीजों को अपनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला उपस्थित रही। महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रीना त्यागी, रीना कश्यप, ममता, मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा, विनीत चौधरी, अनिल विश्नोई, ऋषि त्यागी, पारुल, पिंकी, कुसुम लता, रेखा, सोनम, ममता, रूपा आदि मौजूद रहे।

## गन्ना भुगतान कराने की मांग

**चांदपुर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी से पीबीएस फूड शुगर मिल द्वारा गन्ना भुगतान कराये जाने की मांग की है। वरिष्ठ कार्यकर्ता देवेंद्र उर्फ बिट्टू के नेतृत्व में इस बाबत एसडएम को मांग पत्र दिए जाने की तैयारी की जा रही है। मीडिया प्रभारी मुस्तकीम राजप. ूत ने बताया कि हमारा संगठन किसान हित में आवाज उठाते हुए पीबीएस फूड्स शुगर मिल द्वारा नवीन गन्ना सत्र 2025-26 मे खरीदे जा रहे गन्ना का भुगतान की मांग करता है, जबकि शासनादेशानुसार 14 दिन में किसान से खरीदे गए गन्ने का भुगतान कर देने के सख्त आदेश हैं, लेकिन सरकारी शासनादेशों को भी मिल अधिकारी ताक में रखकर मनमानी कर रहे है। संगठन ने कहा कि यदि एक दो दिन मे भुगतान नहीं भेजा गया तो संगठन मिल परिसर में धरना प्रदर्शन करेगा, जिसकी जिम्मेदारी मिल प्रबंधक तंत्र की होगी। इस अवसर पर मुस्तकीम राजप. ूत, सूरज कश्यप, हर गुलाल सिंह, दयाराम सिंह, गुड्डू खान, नफीस अहमद, इमरान खान आदि मौजूद थे।

## छात्र को बेरहमी से पीटा

**नहटौर।** नहटौर के एक स्कूल के छात्र भारत एकता पदयात्रा में शामिल होने के लिए आए थे। दोपहर करीब दो बजे पदयात्रा का कार्यक्रम संपन्न होने पर स्कूली छात्र धामपुर मार्ग पर हल्दौर चौराहे के पास खड़ी स्कूली बस में बैठने के लिए आ गए थे और बस में बैठने लगे थे। प्रत्यदर्शियों के मुताबिक तीन युवक बाईक से आए। एक युवक हाथ में गन्ना काटने वाला कसला लेकर आ गया, जिससे अफरा तफरी मच गई। काफी देर तक हंगामा मचा रहा। एक छात्र के साथ बेल्टो से मारपीट होने पर अन्य छात्र सहम गए। मारपीट होती रही और लोग तमाशबीन बने रहे।

## टूर्नामेंट में आज खेले गए चार मैच

**चांदपुर।** नगर के हिन्दू इंटर कॉलेज के मैदान में चल रहे द्वितीय विवेक कप नार्थ जोन हॉकी टूर्नामेंट में आज अजान ग्रुप दिल्ली, आधारशिला स्कूल और बीकेजी ज्वैलर्स के सहयोग एवं चांदपुर स्पोर्ट्स सोसायटी के प्रयास से बाबू कैलाश चंद्र मित्तल और सरदार इकबाल सिंह लोहिया की स्मृति में 4 मैच खेले गए। पहला मैच रामपुर हॉस्टल और फरीदाबाद टीम के बीच में खेला गया, जिसमें रामपुर हॉस्टल ने फरीदाबाद को सेकंड शूटआउट में 1-0 से हराया।

# 26 नवम्बर को मुजफ्फरनगर में होगी संविधान बचाओ रैली

शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर ने कहा कि 26 नवंबर को मुजफ्फरनगर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में संविधान बचाओ रैली होने जा रही है। जिसकी सफलता के लिए पार्टी कार्यकर्ता दिन-रात सर्वसमाज के लोगों से मिलकर रैली को सफल बनाने के लिए अपील कर रहे है।

आज अपने निवास पर एक मुलाकात के दौरान आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर ने कहा कि आजाद समाज पार्टी, भीम आर्मी राष्ट्रीय अध्यक्ष नगीना लोकसभा सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के आह्वान पर 26 नवंबर को मुजफ्फरनगर में होने वाली संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने के लिए अपनी रुपरेखा तैयार करते हुए मुजफ्फरनगर के लिए बड़ी संख्या में बसों, कारो व अन्य वाहनों का रेला सुबह सवेरे ही अपने निर्धारित स्थानों से रवाना होगा।

उन्होंने कहा कि हम सभी अपने सांसद सर्वजन लोकप्रिय नेता एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद की आवाज है और उनको और अधिक मजबूत बनाना है, तभी हम संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ सकेंगे। मौहम्मद ताहिर ने कहा है कि यह रैली ही नहीं बल्कि महारैला होगी, जिसे ऐतिहासिक बनाने के लिए हम और आप सभी को एक मंच पर आना है और मुजफ्फरनगर पहुंचना है।



## रोडवेज बस की बाइक से भिड़ंत

**नहटौर।** कोतवाली देहात मार्ग पर ब्लॉक के गेट के सामने आज दोपहर एक रोडवेज बस की बाइक से भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार नूरपुर क्षेत्र के गांव भैंसा मिलक निवासी जोगेंद्र सिंह घायल हो गया। आस-पास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और रोडवेज बस को रोक लिया गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों पक्षों के बीच समझौता होने के पर बस अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गई। थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने जानकारी से इंकार किया है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की बात कही है।


**सूचना**

मैंने अपना नाम USMAN से बदलकर MOHD USMAN रख लिया है अब भविष्य में मुझे MOHD USMAN नाम से ही जाना जाये।

MOHD USMAN S/O NAFEES, PERMANENT ADDRESS-1108 MOHALLA KAYASTHWARA DEOBAND SAHARANPUR UP (अब मेरा नाम और पता ये ही रहेगा)

**सम्बंध विच्छेद**

मेरा बेटा ओसामा मेरे व परिवार के सदस्यों के साथ बुरा व्यवहार करता है और आए दिन झगड़ा करता है। इससे तंग व परेशान आकर मैंने ओसामा को चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इसके किसी भी कृत्य का मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

मुमताज पुत्र मुनफैत
निवासी मोहल्ला बड़जियाउलहक, देवबंद सहारनपुर।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद देवबन्द (सहारनपुर)

संख्या:- 1133 /ई-निविदा/2025-26 दिनांक: 21.11.2025

ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, देवबन्द, जनपद सहारनपुर की ओर से पालिका निधि / राज्यवित्त आयोग के अन्तर्गत निर्माण कार्यो हतु ई-निविदाएं वर्ष 2025-26 पालिका में पंजीकृत या देश के किसी भी राजकीय / शासकीय /सार्वजनिक उधम इत्यादि विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से उनके पंजीकरण की सीमान्तर्गत दिनांक 10.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे तक वैबसाईट www.etender.up.nic.in पर डबल बिड सिस्टम से (टेक्निकल/ फाईनेन्शल) ऑनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, टैण्डर मूल्य अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद देवबन्द के पक्ष में पालिका के खाता संख्या-0134000100199057 आई0एफ0एस0सी0 कोड-PUNB0013400 पंजाब नैशनल बैंक शाखा देवबन्द में नेट बेन्किंग /डी0डी0 निविदा के साथ डालना होगा एवं जमानत धनराशि 10 प्रतिशत एफ0डी0आर0/ डी0डी0/ एन0एस0सी0 के रूप में, जो अधिशासी अधिकारी के पक्ष में बन्धक, शपथ पत्र की मूलप्रति एवं पेन नम्बर, जी0एस0टी0, टी-4, टी-5 व टी-6 की छायाप्रति, निविदा में उल्लेखित शर्तो मे मांगे गये समस्त प्रपत्र स्वयं प्रमाणित निविदादाता को ऑनलाईन टेक्निकल बिड में अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रपत्र अपलोड न करने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जायेगी, जिस हेतु कोई क्लेम मान्य नही होगा एंव अपलोड किये गये समस्त प्रपत्र की मूल प्रति दिनांक 10.12.2025 को कार्यालय में सायः 04:00 बजे तक पालिका के निर्माण विभाग में जमा करने अनिवार्य होंगे। ऑनलाईन टैक्निकल निविदा दिनांक 11.12.2025 को दोपहर 10:00 बजे अपर जिलाधिकारी (स्था0नि0) महोदय सहारनपुर एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष वैबसाईट www.etender.up.nic.in द्वारा खोली जायेगी। टैक्निकल निविदा में क्वालीफाई करने वालें निविदाताओं की ही फाईनैनशियल बिड खोली जायेगी। विस्तृत कार्यो का विवरण पालिका में देखे जा सकते है, नियम व शर्ते विवरण एंव निविदा प्रपत्र वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है एवं पालिका कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। निविदा को स्वीकृत /अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| Publish Date and time for RFP | 27.11.2025 साय 4:00 बजे से |
| Last date & time for Submission of E-Bids | 10.12.2025 प्रातः 11:00 बजे तक |
| Date and time of opening Technical Bids | 11.12.2025 दोपहर 10:00 बजें |
| Palace of opening of E-bids | कार्यालय जिलाधिकारी /अपर जिलाधिकारी(प्र0) महोदय सहारनपुर कार्यालय नगर पालिका परिषद देवबन्द। |
| E-Bids Security of E-bids | 10% Security of Tender Value |
| E-Tender Document Processing fee | As Per Tender Value |

नोट:- बिना अग्रिम जमानत धनराशि / टेण्डर मूल्य के किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

**(राजपति बैस)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद देवबन्द**

**(विपिन कुमार)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद देवबन्द**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद देवबन्द (सहारनपुर)

संख्या-1134/निविदा/2025-26 दिनांक :-21-11-2025

निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद देवबन्द जनपद सहारनपुर के पंजीकृत ठेकेदारो ,वं अन्य किसी भी राजकीय/सार्वजनिक उद्यम विभागे में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद देवबन्द में पालिका/राज्यवित्त आयोग की उपलब्ध धनराशि से निर्माण कार्यो को कराये जाने हेतु दिनांक 05-12-2025 को दोपहर 12:00 बजे तक पालिका के रिकार्ड रूम कमरा न0 08 से क्रय कर इच्छुक फर्म/ठेकेदार को समस्त निविदा प्रपत्र दिनांक 05-12-2025 सायं 04:00 बजे तक अपने-अपने रेट निर्माण विभाग में रखे सीलबन्द बाक्स में डालने अनिवार्य होगे। निविदा पत्र के साथ 100/रू0 के स्टाम्प पर नोटेरी सत्यापित स्वः घोषण पत्र तथा 10 प्रतिशत धरोहर धानराशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0/ एन0,एस0सी0 अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद देवबन्द के नाम बंधक कराकर निविदा के साथ पालिका की शरायतो के अनुसार जमा करनी अनिवार्य होगी तथा अनुबन्ध हेतु 100रू0 का स्टाम्प कार्य स्वीकृति उपरान्त कार्यदेश जारी करने से पूर्व पालिका के निर्माण विभाग में जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद देवबन्द के समक्ष दिनांक 06-12-2025 को दोपहर 12:00 बजे ठेकेदारो की उपस्थिति में खोली जायेगीं। विस्तृत कार्यो का विवरण नियम व शर्ते पालिका कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| प्रकाशन दिनांक | 22-11-2025 |
| निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | 05-12-2025 सायं: 04:00 बजे तक |
| तकनीकी निविदा खोलने तिथि व समय | 06-12-2025 दोपहर 12:00 बजे से |
| वित्तीय निविदा खोलने तिथि व समय | तकनीकी निविदा खोलने के तुरन्त बाद |
| निविदा खुलने का स्थान | निर्माण विभाग कार्यालय नगर पालिकापरिषद देवबन्द। |
| धरोहर धनराशि | टेण्डर मूल्य का 10 प्रतिशत |
| निविदा प्रपत्र फीस | टेण्डर मूल्य के अनुसार |

नोट:- बिना अग्रिम जमानत धानराशि/टैण्डर मूल्य के किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

**(राजपति बैस)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद देवबन्द**

**(विपिन कुमार)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद देवबन्द**

# द. अफ्रीका के खिलाफ बराबरी करने उतरेगा भारत

**● कोलकाता में चौकाने वाली हार के बाद इंडिया इस छोटी दो मैचों की सीरीज में 0-1 से पीछे है**

**गुवाहाटी, वार्ता।** गुवाहाटी, एक ऐसा शहर जिसने पहले कभी कोई टेस्ट होस्ट नहीं किया है, कल उस तरह के ड्रामा के साथ लाइमलाइट में आएगा जैसा सिर्फ टेस्ट क्रिकेट में ही हो सकता है। कोलकाता में चौंकाने वाली हार के बाद इंडिया, इस छोटी दो मैचों की सीरीज में 0-1 से पीछे है। दूसरी तरफ, दक्षिण अफ्रीका एक ऐसी टीम के कॉन्फिडेंट स्वैगर के साथ उतरेगी जो जानती है कि वह इतिहास रच सकती है। भारतीय जमीन पर 2-0 की जीत उनके हाथ में है, और यकीन मानिए, वे इसका स्वाद चख सकते हैं। टॉस, हमेशा की तरह, सब कुछ हो सकता है। इस नई विकेट पर पहले बैटिंग करना ज्यादा सेफ ऑप्शन लगता है( पिच से शुरू से ही इनकंसिस्टेंट बाउंस और काफी टर्न मिलने की उम्मीद है। भारत यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल को भेजेगा, उम्मीद है कि वे नई बॉल के तूफान का सामना कर पाएंगे और पहले कुछ मुश्किल ओवर निकाल लेंगे। )षभ पंत पर नजर रखें, अगर वह जल्दी आ गए, तो इनिंग्स का पूरा पासा ही बदल जाएगा। वह अपने हिम्मत वाले स्ट्रोक्स से मोमेंटम बदल सकता है या जरूरत के हिसाब से हिम्मत से उसे बनाए रख सकता है। बरसापारा स्पिनरों के लिए स्वर्ग है। कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल बहुत जरूरी होंगे। पिछली बार, प्रोटियाज के बैट्समैन ने भारत से बेहतर टर्न लिया था, इसलिए उम्मीद है कि स्पिनर शुरू से ही अटैक करेंगे। दक्षिण अफ्रीका का जवाब पारी को संभालने के लिए टेम्बा बावुमा, एडेन मार्करम और रयान रिकेल्टन पर बहुत ज्यादा निर्भर करेगा, जबकि मिडिल ऑर्डर-वियान मुल्डर, ट्रिस्टन स्टब्स और काइल वेरेन-जब भी भारत को लगेगा कि वे आगे निकल गए हैं, तो निराश करेंगे। टेस्ट क्रिकेट जितना फिजिकल है, उतना ही मेंटल गेम भी है। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के पास नई बॉल से शुरुआत में ही बढ़त बनाने की ताकत है, और अगर वे स्ट्राइक करते हैं, तो भारत वापस कंट्रोल हासिल कर सकता है। लेकिन प्रोटियाज के बॉलर्स को देखिए: साइमन हार्मर और मार्को यानसन कोलकाता में मैजिक थे, और छोटी-मोटी दिक्कतों के बावजूद, उनके रिप्लेसमेंट आसान नहीं हैं। हर सेशन में ऐसे पल आएंगे जब मोमेंटम पेंडुलम की तरह बदलेगा। एक अच्छा स्पेल, एक स्मार्ट पार्टनरशिप, और अचानक स्कोरबोर्ड एक बहुत अलग कहानी बताता है। यह विकेट तेजी से खराब होगा। आखिर में बैटिंग करना एक बुरा सपना होगा। पहली इनिंग्स में 250 रन बनाने वाली कोई भी टीम कमांडिग पोजशिन में होगी। टॉस और इनिंग्स की टाइमिग का बहुत बड़ा रोल होगा। इंडिया कोलकाता जैसी एक और हार नहीं झेल सकता( नहीं तो, दक्षिण अफ्रीका का स्वीप एक असली पॉसिबिलिटी बन जाएगा। इसके उलट, एक सधी हुई, सब्र वाली शुरुआत और स्मार्ट पार्टनरशिप इंडिया के लिए एक क्लासिक कमबैक स्टोरी बना सकती हैं। तो, हम क्या उम्मीद कर सकते हैं? ड्रामा, टेंशन, शानदार पर्सनल परफॉर्मेंस, और मोमेंटम जो हर सेशन में बदलता है। इंडिया को कंट्रोल्ड अग्रेसन और कंपोजर के साथ जवाब देना होगा, जबकि साउथ अफ्रीका कोलकाता में शुरू किया गया लगातार प्रेशर बनाए रखने की कोशिश करेगा। भारत को शुरू में ही कंट्रोल करना होगा, सब्र से बैटिंग करनी होगी और स्पिनरों को बोलने देना होगा। दक्षिण अफ्रीका, अपने बैलेंस और कॉन्फिडेंस के साथ, किसी भी कमी का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। गुवाहाटी में पांच दिन का टेंशन भरा, दिलचस्प और अनप्रेडिक्टेबल टेस्ट क्रिकेट होने वाला है, ऐसा टेस्ट क्रिकेट जो बैट और बॉल दोनों के लिए बहुत मुश्किल होता है।

## गिल आधिकारिक तौर पर गुवाहाटी टेस्ट से बाहर, पंत कप्तान



**गुवाहाटी, वार्ता।** भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल गुवाहाटी में शनिवार से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। कोलकाता टेस्ट के दौरान गिल को गर्दन में चोट लगी थी और वह पूरे मैच से बाहर हो गए थे। भारत के उपकप्तान )षभ पंत इस मैच में भारतीय टीम के कप्तान होंगे। कोलकाता में गिल के मैदान छोड़ने के बाद भी पंत ने कप्तानी की थी, लेकिन औपचारिक तौर पर कप्तान के रूप में यह उनका पहला टेस्ट मैच होगा। कोलकाता के एक अस्पताल की निगरानी में कुछ समय बिताने के बाद गिल 19 नवम्बर को गुवाहाटी पहुंचे थे, लेकिन अब यह तय हो गया है कि वह मैच में हिस्सा नहीं लेंगे। शुक्रवार सुबह बीसीसीआई द्वारा जारी बयान के अनुसार गिल अपनी चोट की आगे की जांच के लिए मुंबई जाएंगे। ईएसपीएन क्रिकइंफो ने गुरुवार को ही यह बताया था कि गिल अगर इतनी जल्दी खेलते हैं तो उन्हें दोबारा गर्दन में खिचाव का खतरा है। इसलिए उन्हें और आराम की सलाह दी गई है। यह स्थिति दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 30 नवम्बर से शुरू होने वाले तीन वनडे मैचों में उनकी चयन संभावना पर भी असर डाल सकती है। उस सीरीज की टीम 23 नवम्बर को चुनी जाने की उम्मीद है। गिल का कोई रिप्लेसमेंट नामित नहीं किया गया है, जिसका मतलब है कि साई सुदर्शन, देवदत्त पड़िक्कल और नीतीश कुमार रेड्डी में से से कोई एक गिल की जगह लेगा।

## खेल विशेष

### जिम्बाब्वे की श्रीलंका पर चौंकाने वाली जीत

**रावलपिंडी, वार्ता।** जिम्बाब्वे ने यादगार ऑल-राउंड प्रदर्शन करते हुए रावलपिडी में श्रीलंका को 67 रन से हराया, ट्राई-सीरीज के दूसरे मैच में 162 रन के मामूली स्कोर का बचाव किया और फिर मेजबान टीम को सिर्फ 95 रन पर आउट कर दिया। मैच की शुरुआत ब्रायन बेनेट (49) और सिकंदर रजा (47) के टॉप-ऑर्डर के अच्छे योगदान से हुई, जिसके बाद रिचर्ड नगारवा और ब्रैड इवांस ने पांच विकेट लिए। यह जिम्बाब्वे की श्रीलंका पर तीसरी टी-20 जीत थी और इस फॉर्मेट में किसी फुल-मेंबर टीम के खलिाफ उनकी अब तक की सबसे बड़ी जीत भी थी। श्रीलंका के पहले बॉलिंग करने के फैसले के बाद, वानिदु हसरंगा (3/32) और ईशान मलिगा (2/27) ने जम्बिाब्वे की पारी में सबसे ज्यादा नुकसान किया, जरूरी पार्टनरशिप तोड़ी और यह पक्का किया कि टोटल कभी भी पार स्कोर से आगे न बढ़े। शुरुआत में कुछ विकेट गिरने के बाद, बेनेट और रजा ने तीसरे विकेट के लिए 61 रन की पार्टनरशिप की, जिससे टीम 40/2 से ऊपर उठ गई और टोटल को 180 की ओर ले जाने की कोशिश की, लेकिन हसरंगा ने 13वें ओवर में बेनेट को आउट किया और फिर अपने अगले ओवर में दो विकेट लेकर रन पर कंट्रोल रखा। जम्बिाब्वे 162/8 पर ही रुका, जो उस समय खास तौर पर ओस के कारण कम टोटल लग रहा था। लेकिन 163 का टारगेट श्रीलंका के लिए बहुत ज्यादा साबित हुआ। जिम्बाब्वे के बॉलर्स शुरू से ही हावी रहे, रिचर्ड नगारवा ने पिच पर जोरदार हिटिग की और पहले ही ओवर में पथुम निसंका का विकेट लेकर सबको चौंका दिया। कुसल परेरा दूसरे ओवर में टिनोटेंडा मापोसा की गेंद पर आउट हो गए, जबकि कुसल मेंडिस सातवें ओवर में रन आउट हो गए, जिससे श्रीलंका का स्कोर 25/3 हो गया।



## सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में हारे

**● पुरुषों की डबल बैडमिंटन रैंकिंग में तीसरे और टॉप सीड सात्विक-चिराग 13वीं रैंक वाली इंडोनेशियाई जोड़ से 50 मिनट में हार गए**

**सिडनी, वार्ता।** भारत की स्टार पुरुष डबल्स जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शुक्रवार को इंडोनेशिया के मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और फजर अल्फियन से हारकर ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 बैडमिटंन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। इस जोड़ी के बाहर होने के बाद, लक्ष्य सेन बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 बैडमिटंन इवेंट में अकेले बचे हुए भारतीय हैं। सिडनी के ओलंपिक बुलेवार्ड के क्वेसेंटर में हमवतन आयुष शेट्टी की चुनौती से बचकर वे सेमीफाइनल में पहुंच गए। पुरुषों की डबल्स बैडमिटंन रैंकिंग में तीसरे और टॉप सीड सात्विक-चिराग, 13वीं रैंक वाली इंडोनेशियाई जोड़ी से 50 मिनट में 21-19, 21-15 से हार गए। काफी नई जोड़ी होने के बावजूद, अल्फियन, जो मुहम्मद रियान अर्दिआंतो के साथ दो बार वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके हैं, और फिकरी इस साल जुलाई में जापान ओपन के लिए टीम बनाने के बाद से तेजी से आगे बढ़े हैं। इंडोनेशियाई जोड़ी ने एक साथ चाइना ओपन सुपर 1000 जीता और बहुत कम समय में डेनमार्क, कोरिया और फ्रेंच ओपन में रनर-अप रहे। फॉर्म में चल रही टीम के खिलाफ, जो बहुत कम समय में दुनिया में 13वें नंबर पर पहुंच गई है, सात्विक-चिराग ने तेज शुरुआत करने की कोशिश की और पहले गेम में 7-2 की बढ़त बना ली। हालांकि, इंडोनेशियाई खिलाड़ियों ने गेम में पकड़ बनाई और भारतीय जोड़ी की बढ़त को कम करना शुरू कर दिया, आखिर में 16-16 से बराबरी कर ली। भारतीय बैडमिटंन खिलाड़ी अभी भी 19-17 के स्कोर के साथ बढ़त लेने के फेवरेट लग रहे थे, लेकिन अल्फियन और फिकरी ने एक अहम मौके पर लगातार चार पॉइंट लेकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में, मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन सात्विक-चिराग ने इंटरवल तक एक पॉइंट की बढ़त बना रखी थी, लेकिन पांचवीं सीड इंडोनेशियाई जोड़ी ने रीस्टार्ट के बाद अपना गेम बेहतर किया और आसानी से गेम जीत लिया, और इसके साथ ही मैच भी जीत लिया कि यह दोनों जोड़ियों के बीच पहला मैच था। यह लगातार दूसरा 2025 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर इवेंट है जहां सात्विक-चिराग को इंडोनेशियाई जोड़ी ने नॉक आउट किया है। अल्फियन के लंबे समय के पार्टनर, एरिडेंटो और रहमत हिदायत अक्टूबर में फ्रेंच ओपन में उनके पहले राउंड से बाहर होने के लिए जम्मिेदार थे। पुरुष एकल में, पेरिस 2024 के सेमी-फाइनलिस्ट लक्ष्य सेन, जो मेन्स सिगल्स में 14वें और सातवें सीड हैं।

## पीटी उषा फिक्की लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व स्प्रिंट क्वीन और भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) की मौजूदा अध्यक्ष पीटी उषा को भारतीय खेलों में उनके असाधारण योगदान और एथलीटों की पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए शुक्रवार को फिक्की लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उषा, जिन्हें 'पफ्योली एक्सप्रेस' के नाम से भी जाना जाता है, को यह सम्मान फिक्की टर्फ 2025 - 15वें ग्लोबल स्पोर्ट्स समिट में दिया गया। अवार्ड लेते हुए उषा ने कहा कि भारतीय खेल तभी आगे बढ़ता है जब हम सब मिलकर आगे बढ़ते हैं। टैलेंट देश के हर कोने में मौजूद है, लेकिन मौका हर बच्चे तक पहुं. चना चाहिए।

## दीप्ति, वुलफार्ट, एकलस्टन और हीली डब्ल्यूएफ की मेगा नीलामी की मार्की खिलाड़ियों में शामिल

**● विदेशी खिलाड़ियों के लिए रिक्त कुल 23 उपलब्ध स्थानों के लिए 82 विदेशी खिलाड़ी उपलब्ध होंगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा और तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर दो भारतीय खिलाड़ी हैं जो आठ खिलाड़ियों वाले मार्की सेट में शामिल होंगी जिनसे डब्ल्यूपीएल 2026 की मेगा नीलामी की शुरुआत होगी।

अन्य खिलाड़ियों में सोफी डिवाइन, सोफी एकलस्टन, लॉरा वुलफार्ट, एलिसा हीली, मेग लैनिग और एमेलिया कर शामिल हैं। मार्की सेट में शामिल खिलाड़ियों में केवल रेणुका (40 लाख) और वुलफार्ट (50 लाख) दो खिलाड़ी हैं जिन्होंने 50 लाख की अधिकतम बेस प्राइस से अपनी बेस प्राइस कम रखी है। 73 रिक्त स्थानों के लिए कुल 277 खिलाड़ियों ने खुद को डब्ल्यूपीएल 2026 की नीलामी के लिए पंजीकृत कराया है। विद. ेशी खिलाड़ियों के लिए रिक्त कुल 23 उपलब्ध स्थानों के लिए 82 विदेशी खिलाड़ी उपलब्ध होंगी। बड़ी नीलामी 27 नवम्बर को दिल्ली में आयोजित होगी। यूपी वॉरियर्ज के लिए खेल चुकीं तीन खिलाड़ी - एकलस्टन, दीप्ति और हीली मार्की खिलाड़ियों में शामिल हैं। यूपीडब्ल्यू के पास चार राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड भी उपलब्ध होंगे, उन्होंने केवल एक अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी के रूप में श्वेता सहरावत को रिटेन किया है। हरलीन देओल ने 50 लाख की बेस प्राइस पर खुद को कैप्ड ऑलराउंडरों की सूची में पंजीकृत कराया है। वहीं गुजरात जायंट्स की उनकी टीम मेट फीबि लिचफील्ड ने भी 50 लाख की बेस प्राइस पर खुद को पंजीकृत कराया है। लेकिन जीजी लिचफील्ड के लिए आरटीएम का उपयोग नहीं कर सकती क्योंकि वह एश्ले गार्डनर और बेथ मूनी के रूप में पहले ही दो विदेशी खिलाड़ियों को रिटेन कर चुकी है। कैप्ड ऑलराउंडर में राधा यादव, स्नेह राणा, ग्रेस हैरिस, शिनेल हेनरी और एन श्री चरणी ने खुद को कैप्ड ऑलराउंडर्स की सूची में पंजीकृत कराया है। इनमें देओल को छोड़कर सभी ने खुद की बेस प्राइस 30 लाख निर्धारित की है। यूपीडब्ल्यू के लिए खेल चुकीं तालिया मैक्ग्रा और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेल चुकीं सोफी मोलिन्यू नीलामी पूल में शामिल ऑस्ट्रेलिया की 23 खिलाड़ियों में शामिल नहीं हैं। इंग्लैंड की 22, न्यूजीलैंड की 13 और दक्षिण अफ्रीका की 11 खिलाड़ी नीलामी पूल में शामिल हैं। चामरी अतापत्तू, हर्षिता समरविक्रमा और इनोका रनाव. ीरा श्रीलंका की ओर से नीलामी पूल में तीन खिलाड़ियों में शामिल हैं। यूपीडब्ल्यू और जीजी क्रमश: 14.50 करोड़ और 9 करोड़ के सबसे ज्यादा पर्स के साथ नीलामी में प्रवेश करेंगी।

## युवराज ने जीता इंडियन ऑयल सर्वो मास्टर्स खिताब

**● डिगबोई गोल्फ लिक्स में खेले गए मशहूर इंडियन ऑयल सर्वो मास्टर्स में 7 स्ट्रोक्स की जबरदस्त खिताबी जीत हासिल की**



**असम, वार्ता।** युवराज संधू ने लगातार दो प्लेऑफ हार के बाद शानदार वापसी की और शुक्रवार को डिगबोई गोल्फ लिक्स में खेले गए मशहूर इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स, जो 1 करोड़ रुपये का इवेंट है, में सात-स्ट्रोक की जबरदस्त खिताबी जीत हासिल की। युवराज (65-69-66-69), जिन्होंने तीसरे राउंड के बाद छह-स्ट्रोक की शानदार बढ़त हासिल की थी, ने इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स के ऐतिहासिक 25वें एडिशन में चौथे राउंड में तीन-अंडर 69 का शानदार स्कोर बनाया और इस हफ्ते का कुल स्कोर 19-अंडर 269 कर लिया। नतीजतन, चंडीगढ़ के 28 साल के इस खिलाड़ी ने इस सीजन की अपनी पांचवीं जीत हासिल की और पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में अपनी बढ़त और बढ़ा ली। लगातार चैंपियन रहे युवराज ने 15 लाख रुपये का विनिग चेक हासिल किया, जिससे उनकी सीजन की कमाई 1,21,67,100 रुपये हो गई। संधू अब पीजीटीआई रैंकिंग में 29 लाख रुपये से ज्यादा की बढ़त बनाए हुए हैं। पिछले साल के विनर, बांग्लादेश के जमाल हुसैन (68-73-70-65) ने आखिरी दिन का सबसे कम स्कोर 65 बनाया और रात भर की संयुक्त आठवीं जगह से छह पायदान ऊपर चढ़कर 12-अंडर 276 के कुल स्कोर के साथ दूसरे नंबर पर आ गए। कट बनाने वाले अकेले लोकल प्रोफेशनल, डिगबोई के देवेन भूमिज ने 10-ओवर 298 के स्कोर के साथ हफ्ते का अंत 54वें स्थान पर किया। पहले दिन से आखिर तक लीडर रहे युवराज संधू ने पीजीटीआई सीजन में अपनी पिछली बेस्ट ऑफ फाइव जीत की बराबरी की, यह कामयाबी उन्होंने 2022 में हासिल की थी। संधू शुक्रवार को शुरुआत में ही लड़खड़ा गए जब उन्होंने दूसरी होल में बोगी की। हालांकि, उन्होंने तीसरी और पांचवीं होल में बर्डी और सातवीं होल में आठ फीट से ईगल कन्वर्जन के साथ जबरदस्त वापसी की।




## शौर्य सैनी ने डेफलंपिक्स में 50 मी. राइफल 3 पीजीशन में सिल्वर जीता

**टोक्यो, वार्ता।** भारत के शौर्य सैनी ने टोक्यो में चल रहे 25वें समर डेफलंपिक्स में पुरुषों के 50मी राइफल 3 पोजीशन इवेंट में सिल्वर मेडल जीता, जिससे यह शूटिग में देश का 13वां मेडल बन गया। शौर्य, जो अभी वर्ल्ड चैंपियन हैं, ने अपना ही वर्ल्ड डेफ क्वालिफिकेशन रिकॉर्ड तोड़ा और फाइनल में पहुंचने से पहले एक नया डेफलंपिक्स वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

शौर्य ने फाइनल में 450-6 का स्कोर किया, लेकिन जर्मनी के एरिक मैथियास हेस के गोल्ड मेडल जीतने से 9-2 कम रहे, उन्होंने डेफ वर्ल्ड फाइनल्स रिकॉर्ड और डेफलंपिक्स रिकॉर्ड तोड़ा। यूक्रेन के दिमित्रे पेट्रेंको ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। फाइनल में, शौर्य ने 15 शॉट्स की नीलिग सीरीज में 151-0 और प्रोन सीरीज में 151-1 का स्कोर किया। फिर उन्होंने स्टैंडिग सीरीज के पहले 10 शॉट्स में 99-3 का स्कोर किया, इसके बाद एलिमिनेशन स्टेज में 9-6, 9-9, 9-5, 10-3 और 9-9 का स्कोर करके सिल्वर मेडल पक्का किया। फाइनल में दूसरे भारतीय शूटर, कुशाग्र सिंह राजावत 408-8 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहे।

इससे पहले क्वालिफिकेशन में, शौर्य ने 584-32ग के कुल स्कोर के साथ मौजूदा डेफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और डेफलिपिक्स रिकॉर्ड दोनों को तोड़ा। उन्होंने नीलिग में 196, प्रोन में 194 और स्टैंडिग में 194 का स्कोर किया, जबकि कुशाग्र ने नीलिग में 190, प्रोन में 196 और स्टैंडिग में 189 का स्कोर करके 575-22ग के कुल स्कोर के साथ छठे स्थान पर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

## भारतीय मुक्केबाजी के लिए एक यादगार दिन : अजय सिंह

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि हाल ही में खत्म हुए वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स में देश का शानदार परफॉर्मेंस इस बात का सबूत है कि भारतीय मुक्केबाजी अब सिर्फ एक उभरती हुई ताकत नहीं है, बल्कि इस खेल की सुपरपावर में से एक है। भारत ने न सिर्फ नौ गोल्ड मेडल जीते, बल्कि इस मशहूर टूर्नामेंट में सभी 20 कैटेगरी में मेडल जीते, जिसके लिए दो वर्ल्ड बॉक्सिंग कप लेग्स के टॉप आठ परफॉर्मर क्वालीफाई करते हैं। भारत ने कैंपेन का अंत नौ गोल्ड, छह सिल्वर और पांच ब्रॉन्ज मेडल के साथ किया और सिंह परफॉर्मेंस से काफी खुश थे। सिंह ने कहा कि मैं इसे इंडियन बॉक्सिंग के लिए एक यादगार दिन कहूंगा। मुझे नहीं लगता कि हमारे इतिहास में कभी भी किसी इंटरनेशनल टूर्नामेंट में भारत ने 20 मेडल जीते हों।

## अर्जेंटीना को हराकर जर्मनी सेमीफाइनल में

**● अर्जेंटीना पर जर्मनी की क्वार्टर फाइनल जीत ने इस इंवेट में उसका रिकॉर्ड 7-4 कर दिया है**

**इटली, वार्ता।** जर्मनी ने इटली के बोलोग्ना में अर्जेंटीना को 2-1 से हराकर टेनिस के 2025 डेविस कप फाइनल 8 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अर्जेंटीना पर जर्मनी की क्वार्टर फाइनल जीत ने इस इवेंट में उसका रिकॉर्ड 7-4 कर दिया है और अब उसका आखिरी चार में स्पेन से मुकाबला होगा, जिसने पहले चेकिया पर वापसी करते हुए 2-1 से जीत हासिल की थी। अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी ने जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 7-6(3), 7-6(7) से हराया। यह एक करीबी मुकाबला था जिसमें दो कड़े टाई-ब्रेक सेट खेले गए।

स्ट्रफ पहले गेम में 2-0 से आगे थे और आठवें गेम में एचेवेरी के ब्रेक करने तक आगे रहे, जिससे स्कोर चार गेम तक बराबर रहा। इसके बाद, दोनों ने सर्विस गेम बदले, जब तक कि अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने टाई-ब्रेक में 7-3 से जीत हासिल नहीं कर ली। दूसरे सेट में भी ऐसा ही हुआ, जिसमें एचेवेरी एक बार फिर टाई ब्रेकर में 9-7 से जीत गए। टोक्यो 2020 में ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट, जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भी अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो के खिलाफ सीधे सेटों में 6-4, 7-6(3) से जीत हासिल की, पहले सेट के छठे गेम में ब्रेक किया और फिर दूसरे सेट को एक और टाई ब्रेक में अपने नाम किया। आखिरी डबल्स मैच में अर्जेंटीना के आंद्रेस मोल्टेनी और होरासियो जेबालोस ने तेज शुरुआत की, पहला सेट सिर्फ 31 मिनट में 6-4 से जीत लिया। जर्मनी के केविन क्राविएट्ज और टिम पुएट्ज ने दूसरा सेट 6-4 से जीतकर जवाब दिया, जिससे एक डिसाइडर सेट करना पड़ा। दोनों टीमों ने एक टेंशन भरे तीसरे सेट में सर्विस होल्ड बदले, जो एक ड्रामाटिक टाई-ब्रेक में खत्म हुआ, जिसमें जर्मन जोड़ी ने 12-10 से बढ़त बनाकर टाई जीत लिया। इस बीच स्पेन ने एक और खास वापसी करते हुए चौथी सीड वाली चेकिया को 2-1 से हराया और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इवेंट से एक दिन पहले वर्ल्ड नंबर 1 कार्लोस अल्काराज के आखिरी मिनट में हटने के बावजूद टीम का हौसला दिखा। जैम मुनार की सिगल्स जीत और डबल्स के आखिरी मैच में मार्सेल ग्रैनोलर्स और पेड्रो मार्टिनेज के शानदार प्रदर्शन ने स्पेन को फाइनल चार में पहुंचा दिया। चेकिया के 20 साल के वर्ल्ड नंबर 19 जैकब मेन्सिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाब्लो कारेनो बुस्ता को 7-5, 6-4 से हराया। तीन बार के डेविस कप चैंपियन के लिए शानदार शुरुआत करते हुए मेंसिक ने 20 एस और 42 विनर लगाए।

# गोसेवा हमारी संस्कृति का हिस्सा: मेहरबान

## ब्लाक प्रमुख ने किया नल्हेडा वेद बेगमपुर में किया गो आश्रय स्थल का शुभारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पुंवारका ब्लाक प्रमुख मेहरबान मुखिया ने कहा कि गौसेवा हमारी संस्कृति का हिस्सा है और अस्थाई गौआश्रय स्थल खुल जाने से बेसहारा गौवंश को सुरक्षित ठिकाना मिल सकेगा।

मेहरबान मुखिया ग्राम पंचायत नल्हेड़ा बेद बेगमपुर में नवनिर्मित अस्थायी गौआश्रय स्थल के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गौ सेवा हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और यह हमारा परम धर्म है। यह गौआश्रय स्थल केवल एक भवन नहीं है, बल्कि हमारी ग्रामीण संस्कृति और संवेदना का प्रतीक है। हमारा यह प्रयास बेसहारा गौवंश को सहारा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, कि गौवंश के संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी हम सभी की है। स्थानीय प्रशासन इस दिशा में पूरी तरह प्रतिबद्ध है, और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इस गौआश्रय स्थल पर सभी सुविधाओं का सही ढंग से प्रबंधन हो। श्री मुखिया ने ग्रामवासियों से अपील करते हुए कहा कि इस पुनीत कार्य की सफलता के लिए आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने सभी से गौ माता की देखभाल में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

इस दौरान ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि, विकास खण्ड के अधिकारीगण और अब्दुल्लाह तारिक प्रधान, पूर्ण सिंह, हाजी फुजैल, आमिर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## खिलाड़ी चयनित

**सहारनपुर।** खेल निदेशालय उप्र खेल भवन लखनऊ के तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 25 नवम्बर से 1 दिसम्बर, तक डा. भीमराव अम्बेडकर क्रीड़ा संकुल लालपुर वाराणसी में किया जा रहा है,जिसके लिये मंडल स्तर के खिलाड़ियों को चयन किया गया।

आज मण्डल स्तरीय चयन प्रवीन कुमार सहायक प्रशिक्षक (बॉक्सिंग) की देख-रेख में सम्पन्न किया गया। समन्वय सीनियर महिला हॉकी मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी-आरती, अलीश, उर्वशी गौतम, पावनी, शगुन, परी, निशा, पूजा, साक्षी, रचना, कृतिका वर्मा, नबीया (सहारनपुर), अनुष्का, कंचन, कनिका, कनिका (मुजफ्फनगर) आरक्षित खिलाडी-राशि, लक्ष्मी (सहारनपुर) का चयन किया गया। इस अवसर पर प्रदीप कुमार शर्मा अंकामा हॉकी प्रशिक्षक, सुश्री मेनका टॉक संयुक्त सचिव जिला हॉकी संघ सहारनपुर, लाल धर्मेन्द्र प्रताप, जयेन्द्र कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# पार्षद टिंकू अरोड़ा ने लगाया एसआईआर पीडीए प्रहरी कैंप




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी नेता एवं पार्षद अभिषेक टिंकू अरोडा ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत फार्म भरने के लिये नगर में एसआईआर पीडीए प्रहरी शिविर लगाया।

टिंकू अरोड़ा ने कहा हमारी कोशिश यह है कि सभी के फार्म सही तरीके से भरकर बीएलओ को समय से जमा हो जाए जिससे कोई भी व्यक्ति वोट के अधिकार से वंचित न रह सके। आज नवाबगंज आबकारी रोड पर पर आयोजित कैंप में समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी और महानगर महासचिव राजीव अग्रवाल ने आकर कैंप का निरीक्षण किया।

कैंप में वरिष्ठ सपा नेता शादाब खान, शहजाद, मोनू, जोगिंदर सिंह, शमीम, रहमान आदि मौजूद रहे।

# हाईस्पीड इन्टरनेट के निर्देश

**सहारनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने एसआईआर संबंधित कार्य एवं चुनाव संबंधी प्रक्रियाओं की आसानी के लिए नई पहल करते हुए जनपद के समस्त विकासखण्डों में बीएलओ की सुविधा के दृष्टिगत हाई स्पीड इंटरनेट वाई-फाई की सुविधा देने के निर्देश दिए।

श्री बंसल ने बताया कि चुनाव संबंधी कार्यों को तकनीकी रूप से मजबूत करने तथा समय की बचत के लिए सभी विकासखण्डों में हाई-स्पीड इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध करवाई गयी है। इससे कार्यों में सुगमता आएगी एवं समय से कार्यों को पूर्ण किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 की महत्वपूर्ण तिथियों के अन्तर्गत गणना प्रपत्र वितरण एवं भरने की अवधि 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025, मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन 9 दिसम्बर 2025, दावे और आपत्तियों की अवधि 9 दिसम्बर 2025 से 08 जनवरी 2026, अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 है। जिला निर्वाचन अधिकारी समस्त मतदाताओं से अपील की कि अपना गणना प्रपत्र भरकर आज की भरना सुनिश्चित करें जिससे की मतदाताओं का नाम आलेख्य सूची में प्रकाशित हो सके। इस संबंध में बीएलओ आपके घर गणना प्रपत्र वितरण आएंगे। फिर उस विवरण को भरकर हस्ताक्षर कर अपनी फोटो लगाकर बीएलओ को उपलब्ध करवाएं। यदि मतदाता एक से अधिक स्थान से भरकर गणना प्रपत्र देता है तो यह कानूनी अपराध है। ऐसे मतदाता के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 31 के अन्तर्गत कार्रवाई की जाएगी जिसमें 1 साल की जेल की सजा का प्राविधान है।

# एसआईआर को लेकर घबराने की जरूरत नहीं: एम. शाहिद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कौमी इत्तेहाद कमेटी के सदर एम. शाहिद जुबैरी ने कहा कि एसआईआर फार्म को लेकर घबराने की जरूरत नही है। यह काम जितना आसान है उतना ही जरूरी है।

जामा मस्जिद स्थित दफ्तर में जुमे की नमाज के बाद कौमी इत्तेहाद कमेटी की मीटिंग को सम्बोधित करते हुए श्री जुबैरी ने यह उदगार व्यक्त किये। उन्होने कहा कि किसी भी देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था को चलाने के लिए मतदाताओं की आवश्यकता होती है इसलिए हमारे एक वोट से हमारे भविष्य का भी फैसला होता है। इसके अलावा वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराने से आपका और आपकी आने वाली नस्लो का भविष्य भी सुरक्षित होता है। इसलिए वोटर लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराने में किसी भी किस्म की कोताही और सुस्ती न बरते। कमेटी के जनरल सैकेट्री मौलाना फरीद मजाहिरी ने कहा कि बीएलओ जो फार्म आपके घर देकर गये है उनको पूरी हौशियारी के साथ भरे इसमें मामूली गलती भी आपके नाम को वोटर लिस्ट से काट सकती है। उन्होने का कि एसआईआर दस्तूरी और कानूनी तौर पर बेहद जरूरी दस्तावेज है इसलिए कोशिश यह होनी चाहिए कि वोटर लिस्ट में किसी का भी नाम दर्ज होने से न रहे। एसआईार में 2003 में अगर किसी का नाम है तो उसको कोई दूसरा कागज देने की जरूरत नही है। उनेने कहा कि इस कार्य में एक दूसरे का सहयोग करें।

इस दौरान आलम बख्शी, जमीर अहमद, हाफिज गुफरान मलिक, डा. शाहकार, बहार अहमद, हाजी मौ. अकबर खान, मास्टर महमूद, बिलाल अहमद आदि मौजूद रहे। अल फलाह ग्रुप डायरेक्टर कारी मौ. नासिर जामई की दुआ पर मीटिंग का समापन किया गया।

# आज नवीन मंडी स्थल पर होगा योजना का ड्रा

**■ पूर्व निर्धारित समय पर होगा ड्रा, केवल बदला गया स्थान**

**शाह टाइमस ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश शासन एवं मंडी परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के अंतर्गत 1 अप्रैल 2024 से 30 सितंबर 2025 तक की अवधि के लिए निर्धारित छह त्रैमासिक एवं तीन छमाही ड्रा का आयोजन पूर्व निर्धारित तिथि 22 नवंबर को ही होगा, लेकिन कार्यक्रम स्थल में परिवर्तन किया गया है।

दरअसल, 22 नवंबर को सर्किट हाउस सभागार में प्रभारी मंत्री का कार्यक्रम तय हो जाने के कारण प्रशासन ने लकी ड्रा को अन्य स्थान पर शिफ्ट कर दिया है। इस संबंध में मंडी सचिव सुमन भारती ने जानकारी दी कि अब यह ड्रा नवीन मंडी स्थल, चिलकाना रोड में संपादित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि अपर आयुक्त (प्रशासन) की अध्यक्षता में गठित समिति की मौजूदगी में होने वाला यह कार्यक्रम अब पूर्ववत समय दोपहर 12 बजे पर ही आयोजित किया जाएगा।

उन्होने कहा कि मंडी विभाग ने समूचे मंडल के कृषक भाइयों से अपील की है कि वे सर्किट हाउस के स्थान पर नवीन मंडी परिसर, चिल. काना रोड पर उपस्थित होकर कृषक उपहार योजना के इस ड्रा में प्रतिभाग सुनिश्चित करें।

## कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश

**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार ने मण्डल के तीनों जनपदों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को सशक्त बनाने के उद्देश्य से लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयन्ती को उत्सव के रूप में मनाया जाए तथा माह अक्टूबर 2025 से अक्टूबर 2026 तक अवधि में प्रस्तावित विभिन्न गतिविधियां एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

डॉ. रूपेश कुमार ने निर्देश दिए कि शासन के निर्देशों के क्रम में इस अवधि के दौरान स्कूलों में निबन्ध, चित्रकला और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं, सरदार पटेल के जीवन पर लोक नाटक रात्रियां, ब्लॉक स्तर पर एकता खेल प्रतियोगिताएं, पदयात्राएं, ग्रामीण युवा एकता शिविर, बाजारों में वृत्तचित्र प्रदर्शन, सरदार पटेल के कृषि सुधारों पर ब्लॉक एवं जिला किसान सम्मेलन, सरदार पटेल की झांकियों के साथ गणतंत्र दिवस परेड, ब्लॉक एवं जिला प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, जिला पुस्तकालयों में फोटो प्रदर्शनी, विरासत स्थल सफाई अभियान आदि आयोजित किए जाएंगे।

# पांच दिवसीय मजलिस का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** अय्यामें फात्मा के मौके पर शिया समुदाय के लोगों ने मोहल्ला हामिद हुसैन स्थित बड़े इमाम बारगाह मजहरे कर्बला में पांच दिवसीय मजलिस का आयोजन किया।

बृहस्पतिवार की देर रात्रि में आयोजित मजलिस के पहले दिन मौलाना सय्यद हुसैन जाफर वहब मऊ ने बयान करते बताया कि हमारे आखरी नबी हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के इंतकाल के बाद उनकी बेटी जनाबे फात्मा जहरा सलवातुल्लाह अलहे पर जालिमों ने वो जुल्म ढाए जिनकी कोई इंतहा नहीं थी। जालिमों ने इतने बड़े जुल्म किए कि अगर वह जुल्म दिनों पर पड़ते तो दिन भी रात में तब्दील हो जाते। इस दौरान रसूल की बेटी के मसायब सुन मजलिस में मौजूद सोगवारों ने खूब आंसू बहाए। मजलिस में मर्सिया खानी तासीर हुसैन, नोहा खानी समर अब्बास एवं कमर अब्बास ने की। सोगवार सदर अली इमाम उर्फ प्रिन्स, शहबाज, तारीफ हुसैन, मौलाना गमखार, तहरीर अब्बास नकवी, मूसा इमाम, जैनुल आबेदीन, शालू, मिकदाद, मिंटू तथा फैज आदि लोग मौजूद रहे।

# पुण्यतिथि पर स्व.रामशरण दास को श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय रामशरण दास की17 पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों के अनुरूप सामा. जिक न्याय की लड़ाई को मजबूत करने का संकल्प लिया।

आज अंबाला रोड स्थित जिला सपा कार्यालय पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय रामशरण दास के चित्र पर कार्यकर्ताओ ने पुष्प अर्पित करने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि चौधरी रामशरण दास ने सदैव सिद्धांतों और आदर्शों की राजनीति की और उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया वह राजनीति में सदैव अपने आदर्शों को सर्वोपरि रखते थे, उन्होंने कभी भी अपने स्वार्थ की राजनीति नहीं की, चौ0 रामशरण दास का आज भी राजनीति में बड़े सम्मान के साथ नाम लिया जाता है, और वह हमारे प्रेरणा स्रोत है हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

पिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विजेश शर्मा, प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य रतन यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी ने भी विचार रखे।

इस मौके पर महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुस्तकीम राणा राजकुमार प्रधान रवि कंबोज हसीन सनी कुमार चौधरी जुमला सिंह शहजाद माजरा वेदपाल पटनी राजीव पवार आदि मौजूद रहे

# अमजद अपहरण व हत्याकांड का बड़ा खुलासा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना कोतवाली देहात पुलिस ने अमजद उर्फ कारू अपहरण और हत्याकांड का बड़ा खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपियों को पीसीआर रिमांड पर लेकर उनकी निशानदेही पर ढमोला नदी से कटे हुए शव के अवशेष तथा हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर कर लिए। परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर फरमान, सलीम, रुकसार, शमीम कसाई और अरशद के विरुद्ध अमजद के अपहरण एवं फिरौती मांगने का मुकदमा दर्ज कराया गया था, जिसमें आरोप था कि मृतक को अगवा कर एक लाख रुपये की मांग की गई है तथा फिरौती न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी आशीष तिवारी के निर्देश पर पुलिस की टीमें गठित की गई थी। इसी मामले में पुलिस ने 7 नवंबर को तीन अभियुक्तों अरशद, फरमान और रुकसार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, लेकिन मृतक का शव बरामद नहीं हो सका था। इसके बाद परिजनों एवं किसान संगठनों की मांग पर एसएसपी ने एसआईटी गठित कर शेष नामजद आरोपियों फरमान पुत्र यासीन निवासी शेखपुरा कदीम एवं अरशद पुत्र दिलशाद निवासी नई बस्ती, रामपुर मनिहारन को पीसीआर रिमांड पर लिया। कड़ी पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि शक के आधार पर, क्योंकि अमजद के उनके परिवार की महिला से प्रेम संबंध होने की आशंका थी, उन्होंने उसकी हत्या कर शव को काटकर बोरे में भरकर ढमोला नदी के जंगल क्षेत्र में 5 किलोमीटर भीतर फेंक दिया था। बाद में फिरौती के रूप में 10 लाख रुपये की मांग भी की गई थी। पुलिस ने मंगलवार को अभियुक्तों की निशानदेही पर नदी से शव व चाकू बरामद कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया था। क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि 18 दिनों में पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा कर कुल पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। हत्या की वजह प्रेम प्रसंग एवं पैसे का लेन-देन बताया जा रहा है। मृतक के भाई सलमान ने आरोप लगाया कि अमजद को योजनाबद्ध तरीके से अपहरण कर उसकी हत्या की गई है और पूरे परिवार को न्याय चाहिए।

क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# सड़क धंसने से यातायात प्रभावित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महानगर के प्रमुख मार्ग कोर्ट रोड स्थित कचहरी पुल के निकट सड़क धंसने से आज यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित रही।

जानकारी के अनुसार कोर्ट रोड कचहरी पुल के पास रोडवेज वर्कशॉप की ओर जाने वाले मार्ग पर अचानक ही सड़क का बड़ा हिस्सा धंस गया, जिससे एक गहरा गड्ढा बन गया। सड़क धंसते ही वाहन चालकों में हड़कंप मच गया तथा पुलिस व स्थानीय प्रशासन को तत्काल मौके पर पहुंचकर यातायात को डायवर्ट करना पड़ा।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मार्ग स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत स्मार्ट रोड के रूप में विक. सित किया गया था और इसे बने अभी तीन वर्ष भी पूर्ण नहीं हुए हैं। इतना जल्दी सड़क का धंस जाना निर्माण की गुणवत्ता एवं निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। व्यापारियों व राहगिरों ने नारा. जगी व्यक्त करते हुए कहा कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद सड़क का ऐसी स्थिति में पहुंचना अत्यंत दुखद है। उन्होंने दोषियों पर कठोर कार्रवाई और तत्काल सड़क मरम्मत की मांग की है।

## शपथ दिलाई

**गंगोह।** चिकित्साओं की संस्था नीमा गंगोह द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संस्था का विस्तार करने पर विचार करते हुए नए सदस्यों को सदस्यता की शपथ दिलाई गई।

बैठक में डॉ ब्रजेश गुप्ता ने कन्या भ्रूण हत्या पर चिंता व्यक्त करते हुए सदस्यों से समाज को जागरूक करने का अनुरोध किया। डॉ निर्मल जैन ने अधिकारियों द्वारा पंजीकृत चिकित्सकों को अनावश्यक रूप से परेशान करने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि इसी प्रकार से अधिकारियों ने परेशान किया तो सभी नीमा सदस्य आंदोलन को विवश होंगे। सचिव डॉ एस आर सैनी ने सभी सदस्यों को संगठन की मजबूती पर बल दिया और कहा कि हमें समाज के हित में काम करना चाहिए। इस अवसर पर नए सदस्य डॉ गौरव सैनी, डॉ कृतिका सैनी, डॉ रविकान्त सैनी, डॉ राकेश सिंह व डॉ अंशुल सैनी को सदस्यता की शपथ दिलाई गई।

# फर्जी एनकाउंटर दिखा रही पुलिस: फरहाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नकुड विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के संभावित प्रत्याशी पूर्व जिला उपाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा ने दुमझेडा गांव में पहुंचकर दो दिन पूर्व गौकशी के आरोप में पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किए गए आरोपी मुस्तफा परिजनों से मुलाकात की।

शुक्रवार को ग्राम दुमझेडा पहुंचे फरहाद आलम गाडा ने दो दिन पूर्व पुलिस मुठभेड़ में घायल व गिरफ्तार हुए गौकशी मामले के आरोपी मुस्तफा पुत्र युसूफ के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पुलिस मुठभेड़ पर सवाल खड़े कड़ते हुए मुठभेड़ को फर्जी बताया तथा पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मुस्तफा अपने खेत पर गन्ना छील रहा था तभी पुलिस ने उसे उठा कर फर्जी मुठभेड़ दिखाते हुए गौकशी करने के प्रयास का झूठा आरोप लगाते हुए उसका एनकाउंटर कर दिया।फरहाद आलम का कहना है कि चिलकाना थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा एक माह में तीन मुठभेड़ की गयी हैं, पुलिस पीडीए के लोगों को उठाकर फर्जी एनकाउंटर दिखा रही हैं। उन्होंने कहा कि चिलकाना क्षेत्र में हो रही फर्जी मुठभेड़ के बारे में उनके द्वारा जल्द ही जिले के उच्च अधिकारियों के साथ साथ अपनी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी अवगत कराया जायेगा। पीड़ित परिवार की मदद के लिए अल्पसंख्यक आयोग तथा मानवा अधिकार आयोग में भी जाने की बात करते हुए मुस्तफा के एनकाउंटर की जांच किये जाने की मांग की गई है।

# नोएडा से सहारनपुर के लिए सीधी बस की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल से जुड़े व्यापारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित जिलाधिकारी को सौंपकर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सहारनपुर जिले के लिए सीधी बस संचालित कराने की मांग की।

सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रति. निधिमंडल से जुड़े प्रतिनिधि अध्यक्ष विवेक मनोचा व वरिष्ठ महामंत्री स. सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला ने सौंपे ज्ञापन में बताया कि दिसम्बर माह में नोएडा एयरपोर्ट संचालित होने जा रहा है। प्रदेश के 10 जिलों के लिए नोएडा एयरपोर्ट से सीधी बसें संचा. लित की जा रही है। उन्होंने बताया कि सहारनपुर जनपद काष्ठ कला उद्योग व वस्त्र उद्योग में अपना अलग पहचान रखता है। काष्ठ कला के क्षेत्र में सहारनपुर विश्व विख्यात है। यहां के व्यापारियों और उद्यमियों को अपने कारोबार के सिलसिले में विद. ेशों में आना जाना पड़ता है। यदि अन्य जिलों की तरह नोएडा एयरपोर्ट से सीधी बस सहारनपुर के लिए संचा. लित की जाती है तो सहारनपुर के व्यापारियों के काफी सुविधाजनक होगी। व्यापारियों ने मांग की कि उनकी इस मांग पर ध्यान देकर नोएडा एयरपोर्ट से सहारनपुर के लिए भी सीधी बस संचालित की जाये। व्यापारी प्रतिनिधियों ने सांसद इमरान मसूद, नगर विधायक राजीव गुम्बर एवं महापौर डा. अजय सिंह को भी ज्ञापन बस सेवा संचालित कराने की मांग की है।

# अफजाल खान ने थामा आसपा का दामन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** गुरूवार आजाद समाज पार्टी अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद के आवास पर नगर पंचायत अध्यक्ष रूमाना खान के पति अफजाल खान ने भाजपा छोड़ आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कि।

शुक्रवार दोपहर को अपने निज निवास पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अफजाल खान ने कहा कि भाजपा ज्वाइन करने के बाद नगर की लोकल बोडी लगातार उनकि ओर उनकी टीम कि अनदेखी कर रही थी जिसे से आहत होकर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का दामन छोड़ दिया और आजाद समाज पार्टी में अपनी आस्था जताते हुए आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कि। प्रेस वार्ता के दौरान एक सवाल के जवाब में अफजाल खान ने कहा कि हम संघर्ष करने वाले लोग हे। इसलिए हमने आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद को चुना और उनके नेतृत्व में हम भी पीड़ित शोषितो के लिए संघर्ष करेंगे और पार्टी को आगे बढ़ने का काम करेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान अफजाल खान ने कहा कि आगामी जिला पंचायत चुनाव के मद्देनजर पूरे जिले में अपनी पार्टी के अधिक से अधिक सदस्य जीता कर पार्टी को जिला पंचायत अध्यक्ष देने का काम किया जाएगा। इस दौरान डॉक्टर अंकित आर्य, नसीम सिद्दीकी, शक्ति सिंह, शमशेर प्रमुख, आदेश कुमार, मुस्तफा नेता, फरजन्द चौधरी, मेहरबान चौधरी मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

शनिवार, 22 नवम्बर 2025

## लेबर सिस्टम में बदलाव

देश में आज से नए श्रम कानून लागू हो गए हैं। इसे लेबर सिस्टम में अब तक का सबसे बड़ा बदलाव माना जा रहा है। मोदी सरकार ने चार नई श्रम संहिताओं को आधिकारिक रूप से लागू किया है। सरकार का दावा है कि ये सिर्फ कानूनी बदलाव नहीं, बल्कि 40 करोड़ से ज्यादा कामगारों के जीवन में एक ऐतिहासिक क्रांति साबित होंगे। इन सुधारों का मकसद सिर्फ कानून बदलना नहीं, बल्कि हर श्रमिक को गरिमा, सुरक्षा और आर्थिक मजबूती देना है। आजादी के पहले और बाद के शुरुआती दौर (1930-1950) में बने 29 पुराने श्रम कानूनों को अब चार नए कोड में समाहित कर दिया गया है। ये हैं- वेतन संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और व्यावसायिक सुरक्षा संहिता। सरकार का तर्क है कि आज की अर्थव्यवस्था और काम करने के तरीके पुराने जमाने से बिल्कुल अलग हैं, इसलिए नियम भी आधुनिक होने चाहिए। सबसे बड़ा बदलाव नियुक्ति पत्र को लेकर है। अब हर कर्मचारी को ज्वानिंग के वक्त अप्वाइंटमेंट लेटर देना अनिवार्य कर दिया गया है। इससे पारदर्शिता आएगी और कंपनियों की मनमानी पर रोक लगेगी। इसके अलावा, असंगठित क्षेत्र के करीब 40 करोड़ कामगारों को अब सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया गया है। इसका सीधा मतलब है कि उन्हें भी पीएफ, ईएसआईसी और पेंशन जैसी सुविधाएं मिल सकेंगी। प्राइवेट नौकरी करने वालों के लिए सबसे बड़ी खुशखबरी फिक्स्ड टर्म एम्प्लाइज यानी निश्चित अवधि के कर्मचारियों को लेकर है। पहले ग्रैच्युटी पाने के लिए एक ही कंपनी में लगातार 5 साल काम करना जरूरी होता था, जिससे अक्सर कर्मचारी वंचित रह जाते थे। नए नियमों के तहत, फिक्स्ड टर्म कर्मचारियों को अब महज एक साल की सेवा के बाद ही ग्रैच्युटी पाने का हक मिल गया है। इसके साथ ही, ओवरटाइम को लेकर भी स्थिति पूरी तरह साफ कर दी गई है, अगर कोई कर्मचारी तय घंटों से ज्यादा काम करता है, तो उसे सामान्य वेतन से दोगुना भुगतान करना होगा। वहीं, वेतन का भुगतान समय पर हो, इसके लिए कड़े प्रावधान किए गए हैं, ताकि महीने के अंत में किसी को आर्थिक तनाव न झेलना पड़े। नए लेबर कोड में लैंगिक समानता पर विशेष जोर दिया गया है। अब महिलाएं रात की शिफ्ट में भी काम कर सकेंगी, बशर्ते उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हों और उनकी सहमति ली गई हो। यह कदम महिलाओं को हाई-पेइंग जाब्स और सभी प्रकार के उद्योगों (जैसे माइनिंग आदि) में बराबर का मौका देगा। महिलाओं को समान काम के लिए समान वेतन की गारंटी भी दी गई है। वहीं, जोमैटो, स्विगी, ओला और उबर जैसे प्लेटफार्म्स पर काम करने वाले गिग और प्लेटफार्म वर्कर्स को पहली बार कानूनी ढांचे में परिभाषित किया गया है। अब कंपनियों को अपने सालाना टर्नओवर का 1.2 प्रतिशत हिस्सा इन वर्कर्स के कल्याण के लिए देना होगा। आधार से लिंक यूनिवर्सल अकाउंट नंबर के जरिये वे देश के किसी भी कोने में अपनी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। काम के साथ-साथ सेहत को भी प्राथमिकता दी गई है। नए नियमों के अनुसार, नियोक्ताओं को अपने उन सभी कर्मचारियों का साल में एक बार मुफ्त हेल्थ चेकअप कराना होगा, जिनकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है। यह कदम गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान और कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। इसके अलावा, खतरनाक क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए 100 प्रतिशत स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी दी गई है।

## लोकतंत्र को बचाने का अभियान



स्पष्ट करना चाहता हूं कि हम इस देश में से एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुन कर बाहर निकालेंगे, ये हमारा प्रण है, एसआईआर की प्रक्रिया देश और लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए है, कुछ राजनीतिक दल घुसपैठियों को निकालने के इस अभियान को कमजोर करना चाहते हैं, बिहार में जनता ने इस मुद्दे पर एनडीए को बहुमत दिया है, दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ राजनीतिक दल चुनाव आयोग की मतदाता सूची को सही करने के लिए लाई गई एसआईआर प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं, मैं आज देशवासियों से अपील करता हूं कि वे खुलकर और पूरी तरह से चुनाव आयोग द्वारा चलाई जा रही एसआईआर प्रक्रिया का समर्थन करें, घुसपैठियों का बचाव कर रहे राजनीतिक दलों को चेतावनी देना चाहता हूं कि बिहार चुनाव पूरे देश के जनादेश की तरह हैं। **-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

# बांधों को हटाने में वृद्धि के परिणाम

सभी बड़े बांधों की उम्र सीमित होती है। क्या आपने कभी सोचा है कि एक बार बांध का उपयोगी जीवन समाप्त होने पर उसका क्या होता है? इसे हटाना होता है जिसे डीकमीशनिंग कहते हैं। डीकमीशनिंग का मतलब बांध और उससे जुड़ी संरचनाओं को पूरी तरह हटाने से है।



दुनिया के तीसरे सबसे बड़े बांध निर्माता के रूप में भारत के लिए यह एक बहुत ही प्रासंगिक सवाल है। यह मुद्दा इसलिए और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि अब बड़े बांध न तो आवश्यक है और न ही व्यावहारिक। इसके अलावा अब बहती नदियों के महत्व को तेजी से सराहा जा रहा है। यह ध्यान में रखना जरूरी है कि किसी बांध को बिना उचित रखरखाव के नदी पर बने रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। इससे बांध के नीचे की ओर रहने वाले समुदाय और अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बना रहता है।

**नदियों को बहाल करने के लाभ**

यहां यह समझना आवश्यक है कि बांधों से सिंचाई, पनबिजली, घरेलू और औद्योगिक जल आपूर्ति, जल भंडारण और बाढ़ प्रबंधन जैसे लाभ प्रदान करने का दावा तो किया जाता है लेकिन विश्व बांध आयोग की रिपोर्ट के अनुसार अधिकांशतरू ए लाभ वादों से कम होते हैं। और बांध की उम्र बढ़ने के साथ, इसके जलाशय में गाद भर जाने के कारण यह लाभ और भी कम हो जाते हैं। इसके अलावा, यह लाभ भारी लागत और व्यापक प्रतिकूल प्रभावों के साथ आते हैं। इसलिए जब भी किसी बांध को हटाकर नदी का प्रवाह बहाल किया जाता है, तो यह बांध निर्माण से उत्पन्न कुछ प्रतिकूल प्रभावों उलट देता है। पुनरू प्रवाहमान नदी के कुछ लाभों में मछलियों के आवागमन तथा नदी पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली के साथ बांध के ऊपर व नीचे नदियों में पानी, गाद, रेत और पोषक तत्वों के प्रवाह की बहाली भी शामिल है। ऐसी नदियों के किनारे के समुदायों के लिए जल आपूर्ति और मछुआरों की आजीविका की भी बहाली होती है। इसका असर सांस्कृतिक कार्यों के लिए उपलब्ध पानी पर भी होता है। इस तरह से डीकमीशनिंग बांध के ऊपर व नीचे के इलाकों में और अधिक सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। बांध हटाने का मतलब नदी के निचले हिस्से में आपदाओं और बाढ़ के जोखिम में कमी और जलमग्न भूमि का पुनरू उपलब्ध होना भी है। मुक्त प्रवाह वाली नदियां जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति अधिक लचीली होती हैं और जलवायु परिवर्तन से अनुकूलन में मदद करती हैं। बहाल की गई नदियों से पानी की गुणवत्ता में भी सुधार होता है। लिहाजा, समाज और अर्थव्यवस्था के लिए, बांध के जीवन में एक ऐसा समय अवश्य आता है जब इसकी लागत, इससे प्राप्त होने वाले लाभ से कहीं अधिक हो जाती हैय तब बांध को हटाना बेहतर होता है। इस बात का पता तभी चल सकता है जब समय-समय पर किसी बांध की लागत और लाभ के स्वतंत्र मूल्यांकन की प्रक्रिया की जाए। एक असुरक्षित बांध को बंद करना समाज और अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर होता है। फिलहाल भारत के पास बांधों को हटाने से सम्बंधित मुद्दों को लेकर कोई नीति या कार्यक्रम नहीं है।

**योजना की जरूरत**

बांध को हटाने की योजना बनाते समय यह ध्यान रखना आवश्यक होता है कि इसकी कुछ लागत तो आएगी ही। साथ ही नदी के पारिस्थितिकी तंत्र के प्रभावित होने की संभावना भी रहेगी। उदाहरण के लिए, बांध के पीछे जमी गाद के अचानक बहने से जलीय प्रजातियों के भोजन और अंडे देने के क्षेत्र नष्ट हो सकते हैं। इसके अलावा, नदी में डूबी जड़ें और तने तलछट के नीचे दबकर घर्षण से क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। यदि जलाशय के जलग्रहण क्षेत्र में प्रदूषण स्रोत उपस्थित हैं तो नदी के प्रवाह के साथ दूषित तलछट स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर सकती है। ऐसे में बांध को हटाने के विकल्पों और रणनीतियों की योजना नदी की प्रकृति, उसके भूविज्ञान, पारिस्थितिकी, जलवायु और अन्य सम्बंधित पहलुओं के अध्ययन के आधार पर बनाई जानी चाहिए।

**बांध क्यों हटाए जाएं?**

किसी बांध को हटाने का निर्णय कई कारणों से लिया जा सकता है। जैसे-जैसे अधिक से अधिक बांधों को हटाया जा रहा है और इसके लाभ स्पष्ट हो रहे हैं, उम्मीद है कि विश्व स्तर पर बांधों को हटाने की गति में तेजी आएगी। कुछ कारणों की बात यहां की जा रही है। व असुरक्षित बांध जब बांध आवश्यक स्पिलवे (अतिरिक्त पानी के निकलने का रास्ता) क्षमता से कम होने, गाद जमा होने, पुराने होने, क्षतिग्रस्त होने या नदी के बहाव को वहन न कर पाने के कारण असुरक्षित हो जाते हैं, तब बाढ़ या कोई अन्य आपदा आने से पहले इन्हें हटा देना समझदारी होगी। जलवायु परिवर्तन की स्थिति में वर्षा की तीव्रता, हिमनद-जनित झील के फटने, भूस्खलन या हिमस्खलन जैसी घटनाओं में वृद्धि बांधों को भी असुरक्षित बनाते हैं व आर्थिक रूप से अव्यावहारिक बांध घटे हुए लाभ, बढ़ी हुई लागत या इन दोनों के कारण बांध का रख-रखाव करना बहुत महंगा हो सकता है। लागत में वृद्धि मुख्य रूप से पर्यावरणीय प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए नियामक शर्तों में वृद्धि, बांध से ऊपर व नीचे मछलियों के प्रवास, स्पिलवे क्षमता बढ़ाने के लिए नए निर्माण की आवश्यकता वगैरह के कारण हो सकती है। ऐसे मामलों में बांध को हटाने की लागत के बावजूद उसे हटा देना ही सस्ता होगा। उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में बांधों के जलाशय मीथेन और कार्बन डाईऑक्साइड के जाने-माने स्रोत हैं। (कार्बन डाईऑक्साइड की तुलना में मीथेन लगभग 24 गुना अधिक शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस है) ये दोनों प्रमुख ग्रीनहाउस गैसें हैं। बांध को हटाकर हम ऐसे उत्सर्जन को भी रोक सकते हैं। इसके अलावा, बांधों को हटाने के बाद जलमग्न क्षेत्र के कुछ हिस्सों के पुन: नवीनीकरण और नदी को बाढ़ क्षेत्र और आर्द्रभूमि से जोड़कर नए कार्बन सोख्ता भी बनाए जा सकते हैं। इस प्रकार बांध हटाना जलवायु परिवर्तन को थामने और अनुकूलन रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है। बांध निर्माण के 100 वर्षों से भी अधिक अनुभव से पता चला है कि बांधों का जीवनकाल सीमित होता है। खराब डिजाइन जीवनकाल को कम कर सकती है, उनमें गाद जमा हो सकती है और उनका प्रदर्शन अपेक्षा से कम हो सकता है। इसके अलावा यह आसपास की आबादी के लिए जोखिम तो पैदा करता ही है, इससे नदियां और मछली पालन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

**विश्व स्तर पर बांधों को हटाने की मुहिम**

यूएसए बांध हटाने की परियोजनाओं में सबसे आगे है। वहां इस प्रक्रिया की शुरुआत कई संघीय कानूनों के साथ हुई। उदाहरण के लिए, 1968 के वाइल्ड एंड सीनिक रिवर एक्ट और 1969 के नेशनल एनवायरनमेंटल पॉलिसी एक्ट ने बांध निर्माताओं को नदियों के पारिस्थितिक लाभों को ध्यान में रखने के लिए मजबूर किया। 1990 के दशक की शुरुआत से लेकर 3 दशकों तक बांधों को हटाने की प्रक्रिया में काफी तेजी आई है। कोविड-19 महामारी के दौरान कमी आने से पहले तक प्रति वर्ष 100 से अधिक बांध हटाए गए। अमे. रिकन रिवर्स के अनुसार, अमेरिका में अब तक 2025 बांध हटाए जा चुके हैं। यूएसए में अधिकांश बांधों को फेडरल एनर्जी रेगुलेटरी कमीशन (एफईआरसी) या उसके राज्य समकक्ष द्वारा लायसेंस दिया जाता है। आम तौर पर इसकी अवधि 30 से 50 वर्षों की होती है। इस अवधि के अंत में बांध का पुनर्मूल्यांकन करने के बाद उन्हें सेवानिवृत्त किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त सुरक्षा चिंताओं (भूकंपीय क्षति आदि) की स्थिति में बांधों का लायसेंस रद्द करने की आपातकालीन प्रक्रियाएं भी हैं। पुन: लायसेंसिंग प्रक्रिया में पर्यावरणीय आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से नई परिचालन शर्तों को अनिवार्य किया जाता है। इनमें न्यूनतम प्रवाह में वृद्धि, अतिरिक्त या बेहतर मछली सीढ़ी, आवधिक उच्च प्रवाह और तटवर्ती भूमि के लिए सुरक्षा उपाय शामिल हैं।

अमेरिकन रिवर्स के एक दस्तावेज के अनुसार ह्वर्ष 1999 में अमेरिका स्थित एडवर्ड्स बांध को हटाना एक निर्णायक मोड़ रहा जब पहली बार एफईआरसी ने किसी बांध को हटाने का आदेश दिया। इस बांध की लागत इसके लाभों से कहीं अधिक पाई गई थी। एडवर्ड्स बांध के हटने से एक समय की कल्पनातीत अवधारणा जीर्ण-शीर्ण ढांचे और नदियों को बहाल करने की समस्या से निपटने का एक कारगर उपाय साबित हुआ। इसके नतीजे में अब बांध सुरक्षा कार्यालय, मत्स्य पालन प्रबंधक, बांध मालिक और विभिन्न समुदाय बांधों के लाभों और प्रभावों पर दोबारा विचार कर रहे हैं। कई स्थानों पर बांधों को हटाने को सबसे अच्छा विकल्प माना जा रहा है।

# लजीज व्यंजनों की थाली



मध्यप्रदेश या राजस्थान की खास डिश है दाल बाफला। वहीं दक्षिण भारत के व्यंजनों में डोसे का जिक्र न हो तो खानपान अधूरा सा लगता है। सेहत से भरी हरी मूंग दाल का डोसा, जिसे पेसारेटू भी कहते हैं, स्वाद में कुरकुरा होता है। इसे नाश्ध्ते में, शाम को स्ध्नैक के तौर पर भी खाया जा सकता है। वहीं अरबी तो पूरे उत्तर से लेकर दक्षिण तक सबकी फेवरेट है।

**दाल बाफला**

2 कप आटा, 1/4 कप मकई का आटा, 1 टी स्पून जीरा, 1/4 टी स्पून अजवाइन, 1 टी स्पून नमक, 1/2 कप घी, 1/2 कप पानी, 1/2 टी स्पून हल्दी, दाल के लिए, 1-1/2 कप अरहर की दाल, 1 कप पानी, 1/2 टी स्पून हल्दी, 1 टी स्पून नमक,

**तड़के के लिए**

1 टेबल स्पून घी, 1/4 टी स्पून हींग, 1/2 टी स्पून सरसों के दाने, 1 टी स्पून लाल मिर्च पाउडर, 1/2 टी स्पून चीनी, 3 टेबल स्पून हरा धनिया,

**बाफला बनाने के लिए**

1.एक बाउल में गेंहू का आटा और मकई का आटा लें, जीरा, अजवाइन और नमक डालें।, इसे अच्छे से मिलाएं और इसमें घी डालें, इसे अच्छे से मिलाएं, अब इसमें पानी डालकर डो तैयार कर लें, छोटी-छोटी बॉल्स बना लें, अब एक पैन में पानी गर्म करें इसमें नमक और हल्दी डालें। इन बॉल्स को पैन में डाले और उबलने दें, इन्हें तब तक पकने दें जब तक यह ऊपर न तैरने लगे, इसके बाद पानी छान लें और इन्हें ड्राई होने दें, अब इन्हें 200 डिग्री सेल्सियस तापमान पर 20 से 30 मिनट के लिए बेक करें।

**दाल बनाने के लिए**

1.भीगी हुई अरहर की दाल को प्रेशर कुकर डाले और पानी भी डालें, हल्दी और नमक डालें। प्रेशर कुकर में पकाएं,

**तड़का बनाने के लिए**

1.एक पैन में घी डालें, इसमें हींग और सरसों के दाने डालकर अच्छे से भूनें, इसके बाद लाल मिर्च पाउडर डालें अब इसे दाल में डालें और पकाएं, इसमें चीनी और हरा धनिया डालें और अच्छे से मिलाएं, गर्म-गर्म दाल को बाफला पर डालकर सर्व करें, पेसारेटू या हरा डोसा

**आवश्यक सामग्री**

1 कप मूंग की दाल, कप पानी भिगोने के लिए, कप बारीक कटी हुई धनिया पत्ती, 1 प्याज, 6 हरी मिर्च, 4 टेबल स्पून चावल का आटा, 1 टेबलस्पून नमक, 1 कप

**पेसारेटू बनाने की विधि**

सबसे पहले एक कटोरा लेकर उसमे हरी मूंग की दाल डाल ले और 2 कप पानी डालकर रातभर भीगने के लिए छोड़ दें। कम से कम 6-8 घंटे तक भीगने दे और दाल को ढक कर रख लें। एक बड़ा प्याज लें। आधा प्याज काटकर उसके छोटे टुकड़े काट लें और इसके बाद कटी हुई प्याज को एक मिक्सर जार में डाल लें। प्याज के साथ इस जार में हरी मिर्च और बारीक कटी हुई धनिया पत्ती भी डालें।

भीगी हुई हरी मूंग की दाल को=कप पानी के साथ मिलकर एक गाढ़ा पेस्ध्ट बना लें और इस पेस्ट को एक कटोरे में भरकर रख लें।

इसमें चावल का आटा और नमक भी अच्छी तरह से मिला ले। इसमें आधा कप पानी और डालें, ताकी ये थोड़ा मुलायम हो जाये। अब इसे अलग रख दें। डोसा बनाने के लिये एक समतल तवा लें और उसे गर्म करें। आधी प्याज की मदद से तवे पर 2 टेबलस्पून तेल लगा लें। इसके बाद तवे को गैस से हटा लें और उस पर घोल डालकर गोल आकार दें। थोड़े तेल के साथ डोसे को ग्रीस करें तथा ग्रिडल से अतिरिक्त घोल हटा दें। इसे करीब एक से डेढ़ मिनट तक पकाएं और पलट कर आधे मिनट तक रख दें। इस तरह से आपका डोसा तैयार है। इसे गर्मागरम परोसें ताकी इसका कुरकुरापन कम न होने पाएं।

**मुगलई दम अरबी**

अरबी को काटकर सब्जी के तौर पर या सूखी सब्जी की तरह आपने खूब खाया होगा। इस बार अरबी का मुगलई दम स्वाद भी चखें। इसे आसानी से कुछ ही देर में बना सकते हैं।

**मुंगलई दम अरबी बनाने की सामग्री**

अरबी- 500 ग्राम, इलायची- 1 लौंग- 4, धनिया पाउडर- 2 चम्मच, लाल मिर्च पाउडर- 1 चम्मच हल्दी पाउडर- 1 चम्मच क्रीम- 1/4 कप, दही- 1/2 कप, नमक- स्वादानुसार, घी- आवश्यकतानुसार, सूखे मेवे- गार्निशिंग के लिए, पेस्ट बनाने के लिए, बारीक कटा प्याज- 2, खसखस- 2 चम्मच, काजू- 5 'बारीक कटा अदरक- 1 चम्मच, बारीक कटा लहसुन, 4 कलियां।

**बनाने की विधि**

मुंगलई दम अरबी बनाने के लिए सबसे पहले अरबी को अच्छी तरह से धोकर छील लें। इसके बाद इन्हें बीच से काट दें। दूसरी ओर खसखस को गर्म पानी में भिगोएं और काजू को भी गुनगुने पानी में भिगो दें। कड़ाही में थोड़ा-सा घी गर्म करें और उसमें अरबी के टुकड़े डालें। सुनहरा व मुलायम होने तक पकाएं। टिश्यू पेपर पर निक. ालकर रख दें। उसी कड़ाही में एक चम्मच घी और गर्म करें। बारीक कटे प्याज को सुनहरा होने तक भून लें।

# अद्भुत निशाचर प्रवृत्ति ने कई मछली प्रजातियों को विलुप्ति से बचाया

लगभग 14.5 करोड़ साल पहले पूरी पृथ्वी पर ज्वालामुखी विस्फोट हुए थे, जिससे आसमान में छाए धुएं के बादलों ने पृथ्वी पर अंधकार कर दिया था। इसके चलते हजारों प्रजातियां खत्म हो गई थीं। लेकिन एसिपेंसरिफॉर्मेस जैसी कुछ मछलियां इस विपदा को झेलकर जीवित बची रहीं। आगे चलकर इन्हीं से आजकल की स्टर्जन्स विकसित हुईं। वैकासिक जीवविज्ञानी इस बात पर बहस करते रहे हैं कि क्यों कुछ प्रजातियां जीवित बचीं जबकि कई अन्य प्रजातियां विलुप्त हो गईं। हाल ही में एक अध्ययन ने एक नया विचार प्रस्तुत किया है, संभवत: ये प्रजातियां अपनी निशाचर प्रवृति के कारण जीवित बच पाईं। कुछ पूर्व अध्ययनों से यह तो मालूम था कि करीब 6. 6 करोड़ साल पहले किसी बाहरी पिंड के पृथ्वी से टकराने के कारण डायनासौर समेत कई जीव विलुप्त हो गए थे, लेकिन इसमें कई निशाचर स्तनधारी विलुप्ति से बच गए थे, तो क्या अन्य आपदाओं के मामले में भी जीवों की निशाचर प्रवृत्ति ने उन्हें बचने में मदद की होगी? जानने के लिए टोरंटो विश्वविद्यालय के वैकासिक जीवविज्ञानी मैक्सवेल शेफर और उनके साथियों ने वर्तमान मछलियों पर ध्यान दिया। वर्तमान मछलियों पर ध्यान केंद्रित करने का एक और कारण यह था कि सिर्फ जीवाश्म देखकर यह पता करना मुश्किल होता है कि वह जीव निशाचर था या दिनचर। अध्ययन में उन्होंने लगभग 4000 हड्डी वाली मछली प्रजातियों और शार्क जैसी 135 उपास्थिवाली प्रजातियों के दिन-रात के व्यवहार का अध्ययन किया और एक वंशवृक्ष पर इन व्यवहारों को चित्रित किया। फिर उन्होंने सिमुलेशन (अनुकृति) की मदद से आधुनिक मछलियों के पूर्वजों के दिन-रात के संभावित व्यवहार के पैटर्न बनाए। इसमें से उन्होंने उस पैटर्न को चुना जो वर्तमान प्रजातियों के दिन-रात की गति. विधि की सबसे अच्छी व्याख्या कर सकता था। स्टर्जन जैसी कुछ मछलियां तो हमेशा से निशाचर रही हैं। बायोआर्काइव में प्रकाशित नतीजों के अनुसार सभी मछलियों के पूर्वज भी रात्रिचर थे और विलुप्ति से बची कई मछली प्रजातियां भी निशाचर थी। शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि अन्य कशेरुकियों की तुलना में ज्यादा मछलियां कई बार निशाचर से दिनचर और दिनचर से निशाचर में तब्दील होती रही हैं और तो और, 14.5 करोड़ साल और 6.6 करोड़ साल पहले के संक्रमण काल में यह तब्दीलियां सबसे अधिक थीं। उक्त दोनों ही घटनाओं के दौरान तापमान में अचानक बहुत अधिक वृद्धि हुई थी। संभव है कि रात में सक्रिय रहने के कारण निशाचर जीव दिन के चरम तापमान से बच गए और जब पर्यावरणीय उथल-पुथल शांत हुई तो निशाचर प्रजातियां दिनचर में परिवर्तित हो गई और पारिस्थितिकी में रिक्त स्थानों को भर दिया और अंतत: इस तब्दीली ने मछलियों में निशाचर और दिनचर प्रजातियों के बीच संतुलन बहाल कर दिया। जैसा कि हमें पूर्व अध्ययन से ज्ञात है कि शुरुआती स्तनधारी डायनासौर से बचने के लिए निशाचर थे, डायनासौर के विलुप्त होने के बाद वे दिन में सक्रिय होने लगे। उभयचर और अन्य थलीय कशेरुकी भी अपने अधिकांश विकास के दौरान निशाचर रहे, लेकिन बाद में उनमें से अधिकांश दिनचर हो गए। इस आधार पर शोधदल का कहना है कि निशाचर होना आपदाओं से बच

शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि अन्य कशेरुकियों की तुलना में ज्यादा मछलियां कई बार निशाचर से दिनचर और दिनचर से निशाचर में तब्दील होती रही हैं और तो और, 14.5 करोड़ साल और 6.6 करोड़ साल पहले के संक्रमण काल में यह तब्दीलियां सबसे अधिक थीं। उक्त दोनों ही घटनाओं के दौरान तापमान में अचानक बहुत अधिक वृद्धि हुई थी। संभव है कि रात में सक्रिय रहने के कारण निशाचर जीव दिन के चरम तापमान से बच गए और जब पर्यावरणीय उथल-पुथल शांत हुई तो निशाचर प्रजातियां दिनचर में परिवर्तित हो गई और पारिस्थितिकी में रिक्त स्थानों को भर दिया और अंतत: इस तब्दीली ने मछलियों में निशाचर और दिनचर प्रजातियों के बीच संतुलन बहाल कर दिया। जैसा कि हमें पूर्व अध्ययन से ज्ञात है कि शुरुआती स्तनधारी डायनासौर से बचने के लिए निशाचर थे, डायनासौर के विलुप्त होने के बाद वे दिन में सक्रिय होने लगे। उभयचर और अन्य थलीय कशेरुकी भी अपने अधिक. ांश विकास के दौरान निशाचर रहे, लेकिन बाद में उनमें से अधिकांश दिनचर हो गए।



निकलने की एक रणनीति है। अन्य विशेषज्ञ थोड़ी सतर्कता बरतने को कहते हैं, जैसे अध्ययन का यह मुख्य निष्कर्ष तो सही लगता है कि निशाचर होने से वैकासिक लाभ हुआ लेकिन ऐसा कई कारणों से हो सकता है। जैसे जब 6.6 करोड़ वर्ष पहले पृथ्वी पर अंधेरा छा गया था तो संभव है दिनचर जीव अपने शिकार या भोजन को देख न पाते हों जबकि निशाचरों के लिए अंधेरे में भोजन तलाशना कोई बाधा ही नहीं थी। या हो सकता है वनस्पतियां मर गई हो और साथ ही उन पर निर्भर शाक. ाहारी जीव भी। कई निशाचर जीव अपशिष्ट भोजन पर निर्भर होते हैं, जो इतनी जल्दी खत्म नहीं होता। तो संभव है कि जीवित रहने का लाभ भोजन पारिस्थितिकी से मिला हो, न कि मात्र निशाचर होने से। इन अध्ययनों में व्यापक विलुप्ति की उन आपदाओं को ही देखा गया है जिनमें पृथ्वी पर गर्मी बढ़ी थी और अंधकार छाया था। कई वैज्ञानिकों का मत है कि अन्य तरह की आपदाओं को शामिल करके देखना मददगार होगा। बहरहाल, यह निष्कर्ष एक संभावना तो जताता है कि तेजी से बदलती जलवायु में संभवत: निशाचर जीवों के बचने की संभावना अन्य से अधिक होगी।

**...साभार एसएफ**

# बांग्लादेश में 5.7 तीव्रता का भूकंप, 6 की मौत, 200 घायल

## आयरलैंड-बांग्लादेश क्रिकेट मैच रुका, 10 मंजिला इमारत झुकी, कोलकाता तक महसूस हुए झटके

**ढाका/कोलकाता।** बांग्लादेश में शुक्रवार सुबह करीब 10:08 (भारतीय समयानुसार) बजे 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 200 से ज्यादा घायल हुए हैं। भूकंप का केंद्र नरसिंगडी के माधबडी में था, जो ढाका से सिर्फ 25 किलोमीटर दूर है। झटके इतने तेज थे कि इसके असर से एक दस मंजिला इमारत दूसरी तरफ झुक गई। वहीं, बांग्लादेश-आयरलैंड इंटरनेशनल क्रिकेट मैच भी कुछ देर के लिए रोक दी गई। गाजीपुर के श्रीपुर में भूकंप के दौरान भारी हादसा हो गया।



■ झटके इतने तेज थे कि इसके असर से एक दस मंजिला इमारत दूसरी तरफ झुक गई
■ घायलों को श्रीपुर उपजिला स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है

घबराहट की वजह से एक बहुमंजिला इमारत से निकलने की कोशिश में भगदड़ मच गई, जिसमें 150 से ज्यादा मजदूर घायल हो गए। घटना डेनिमेक नाम की एक कपड़ा फैक्ट्री में हुई। घायलों को श्रीपुर उपजिला स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। मजदूरों ने शिकायत की कि भूकंप आने के बाद अधिकारियों ने कारखाने का मेनगेट खोलने से इनकार कर दिया था। इससे दहशत फैल गई जिसकी वजह से ज्यादा लोग घायल हुए। आज सुबह आए भूकंप के दौरान नारायणगंज के रूपगंज उपजिला में एक दीवार गिरने से 10 महीने की बच्ची की मौत हो गई। बच्चे की मां और एक पड़ोसी घायल हो गए और फिलहाल उनका उपजिला के एक निजी मेडिकल कालेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। बच्ची की मां ने द डेली स्टार को बताया कि भूकंप महसूस होते ही, बच्चे की मां अपनी बेटी के साथ घर से बाहर निकल आई। जब वे पास में ही अपनी मां के घर जा रही थीं, तो सड़क किनारे एक दीवार अचानक उनके ऊपर गिर गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। बांग्लादेश में अब तक का सबसे बड़ा भूकंप 1762 में आया था। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 8.5 थी। इसे 'ग्रेट अराक. ान अर्थक्वेक' के नाम से जाना जाता है। इसके चलते बांग्लादेश में भी भारी नुकसान हुआ था। भूकंप के आधे घंटे के अंदर 6 से 15 मीटर तक ऊंची सुनामी ने चटगांव शहर को पूरी तरह तबाह कर दिया। सदरघाट और आसपास के बड़े इलाके हमेशा के लिए समुद्र में डूब गए। इस भूकंप में हजारों लोगों की मौत हुई थी। उस समय बंगाल में ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन था। कंपनी के दस्तावेजों में लिखा है कि चटगांव शहर रातों-रात गायब हो गया। पुर्तगाली और डच व्यापारियों के रिकॉर्ड में भी इसका जिक्र है। स्थानीय बंगाली और अराकानी लोककथाओं में इसे श्समुद्र के बदलेश के रूप में याद किया जाता है। कोलकाता में शुक्रवार सुबह 10:10 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक, झटके करीब 20 सेकेंड तक महसूस हुए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.2 थी। अब तक किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। कूचबिहार,दक्षिण दिना. जपुर, मालदा और नादिया के कई इलाकों में इसका असर देखा गया। भूकंप का केंद्र बांग्लादेश बताया जा रहा है।



बैंकॉक। नोनथाबुरी में 2025 मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता जीतने के बाद अन्य प्रतियोगियों के साथ जश्न मनाती मिस मैक्सिको फातिमा बॉश (बीच में)।

## ईयू से रूस के 'छद्म बेड़े' पर नया प्रतिबंध लगाने का आग्रह

**एम्स्टर्डम।** नीदरलैंड ने रूस के 'छद्म बेड़े' और तेल कंपनियों पर अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया है। नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियों के साथ बैठक के दौरान यह जानकारी दी। वील ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा कि हमने यूक्रेन के लिए यूरा. ेपीय संघ का समर्थन बढ़ाने और रूस पर उसके आक्रामक युद्ध को रोकने के लिए दबाव बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया है। मैंने तत्काल वित्तीय, सैन्य एवं ऊर्जा सहायता के साथ-साथ रूसी छद्म बेड़े के जहाजों और तेल कंपनियों पर अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाक के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.7 करोड़ डॉलर की वृद्धि

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) ने यह जानकारी दी है। बैंक ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि 14 नवम्बर को समाप्त सप्ताह के दौरान एसबीपी का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 14.55 अरब डॉलर तक पहुंच गया। वाणिज्यिक बैंकों के पास शुद्ध विदेशी मुद्रा भंडार 5.19 अरब डॉलर दर्ज किया गया। एसबीपी के अनुसार, देश का कुल तरल विदेशी भंडार बढ़कर 19.74 अरब डॉलर हो गया है।

### ब्रिटेन ने स्विडन में नया ड्रोन उत्पादन केंद्र शुरू किया

**लंदन।** ब्रिटेन ने दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड के स्विडन में एक नया ड्रोन उत्पादन केंद्र शुरू किया है। ब्रिटिश सरकार ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि 40,000 वर्ग फुट में निर्मित इस संयंत्र का उद्घाटन रक्षा मंत्री अल कार्न्स ने किया है। यह जर्मनी के बाहर स्टार्क का पहला उत्पादन केन्द्र है। आने वाले महीनों में यहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से लैस मानवरहित ड्रोनों का निर्माण शुरू हो जाएगा। बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि ड्रोन यूक्रेन को दिए जाएंगे या नहीं, लेकिन कहा गया है कि यह सुविधा हजारों वर्टस लोइटरिंग गोला-बारूद का उत्पादन करेगी, जिसे यूक्रेन में पहले ही सफलतापूर्वक तैनात किया जा चुका है।

### लावरोव ने ईरानी विदेश मंत्री के साथ सुरक्षा पर चर्चा की

**मास्को।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची के साथ फोन पर क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की। यह जानकारी रूसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में दी। मंत्रालय ने कहा कि रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने 20 नवम्बर को ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। बातचीत का मुख्य विषय क्षेत्रीय सुरक्षा था।

### वियतनाम में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 41 हुई

**हनोई।** मध्य वियतनाम में मूसलाधार बारिश और बाढ़ के कारण 41 लोगों की मौत हो गई है जबकि नौ अन्य लोग लापता हैं। स्थानीय दैनिक वीएन एक्सप्रेस ने गुरुवार रात वियतनाम आपदा और डाइक प्रबंधन प्राधिकरण के हवाले से यह जानकारी दी। प्राधिकरण के मुताबिक बाढ़ से 167 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं और 52000 से अधिक जलमग्न हो गए हैं, जबकि 13000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में खड़ी फसलें नष्ट हो गई है, लगभग 2100 हेक्टेयर पेड़, 88 हेक्टेयर जलीय कृषि तथा 30,700 से अधिक पशुधन नष्ट हो गए हैं।

# चीन-जापान तनाव से इंडियन सी-फूड की डिमांड बढ़ी

## अमेरिकी टैरिफ झेल रहे एक्सपोर्टर्स के शेयर 10 प्रतिशत तक चढ़े, भारत के लिए नया बाजार राहत की उम्मीद

**नई दिल्ली।** चीन और जापान के बीच ताइवान को लेकर बढ़ते तनाव का सीधा फायदा भारत को मिल रहा है। चीन ने बुधवार को जापान से आने वाले सभी सीफूड (जैसे- मछली, झींगा) पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बाद भारतीय सीफूड निर्यातकों के शेयरों में तेज उछाल देखने को मिला। चीन के इस फैसले से उसके बाजार में सीफूड की कमी का खतरा पैदा हो गया है।



■ चीन के इस फैसले से उसके बाजार में सीफूड की कमी का खतरा पैदा हो गया
■ एक और सीफूड कंपनी कोस्टल कारपोरेशन के शेयर भी 5 प्रतिशत बढ़े

इसे पूरा करने के लिए वह भारत जैसे देशों की तरफ तेजी से रुख कर रहा है। इसके चलते भारतीय सीफूड कंपनियों के शेयरों में तेजी आई है। तेलंगाना की अवंती फीड्स के शेयर करीब 10 प्रतिशत तक चढ़ गए। यह कंपनी के शेयर में पिछले दो महीनों में सबसे बड़ी बढ़त है। वहीं एक और सीफूड कंपनी कोस्टल कारपोरेशन के शेयर भी 5 प्रतिशत बढ़े। कंपनी ने अप्रैल में कहा था कि वह चीन को निर्यात बढ़ाएगी। चीन और जापान के बीच विवाद की वजह जापानी पीएम साने ताकाइची का एक बयान है। दरअसल ताकाइची ने 7 नवम्बर को कहा कि अगर चीन ने ताइवान पर हमला किया तो जापान मदद के लिए अपनी सेना भेजेगा। चीन ने इस बयान को बेहद गैर-जिम्मेदार और उकसाने वाला बताया। इसके अगले ही दिन विवाद और बढ़ गया जब जापान में चीन के काउंसल जनरल शुए जियान ने एक्स पर लिखा कि वह इस मामले में दखल देने वाले की गर्दन काट देंगे।

इसके बाद दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजदूतों को तलब किया। चीन ने अपने नागरिकों को जापान न जाने के लिए आगाह किया है और चेतावनी दी है कि वहां जाने पर उन्हें खतरे का सामना करना पड़ सकता है। पीएम साने ताक. इची ने जापानी संसद में 7 नवम्बर को दिए अपने पहले ही संबोधन में ताइवान का समर्थन किया था। भारत के लिए चीन के बाजार का मौका ऐसे समय आया है जब अमेरिका ने भारतीय सीफूड पर 50 प्रतिशत तक का टैक्स लगा रखा है। इससे अमेरिका भेजे जाने वाले भारतीय सीफूड निर्यात में अक्टूबर में 9 प्रतिशत की गिरावट हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन, वियतनाम और थाईलैंड को भारत का निर्यात बढ़ा है। भारत ने पिछले वित्त वर्ष में 7.4 बिलियन डालर यानी लगभग 61 हजार करोड़ रुपये का सीफूड निर्यात किया था। ज्यादातर निर्यात फ्रोजन श्रिम्प (झींगा) और फ्रोजन फिश का था। अमेरिका अभी भी भारत का सबसे बड़ा सीफूड बाजार है। वालमार्ट और क्रोगर जैसे बड़े अमेरिकी रिटेलर भारतीय उत्पाद खरीदते हैं। 2023-24 में भारत ने 17.81 लाख टन सीफूड दुनिया के बड़े बाजारों अमेरिका, यूरोप, ब्रिटेन और चीन को भेजा था। जापान के लिए चीन के बाजार का बंद होना बड़े झटके जैसा है। जापान अपने कुल सीफूड निर्यात का 20-25 प्रतिशत सीफूड चीन को करता है। चीन जापानी निर्यातकों के लिए सबसे बड़ा बाजार है। हालांकि उसके कुल निर्यात में सीफूड का हिस्सा 1 प्रतिशत है। हाल ही में दो साल के अंतराल के बाद जापान ने चीन को सीफूड निर्यात दोबारा शुरू किया था। चीन ने 2023 में जापान से आने वाले सीफूड पर बैन लगा दिया था। एनएचके की रिपोर्ट के मुताबिक यह प्रतिबंध फुकुशिमा न्यूक्लियर प्लांट से समुद्र में छोड़े गए पानी की वजह से लगाया था। नए प्रतिबंध से जापानी कंपनियों को भारी नुकसान की आशंका है। चीन के सरकारी मीडिया का कहना है कि जापान ताइवान मुद्दे में बेवजह दखल दे रहा है और ऐसा करके खुद अपने देश को खतरे में डाल रहा है। एक न्यूज एडिटोरियल में यह भी लिखा गया कि अगर जापान की सेना ने इस मामले में दखल दिया तो पूरे क्षेत्र को नुकसान झेलना पड़ेगा। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, जबकि जापान और अमेरिका ताइवान को स्वतंत्र देश की तरह मान्यता तो नहीं देते, लेकिन अमेरिका उसकी सुरक्षा में मदद करता है और उस पर किसी भी जबरन कब्जे का विरोध करता है। ताइवान जापान से सिर्फ 110 किलोमीटर दूर है। ताइवान के आसपास का समुद्री क्षेत्र जापान के लिए बेहद अहम है, क्योंकि यह उसका एक महत्त्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्ग है।

## ऊर्जा सुरक्षा के लिए वैश्विक कार्रवाई का आह्वान

**इलरू।** छोटे द्वीपीय विकासशील देशों की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए समन्वित वैश्विक प्रयासों का आह्वान करते हुए केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सौर ऊर्जा को परिवर्तन और सामाजिक क्रांति का एक उपकरण बताया। अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) एसआईडीएस के उच्च-स्तरीय मंत्रिस्तरीय नेतृत्व सत्र में बोलते हुए यादव ने आईएसए के जरिये द्वीपीय देशों को भारत के समर्थन की पुष्टि की और स्वच्छ ऊर्जा में देश के तेज विस्तार के संकेत दिए। संयुक्त राष्ट्र कॉप-30 के दौरान उच्च-स्तरीय मंत्रिस्तरीय नेतृत्व सत्र में छोटे द्वीपीय विकासशील राज्य (एसआईडीएस) और आईएसए के सदस्य देशों के मंत्री तथा वरिष्ठ प्रतिनिधि एक साथ दिखे। यादव ने कहा, एसआईडीएस आयातित जीवाश्म ईंधन पर अपनी निर्भरता, जलवायु संबंधी बाधाओं और नाजुक बुनियादी ढांचे के कारण अद्वितीय कमजोरियों का सामना करते हैं। उन्होंने सस्ती, स्वच्छ और लचीली ऊर्जा प्रणालियों को बढ़ाने के लिए सामूहिक कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया। भारत के मुताबिक, साझा क्रेडिटिंग तंत्र (जेसीएम) वैश्विक स्तर पर न्यायसंगत एवं व्यापक जलवायु कार्रवाई को आगे बढ़ाने का अहम साधन बनकर उभरा है।

## जॉनसन की लापरवाही से कोविड में 23 हजार मौतें ज्यादा हुई

**लंदन।** ब्रिटेन की कोविड जांच रिपोर्ट में सामने आया है कि पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जानसन की देर से लिए गए फैसलों की वजह से देश में 23000 अतिरिक्त मौतें हुईं। रिपोर्ट के मुताबिक जानसन शुरू में वायरस की गंभीरता को समझ ही नहीं पाए और लाकडाउन लगाने में देरी करते रहे। रिपोर्ट की चेयरपर्सन, पूर्व जज हीथर हैलेट ने कहा कि महामारी के दौरान सरकार में टाक्सिक और अराजक माहौल था। जानसन लगातार फैसले बदलते थे और कई अहम सुझाव नजरअंदाज किए गए। जांच में यह भी पाया गया कि अगर ब्रिटेन ने एक हफ्ता पहले यानी 16 मार्च 2020 को लाकडाउन लगाया होता, तो पहली लहर में मौतों की संख्या 48 प्रतिशत कम हो सकती थी। कोविड काल में जानसन सरकार पर कई आरोप लगे, जिनमें डाउनिंग स्ट्रीट में पार्टियां करने और लाकडाउन नियम तोड़ने के मामले भी शामिल थे। इसी दौरान स्वास्थ्य मंत्री मैट हैनकाक और मुख्य सलाहकार डामिनिक कमींग्स के आचरण पर भी गंभीर सवाल उठे। रिपोर्ट में भविष्य की महामारी से निपटने के लिए 19 सिफारिशें भी दी गई हैं।

# मोदी जी-20 में शामिल होने साउथ अफ्रीका पहुंचे

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प शामिल नहीं होंगे, राजदूत भेजेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी शुक्रवार को 3 दिन के दौरे पर साउथ अफ्रीका पहुंचे। वे जोहान्सबर्ग में होने वाले जी-20 देशों के 20वें शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस बार की जी-20 मीटिंग साउथ अफ्रीका की मेजबानी में हो रही है। पीएम मोदी 21 से 23 नवम्बर तक साउथ अफ्रीका में रहेंगे।



■ पहले बायकाट का ऐलान किया था

विदेश मंत्रालय के मुताबिक प्रधानमंत्री तीन मुख्य सेशंस में बोलेंगे। समिट के दौरान पीएम मोदी कई देशों के नेताओं से अलग-अलग मुलाकात भी करेंगे। इसके अलावा वे इंडिया-ब्राजील-साउथ अफ्रीका (आईबीएसए) देशों की बैठक में भी शामिल होंगे। यह मोदी की दक्षिण अफ्रीका की चौथी आधिकारिक यात्रा है। इससे पहले 2016 में द्विपक्षीय यात्रा और उसके बाद 2018 और 2023 में दो ब्रिक्स शिखर सम्मेलनों के लिए मोदी गए थे। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जी-20 समिट में भाग नहीं ले रहे हैं। एक दिन पहले ट्रम्प ने अपने रुख में बदलाव करते हुए साउथ अफ्रीका में अपने कार्यवाहक राजदूत मार्क डी. डिलार्ड को भेजने का ऐलान किया है। रवाना होने से पहले मोदी ने स्टेटमेंट जारी कर कहा-मैं दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में जोहान्सबर्ग में हो रहे 20वें जी-20 समिट में भाग लेने के लिए 21-23 नवम्बर तक की यात्रा पर जा रहा हूं। यह यात्रा दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के निमंत्रण पर हो रही है। मोदी ने आगे बताया कि, यह समिट खास होगा क्योंकि यह अफ्रीका में आयोजित होने वाला पहला जी-20 शिखर सम्मेलन होगा। 2023 में भारत की जी-20 की अध्यक्षता के दौरान, अफ्रीकी यूनियन जी-20 का सदस्य बन चुका था। मोदी ने कहा-यह शिखर सम्मेलन प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर चर्चा का एक अवसर होगा।

# 27वें संशोधन के खिलाफ हाईकोर्ट के चार जज

## पाकः आसिम मुनीर को ज्यादा शक्तियां देने वाले कानून को चुनौती देने की इजाजत नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को ज्यादा शक्तियां प्रदान करने वाले संविधान के 27वें संशोधन पर सुप्रीम कोर्ट के बाद देश की हाईकोर्ट के जजों ने भी आपत्ति जताई है। बताया गया है कि इस्लामाबाद हाईकोर्ट के चार जज शहबाज शरीफ सरकार की तरफ से लाए गए 27वें संविधान संशोधन को चुनौती देना चाहते थे, हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने ही इन जजों को इजाजत नहीं दी और इन सभी को हाल ही में बनाए गए संघीय संविधान अदालत (एफसीसी) जाने के निर्देश दिए।



पाकिस्तान में एक हफ्ते पहले ही संविधान के 27वें संशोधन को अंजाम दिया गया। संसद के दोनों सदनों में इसे मंजूरी मिलने के बाद अब देश में 'चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज' के नए पद के सृजन हुआ है। इसके अलावा फील्ड मार्शल को आजीवन पद पर बने रहने देने की शक्तियां मिल गई हैं। दूसरी तरफ सांविधानिक अदालत की स्थापना का भी प्रावधान किया गया है। इस कानून के अस्तित्व में आने के बाद से फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की शक्तियों में इजाफा हो गया है व अब आजीवन फील्ड मार्शल बने रहेंगे। यहां तक कि सेवानिवृत्ति के बाद भी वे रक्षा मामलों में सरकार के सलाहकार के तौर पर भूमिका निभाते रहेंगे और उन्हें किसी भी मामले में संरक्षण (इम्युनिटी) दी गई है। पाकिस्तान के अखबार द डॉन की खबर के मुताबिक, इस्लामाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस मोहसिन अख्तर कयानी, जस्टिस बाबर सत्तार, जस्टिस सरदार एजाज इशाक खान और जस्टिस समन रिफत इम्तियाज ने संविधान के अनुच्छेद 184(3) के तहत अपनी आपत्तियां सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री को भेजी थीं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को स्वीकार नहीं किया, क्योंकि जिस अनुच्छेद 184(3) के तहत सर्वोच्च न्यायालय पहले मौलिक अधिकारों को लागू कराने की जिम्मेदारी लेता था, उससे अब वह शक्तियां ही छीन ली गई हैं। द डॉन के सूत्रों के मुताबिक, यह सभी जज सुप्रीम कोर्ट के सामने निजी तौर पर याचिका के साथ पेश नहीं हुए थे। न ही इनमें से किसी ने भी अपना बायोमेट्रिक सत्यापन कराया था। हालांकि, वे संविधान के 27वें संशोधन को लेकर लंबे समय से चिंता जताते आ रहे थे और इसे पहले से तय न्यायिक स्वतंत्रता की प्रणाली को तोड़ने की बढ़ी हुई कोशिशें करार दे रहे थे। इन जजों का आरोप था कि संविधान के 26वें संशोधन से ही न्यापालिका की स्वतंत्रता को छीनने की कोशिश की जा रही थी।

# यूक्रेन जंग रोकने ट्रम्प का 28 पॉइंट का प्रपोजल आया

## जेलेंस्की को अपनी जमीन छोड़नी होगी, सेना भी घटानी होगी, बदले में मिलेगी सुरक्षा गारंटी

**कीव/मास्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस-यूक्रेन जंग को खत्म करने के लिए 28-सूत्रीय शांति फ्रेमवर्क तैयार किया है। यह फ्रेमवर्क अमेरिकी सेना सचिव डैन ड्रिस्कॉल के यूक्रेन यात्रा के दौरान सामने आया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार , इसमें यूक्रेनी सुरक्षा गारंटियों का जिक्र है, लेकिन साथ ही यूक्रेन से जमीन छोड़ने, सेना की संख्या कम करने और नाटो को यूक्रेन में सैनिक भेजने से रोकने की भी मांग की गई है।



■ रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भी ऐसी किसी शांति योजना के बारे में जानकारी होने से इन्कार किया

अमेरिका ने अभी तक इसकी आधिका. रिक घोषणा नहीं की है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भी ऐसी किसी शांति योजना के बारे में जानक. ारी होने से इनकार किया है। वहीं, जेलेंस्कीं ने इस प्रस्ताव को लेकर शुरुआती सहमति जताई है। हालांकि, कई अमेरिकी समाचार आउटलेट्स ने सूत्र के हवाले से इसकी पुष्टि की है। अमेरिकी डिजिटल समाचार आउटलेट एक्सियोस और ब्रिटेन के फाइनेंशियल टाइम्स ने बुधवार को सबसे पहले इस योजना के बारे में बताया। ट्रम्प और जेलेंस्की ने 17 अक्टूबर को व्हाइट हाउस में बंद कमरे में मुलाकात की थी। ट्रम्प प्रशासन ने साफ किया है कि, दोनों पक्षों को समझौते करने होंगे। 'पीबीएस न्यूज आवर' मीडिया को मिले 28-सूत्रीय योजना के मुता. बिक इस फ्रेमवर्क में न केवल यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी शामिल है, बल्कि रूस की लंबे समय से चली आ रही मांगे भी शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि, यूक्रेन को अपनी सेना का आकार सीमित करना होगा। नाटो को यूक्रेन में कोई भी सैनिक भेजने की अनुमति नहीं होगी। यूक्रेन को डोनेट्स्क क्षेत्र का वह हिस्सा छोड़ना होगा जिस पर उसका अभी भी नियंत्रण है और जिस पर रूस 11 साल के ब के बावजूद कब्जा नहीं कर पाया है। उस क्षेत्र को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रूसी क्षेत्र के रूप में मान्यता दी जाएगी। इससे रूस को पूरे डोनबास इलाके पर नियंत्रण मिल जाएगा। इसके बाद अमेरिका डोनबास, क्रीमिया और जापोरिज्जिया और खेरसॉन के कब्जे वाले हिस्सों को वास्तविक रूसी क्षेत्र के रूप में मान्यता देगा। इसके अलावा, नाटो भविष्य में यूक्रेन को शामिल नहीं करेगा। अमेरिका रूस पर लगे प्रतिबंधों को चरणबद्ध तरीके से और हर मामले के आधार पर हटाएगा। प्लान के मुताबिक दोनों पक्षों को उनका हरकतों के लिए माफी दी जाएगी।

## ईरान के खिलाफ नए अमेरिकी प्रतिबंधों का ऐलान

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने गुरुवार को ईरान के खिलाफ नए प्रतिबंधों की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य ईरान के अवैध पेट्रोलियम, शिपिंग और विमानन नेटवर्क को ध्वस्त करना है, जो देश की सेना और क्षेत्रीय छद्म ताकतों को धन मुहैया कराते हैं। विदेश एवं वित्त विभागों ने एक समन्वित कार्रवाई में, भारत, पनामा, संयुक्त अरब अमीरात, सेशेल्स और जर्मनी सहित कई देशों की दर्जनों कंपनियों, व्यक्तियों, जहाजों और विमानों पर प्रतिबंध लगाया, जिन पर कथित रूप से तेहरान को प्रतिबंधित तेल और पेट्रोलियम उत्पादों को ले जाने और बेचने में मदद करने का आरोप है। विदेश विभाग ने कहा कि उसने 17 संस्थाओं, व्यक्तियों और जहाजों पर प्रतिबंध लगाया है जबकि वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने 41 अतिरिक्त लक्ष्यों पर प्रतिबंध लगाया है, जिससे ईरानी राजस्व स्रोतों को रोकने वाले अमेरिका के अभियान में तेजी आई है। वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट ने कहा कि इन उपायों का उद्देश्य ईरानी शासन के परमाणु हथियारों के विकास और आतंकवादी संगठनों को समर्थन के लिए वित्त पोषण को रोकना है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108